राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार , 20 मई 2026
वर्ष 07, अंक 224, पृष्ठ 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बस्ती जिले के भ्रष्टाचार के महारथी अंगद की तरह पाव जमाए..02

महानिदेशक स्कूल शिक्षा का आदेश नही मानते बस्ती के बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी...11

## सुप्रीम कोर्ट में हिरासत में यातना का मुद्दा गूंजा

- SC ने नोएडा प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार लोगों पर क्या कहा
- सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में मजदूरों के एक प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए दो प्रदर्शनकारियों के कथित तौर पर पुलिस हिरासत में टॉर्चर किए जाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई की
- सीनियर एडवोकेट कॉलिन गोंसाल्वेस ने कोर्ट में दलील दी कि, पुलिस द्वारा कथित टॉर्चर को देखते हुए, उन्हें डर है कि पुलिस उनके मुवक्किलों की और हिरासत मांग सकती है।



सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में मजदूरों के एक प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए दो प्रदर्शनकारियों के कथित तौर पर पुलिस हिरासत में टॉर्चर किए जाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई की. जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन/भुयान की बेंच ने निर्देश दिया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट के सामने पेश किया जाए, जिसके बाद कोर्ट ने उनसे सीधे बातचीत की। सुनवाई के दौरान, आरोपियों में से एक ने कोर्ट को बताया कि पुलिस हिरासत में रहते हुए उसे टॉर्चर किया गया था. इस पर जवाब देते हुए, जस्टिस नागरत्ना ने पूछा कि क्या दोनों व्यक्ति इस समय न्यायिक हिरासत में हैं, और टिप्पणी की कि यह याचिका अब असल में एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में बदल गई है।

सीनियर एडवोकेट कॉलिन गोंसाल्वेस ने कोर्ट में दलील दी कि, पुलिस द्वारा कथित टॉर्चर को देखते हुए, उन्हें डर है कि पुलिस उनके मुवक्किलों की और हिरासत मांग सकती है. उन्होंने तर्क दिया कि, हालांकि उनके मुवक्किलों से पूछताछ की जा सकती है, लेकिन उन्हें पुलिस हिरासत में नहीं भेजा जाना चाहिए।

### सरकारी वकील ने कोर्ट में क्या कहा?

सरकार की ओर से पेश होते हुए, एडवोकेट नटराज ने कहा कि जब्त की गई सभी चीजें विधिवत मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दी गई हैं. कार्यवाही के दौरान, जस्टिस भुइयां ने पूछा कि क्या आरोपियों ने जमानत के लिए अर्जी दी है. जवाब में गोंसाल्वेस ने कहा कि जमानत याचिका दायर की गई थी; हालांकि, हरियाणा पुलिस और उसके बाद यूपी पुलिस उन्हें तुरंत हिरासत में लेने की कोशिश कर रही थी. जब कोर्ट ने पूछा कि क्या यह उसी अपराध से जुड़ा है, तो गोंसाल्वेस ने साफ किया कि दोनों व्यक्ति केवल नोएडा में मौजूद थे।

### मजदूरों के साथ ऐसा बर्ताव नहीं किया जाए

इस दौरान जस्टिस नागरत्ना ने टिप्पणी की, 'कानून को अपना काम करने देना चाहिए' हालांकि, गोंसाल्वेस ने साफ किया कि वे इस समय जमानत नहीं मांग रहे थे, बल्कि पुलिस हिरासत में भेजे जाने से सुरक्षा मांग रहे थे. सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि 'हर नागरिक को गरिमा के साथ जीने का अधिकार है.' इसके बाद, कोर्ट ने टिप्पणी की कि मजदूरों के साथ ऐसा बर्ताव नहीं किया जाना चाहिए।

### कॉलिन गोंसाल्वेस ने की सीबीआई जांच की मांग

हालांकि एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति मजदूर नहीं थे, फिर भी उन्होंने माना कि 'हर इंसान के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए,' और कोर्ट को भरोसा दिलाया कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी. गोंसाल्वेस ने कोर्ट को बताया कि उनके मुवक्किल को आधी रात को उठा लिया गया था और वकीलों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था. उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत परिसर के बाहर से छह वकीलों को हिरासत में लिया गया और उन्हें किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया. उन्होंने इस मामले में एक स्वतंत्र जांच के साथ-साथ सीबीआई जांच की भी मांग की।

### आरोपियों की न्यायिक हिरासत रहेगी जारी

सुनवाई के अंत में, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत तब तक जारी रहेगी जब तक इस मामले पर आगे विचार नहीं कर लिया जाता. इस बीच, वकील शाहरुख आलम ने अदालत को बताया कि एक पत्रकार की गिरफ्तारी के बाद, गिरफ्तारियों का सिलसिला शुरू हो गया है, और 12 मई को उस पत्रकार के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) की धारा 3 के तहत निवारक हिरासत का आदेश जारी किया गया था। जस्टिस नागरत्ना ने पूछा कि क्या हिरासत के आदेश को चुनौती दी गई है. इसके जवाब में, एएस जी ने बताया कि इस मामले के संबंध में इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक Habeas Corpus याचिका दायर की गई है. आलम ने स्पष्ट किया कि याचिका शुरू में हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ के समक्ष दायर की गई थी, लेकिन उन्हें इलाहाबाद जाने का निर्देश दिया गया था।

## यमुना बाजार में रह रहे 310 से ज्यादा परिवारों को कोर्ट से नहीं मिली राहत

- तोड़फोड़ पर रोक लगाने से किया इनकार
- दिल्ली हाई कोर्ट ने यमुना बाजार में रहने वाले 310 से अधिक परिवारों को राहत देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने बेदखली और तोड़फोड़ पर रोक लगाने से मना कर दिया
- याचिका एसोसिएशन ने दायर की थी, लेकिन सदस्यों का सही प्राधिकरण न होने के कारण कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया हैं




दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को यमुना बाजार इलाके में रह रहे 300 से ज़्यादा परिवारों को जारी किए गए बेदखली नोटिस को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने यमुना बाजार में 310 से ज़्यादा परिवारों को प्रभावित करने वाली तोड़फोड़ पर रोक लगाने से मना कर दिया. जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने याचिकाकर्ता, यमुना बाजार रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की प्रस्तावित तोड़फोड़ की कार्रवाई पर 1 हफ्ते के लिए रोक लगाने की अर्जी को भी नामंजूर कर दिया है. याचिकाकर्ता ने कहा था कि कल तोड़फोड़ शुरू होने की संभावना है।

कोर्ट ने कहा कि याचिका एक एसोसिएशन ने दायर की थी, लेकिन उसके सदस्यों से सही ऑथराइजेशन और नतीजों को भुगतने के लिए उनके बाइंडिंग एफिडेविट की कमी थी. कोर्ट ने कहा कि यह कोर्ट रिट याचिका पर सुनवाई नहीं करना चाहता. यह कोई PIL नहीं है और इसे स्थानीय निवासियों के कहने पर एसोसिएशन ने दायर किया है. ऑथराइजेशन के बिना, याचिका मेंटेनेबल नहीं है। वे निवासियों की ऑथराइजेशन के साथ सही याचिका दायर करने के लिए आजाद हैं।

### रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने फाइल की थी याचिका

यमुना बाजार रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से दायर याचिका में डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट, 2005 के तहत जारी किए गए डेमोलिशन नोटिस को रद्द करने और प्रस्तावित कार्रवाई के खिलाफ अंतरिम सुरक्षा की मांग की गई थी. याचिकाकर्ता ने दलील दी कि यह कार्रवाई मनमानी थी और यमुना के डूब वाले मैदानों में आपदा के खतरे के बेबुनियाद दावों पर आधारित थी. याचिका में कहा गया कि यह कार्रवाई पूरी तरह से मनमानी, गैर-संवैधानिक और भारत के संविधान के आर्टिकल 14, 19, 21 और 25 का उल्लंघन है. क्योंकि प्रतिवादियों ने यमुना घाटों की पुरानी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्किटेक्चरल पहचान और वहां पीढ़ियों से रह रहे पंडा समुदायों पर विचार किए बिना, पूरी ऐतिहासिक बस्ती को जानबूझकर 'गैर-कानूनी अतिक्रमण क्लस्टर' मान लिया है। '

### ओ-ज़ोन में आता है क्षेत्र

यमुना बाजार इलाका दिल्ली के इकोलॉजिकली सेंसिटिव ओ-ज़ोन में यमुना के डूब वाले मैदान में आता है, जहां हर साल बाढ़ आने से बार-बार खतरा रहता है. अधिकारियों ने बेदखली को सही ठहराया क्योंकि बार-बार बाढ़ आने से हर साल वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगह पर बसाना मुश्किल हो जाता है।

उन्होंने इस मुद्दे के बारे में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों का भी हवाला दिया. लेकिन, पिटीशनर-ऑर्गनाइज़ेशन ने दलील दी कि तोड़-फोड़ की कार्रवाई दिल्ली के मास्टर प्लान 2041 के हिसाब से नहीं है, जो यमुना रिवर फ्रंट को एक इको-कल्चरल जोन मानता है, जिसके लिए हेरिटेज-सेंसिटिव डेवलपमेंट की जरूरत है।

याचिका में कहा गया कि अधिकारियों ने एक मैकेनिकल, एक ही तरीका अपनाया है. जिसमें पर्यावरण की चिंताओं को ऐतिहासिक निरंतरता, कल्चरल बचाव और प्रभावित समुदायों के अधिकारों के साथ बैलेंस करने की जरूरत को नजरअंदाज किया गया है. याचिका में तोड़-फोड़ के कल्चरल और धार्मिक असर पर भी जोर दिया गया और चेतावनी दी गई कि इस काम से न सिर्फ रहने वाले बेघर होंगे, बल्कि यमुना रिवर फ्रंट से जुड़ा एक लंबे समय से चला आ रहा सामाजिक-धार्मिक इकोसिस्टम भी खत्म हो जाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आगरा से कैलादेवी जा रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार, बस और स्कॉर्पियो में हुई भिड़ंत; सात घायल



**धौलपुर।** राजस्थान के धौलपुर में सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को धौलपुर-करौली हाईवे पर चांदपुर गांव के पास एक बस और स्कॉर्पियो की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार एक ही परिवार के छह लोगों सहित कुल सात लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो सवार छह सदस्यीय परिवार आगरा के सिकंदरा नगर क्षेत्र से कैला देवी माता के दर्शन करने जा रहा था, तभी चांदपुर गांव के पास यह हादसा हो गया। हादसे में घायल हुए लोगों में आगरा निवासी सत्यवती, अर्पिता, अवनी, रामकुमार, रवि, रूबी और मत्सुरा धौलपुर निवासी नीरज घायल हैं। जिला अस्पताल धौलपुर के पीएमओ डॉ. समरवीर सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों की टीम ने घायलों का तुरंत उपचार शुरू किया। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें चिकित्सकों की विशेष निगरानी में रखा गया है। हॉस्पिटल चौकी प्रभारी प्रेम सिंह एएसआई ने बताया कि हादसे में सात लोग घायल हुए हैं। जिनमें से छह आगरा के और एक धौलपुर का निवासी है।

### 'लुटेरी दुल्हन' बिहार से गिरफ्तार

**अलीगढ़।** करवाचौथ पर पति व अन्य स्वजन को बेहोश कर फरार हुई लुटेरी दुल्हन को सासनी गेट पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। सासनीगेट व इगलास क्षेत्र में एक ही रात में इस तरह की कई घटनाएं हुई थीं। महिलाएं अपने पतियों को बेहोश कर नकदी व जेवर लूट ले गई थीं। सासनी गेट थाने में इस मामले की रिपोर्ट प्रतीक शर्मा ने दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि उसकी शादी बिहार की शोभा नाम की युवती से हुई थी। करवा चौथ वाली रात महिला स्वजन को बेहोश कर नकदी व जेवर लूट ले गई। 10 मई 2025 को इस घटना की जांच एसएसआइ अवेध कुमार कर रहे थे। जांच के आधार पर पुलिस ने फरार अभियुक्ता रोहताश (बिहार) के थाना डालमिया नगर क्षेत्र के पुनिवासी वार्ड नंबर-10, वसावन पथ, डालमियां नगर निवासी शोभा को बिहार से गिरफ्तार कर लिया।

## मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर, जिम्मेदार बेखबर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है। इसे जिम्मेदारों की मिलीभगत समझी जाए या फिर लापरवाही। नौगढ़ तहसील क्षेत्र के कई गांवों में खनन माफिया धरती का सीना चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। इन दिनों तहसील क्षेत्र अंतर्गत मिट्टी खनन का कार्य जोरों पर है।खनन माफिया धरती का सीना चीर रहे हैं। जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। इस समस्या पर लगाम लगाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी संजीदा दिखाई नहीं देते। जिससे खनन माफियाओं का अवैध धंधा खूब फल-फूल रहा है। लोगों का आरोप है कि खनन माफिया तहसील प्रशासन और पुलिस के सह पर धंधा कर रहे हैं।नौगढ़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत बेरोकटोक खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। नौगढ़ तहसील के बर्डपुर क्षेत्र में अवैध खनन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि 'स्वतंत्र प्रभात' नहीं करता है शासन व प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का करोबार किया जा रहा है और खनन विभाग को इसकी भनक तक भी नहीं है या यह कहे कि उनकी सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है। इस कारोबार से जहां खनन माफिया मालामाल हो रहे हैं, वहीं हर महीने सरकार को लाखों के राजस्व की भी हानि हो रही है। अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन का गोरखधंधा बेरोकटोक चल रहा है।

कानून महज कागजों में दर्ज हैं। जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मिट्टी खनन के खेल में लिप्त माफियाओं और दबंगों से लेकर सफेदपोश हस्तियों के हाथ में है। कोई इसका विरोध नहीं कर सकता। नौगढ़ तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग




का डर नहीं है। इसे जिम्मेदारों की मिलीभगत समझी जाए या फिर लापरवाही।

नौगढ़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत बेरोकटोक खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।शासन व प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का करोबार किया जा रहा है और खनन विभाग को इसकी भनक तक भी नहीं है या यह कहे कि उनकी सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है। इस कारोबार से जहां खनन माफिया मालामाल हो रहे हैं, वहीं हर महीने सरकार को लाखों के राजस्व की भी हानि हो रही है।

### सात साल बड़ी युवती बना रही थी शादी का दबाव, तंग आकर सिपाही के बेटे ने गोली मारकर दे दी जान

**अलीगढ़।** सात साल बड़ी युवती के शादी का दबाव बनाने के चलते हेड कांस्टेबल का बेटा इतना तनाव में आ गया कि उसने तमंचा से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह क्वार्सी क्षेत्र गांव चिलकौरा में हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मूल रूप से एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव राजा का रामपुर निवासी अनिल कुमार पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल पद पर तैनात हैं। वह परिवार सहित क्वार्सी क्षेत्र की चंद्र सिटी कालोनी में रहते हैं। उनके छोटे बेटे 22 वर्षीय विशेष कुमार ने बीए करने के बाद स्वर्ण जयंती नगर में कंप्यूटर कोर्स में प्रवेश लिया था। मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे विशेष कुमार ने कमरे में तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर मां स्नेहलता और अन्य परिजन कमरे में पहुंचे तो युवक खून से लथपथ पड़ा मिला। घटना के बाद हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने खुद पुलिस को सूचना दी। मृतक की मां के अनुसार एक माह पहले विशेष कुमार बीएस की परीक्षा देने के ट्रेन से मुरादाबाद गया था।

## पानी की टंकी के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा गोरखपुर:** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत गंगटही में जल जीवन मिशन के तहत निर्माण कराए जा रहे पानी की टंकी के निर्माण में किए जा रहे अनियमितता को लेकर करीब दो दर्जन की संख्या में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के साथ ठेकेदार पर कारवाई करने की मांग किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सिद्धनाथ सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। निर्माण कार्य में जो ईट का प्रयोग हो रहा है वह पूरी तरह पीली ईट है। आरसीसी ढलाई में मानक के विपरीत सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

इंटरलॉकिंग निर्माण में नीचे केवल सादा बालू डाला गया है। ठेकेदार निजी सीमेंट का प्रयोग करा रहा है। रास्ते को जगह जगह खोद कर छोड़ दिया गया। जिसमें गिर कर ग्रामीण चोटिल हो रहे है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग



किया है कि पानी टंकी निर्माण में हो रहे धांधली को रोकने के साथ जांच कराकर ठेकेदार पर कारवाई कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में अवर अभियंता मोनू सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की धांधली नहीं होने पायेगी। मौके पर पहुंच कर जो कमी होगी उसे ठीक कराएंगे। प्रदर्शन करने वालो में राम मणि सिंह, रणविजय सिंह, लालजी, शनिदेव, विनीत सिंह, विजय सिंह, विवेक कुमार, उमानाथ सिंह, दीनानाथ, राहुल पाण्डेय सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन को धमकी, दो महीने बाद कराया मुकदमा



**आगरा।** सपा से राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन को मोबाइल पर अज्ञात युवक द्वारा मैसेज करके जान से मारने की धमकी दी गई थी। उन्होंने मामले की शिकायत डीजीपी से की थी। मामले में हरीपर्वत थाने में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन ने बताया कि पांच मार्च की सुबह 11:21 और 11:22 बजे अज्ञात नंबर से वीडियो और मैसेज भेजा गया। जिसमें एक युवक अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पिछड़ों और मजबूरों की आवाज उठाने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। उक्त नंबर से पहले भी उन्हे वाट्सएप काल और संदेश भेजकर धमकाया जा चुका था। उन्होंने धमकी देने वाले की वाट्सएप डीपी और मैसेज के स्क्रीन शाट लेकर डीजीपी से शिकायत की थी। इंस्पेक्टर हरीपर्वत नीरज शर्मा ने बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित के बारे में पता किया जा रहा है।

## जल निगम की लापरवाही बनी जनता की मुसीबत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी 'हर घर जल योजना' का उद्देश्य शहर और गांवों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन ललितपुर शहर में यही योजना अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती दिखाई दे रही है। जल निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डो में पाइप लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है, मगर कार्य की धीमी गति और लापरवाही ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर के वार्ड नंबर 12 में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सड़क पर कई महीनों से खुदे पड़े गड्ढों में वाहन फंस रहे हैं और लोगों का निकलना तक दूभर हो गया है। सबसे ताजा मामला उस समय सामने आया जब जल संस्थान का पानी से भरा टैंकर मोहल्ले में पानी सप्लाई करने पहुंचा और सड़क पर पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में उसका एक पहिया पूरी तरह धंस गया। टैंकर फंसने से सड़क पर लंबा जाम लग गया और मोहल्ले के लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जल निगम की लापरवाही का खामियाजा अब जल संस्थान और आम जनता दोनों को भुगतना पड़ रहा है।

**तीन से चार महीने से खुदी पड़ी हैं सड़कें** स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड नंबर 12 सहित शहर के कई हिस्सों में पाइप लाइन डालने के लिए सड़कें खोद दी गई थीं, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी उन्हें सही तरीके से नहीं भरा गया। कई जगहों पर गहरे गड्ढे खुले पड़े हैं, जिनमें आए दिन वाहन फंसते रहते हैं। बारिश या पानी भर जाने के कारण स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पिछले तीन से चार महीनों से सड़कें इसी हालत में पड़ी हुई हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। सड़कें उखड़ जाने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं।

**पानी सप्लाई करने पहुंचा टैंकर खुद फंसा** विडंबना यह रही कि जिन पाइप लाइनों के जरिए भविष्य में पानी सप्लाई की योजना बनाई जा रही है, उन्हीं के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी सप्लाई करने वाला टैंकर ही फंस गया। बताया जा रहा है कि जल संस्थान द्वारा मोहल्ले में पानी की आपूर्ति के लिए नियमित रूप से टैंकर भेजे जाते हैं, क्योंकि कई क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी हुई है। इसी दौरान वार्ड नंबर 12 में पहुंचा एक पानी का टैंकर सड़क पर बने बड़े गड्ढे में धंस गया। टैंकर का पिछला पहिया पूरी तरह गड्ढे में समा गया, जिससे वाहन आगे नहीं बढ़ सका। काफी देर तक चालक और स्थानीय लोग टैंकर निकालने की





कोशिश करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में दूसरे वाहन की मदद से टैंकर को बाहर निकाला गया। घटना के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई लोगों को रास्ता बदलकर जाना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत कर दी जाती तो ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती।

**हादसे का बना रहता है खतरा** मोहल्ले के लोगों का कहना है कि सड़क पर बने गहरे गड्ढे किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। रात के समय अंधेरे में दोपहिया वाहन चालक अक्सर गिर जाते हैं। कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पाइप लाइन डालने के बाद मानकों के अनुसार सड़क की मरम्मत नहीं की गई। कहीं मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया तो कहीं गड्ढों को खुला छोड़ दिया गया। भारी वाहन निकलते ही सड़क और धंस जाती है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि कार्य पूरा होने के तुरंत बाद सड़क को पहले जैसी स्थिति में कराया जाए, ताकि जनता को परेशानी न हो।

**विभागीय समन्वय की कमी आई सामने** इस पूरे मामले में जल निगम और जल संस्थान के बीच समन्वय की कमी भी साफ नजर आ रही है। एक ओर जल निगम पाइप लाइन बिछाने का कार्य कर रहा है, वहीं दूसरी ओर जल संस्थान को पानी सप्लाई के लिए उन्हीं खराब रास्तों से टैंकर भेजने पड़ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी केवल कागजों में काम पूरा दिखाने में लगे हैं, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यदि समय पर सड़क की मरम्मत और गड्ढों को भरने का कार्य किया जाता तो न तो टैंकर फंसता और न ही जनता को परेशानी होती।

**नागरिकों में बढ़ रहा आक्रोश** वार्ड नंबर 12 के निवासियों में प्रशासन और जल निगम के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर जनता को सिर्फ परेशानी दी जा रही है। कई बार शिकायतों के बावजूद अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत और गड्ढों को भरने का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**जिम्मेदार कौन?** सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जनता की परेशानियों के लिए जिम्मेदार कौन है? करोड़ों रुपये की लागत से चलाई जा रही योजनाओं में यदि गुणवत्ता और सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो विकास कार्य लोगों के लिए राहत के बजाय मुसीबत बन जाएंगे। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही शहर में जहां-जहां सड़कें खोदी गई हैं, वहां तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। फिलहाल वार्ड नंबर 12 की घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सरकारी योजनाओं की सफलता केवल घोषणा और बजट से नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और सही क्रियान्वयन से तय होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, महिला की मौत



**बस्ती।** बस्ती जिले में सोमवार सुबह तेज रफ्तार मुर्गी लदी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में पूजा के लिए फूल तोड़ रही 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान कलावती राजभर, पत्नी स्वर्गीय राम बहोर राजभर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह सुबह सड़क किनारे पूजा के लिए फूल तोड़ रही थीं, तभी अचानक तेज गति से आ रही पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और उसकी चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला का एक पैर शरीर से अलग हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को संभालते हुए घायल चालक प्रदीप गुप्ता, निवासी मखौड़ाधाम को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत में श्रीराम अस्पताल, अयोध्या रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बांदा में आसमानी आफत! 47.6 डिग्री पहुंचा पारा, अखिलेश यादव ने अवैध खनन को लेकर सरकार को घेरा; स्कूलों में छुट्टियां घोषित

**बांदा।** बांदा जिला सोमवार को 47.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश का सबसे गर्म जिला रहा। 13 किमी/घंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, जिसके चलते जिलाधिकारी ने कक्षा 8 तक के स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। इस बीच, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर बांदा की इस स्थिति के लिए भाजपा सरकार के संरक्षण में हो रहे अवैध खनन और पहाड़ों के दोहन को जिम्मेदार ठहराया है। एक बार फिर से जिला भीषण गर्मी की चपेट में आ गया है। लगातार बढ़ रहे तापमान के चलते आमजन जीवन प्रभावित होने लगा है। सुबह से घर से निकलने के लिए लोगों को कई बार सोचना पड़ रहा है। बांदा के देश और प्रदेश में सबसे गर्म होने के कारण यहां का आवागमन सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। कस्बे से शहर तक की दूरी तय करना मुश्किल हो रहा है। जिले में बीते कई दिनों से एक बार भीषण गर्मी की चपेट में आ जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन तक जिले के प्रदेश में सबसे अधिक गर्म होने के बाद सोमवार को भी आसमान से आग बरसती रही। रविवार का अधिकतम तापमान 46.4 व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से ही सूरज के तल्ख तेवर से लोग परेशान रहे। लू चलने के कारण सुबह से ही लोग अपने दैनिक कार्यों को निपटाते दिखे। 11 बजे से ही सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा।

### अमेठी के मुसाफिरखाना में अतिक्रमण पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** नगर की मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए मंगलवार को प्रशासन का डंडा चला। राजस्व विभाग, पुलिस व नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। मुख्य मार्ग के एक पटरी पर किए गए अवैध कब्जे को जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया। बुलडोजर की धमक से अवैध कब्जाधारकों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। नगर के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से पटरी दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने पक्के चबूतरे, टीन शेड एवं अस्थाई दुकानें सजाकर सड़क को संकरा कर दिया था, जिससे साप्ताहिक बाजार के दिन बाजार में भीषण जाम लग रहा था, यहां तक कि पैदल चलना भी दूभर हो चुका था। जनहित में मिली तमाम शिकायतों के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटवाया। किसी भी विरोध की आशंका से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा।अधिकारियों की मौजूदगी में जैसे ही जेसीबी ने अवैध निर्माणों को ढहाना शुरू किया, कई दुकानदार खुद ही अपना सामान समेटते नजर आए। प्रशासनिक मुस्तैदी के चलते अभियान शांतिपूर्ण ढंग से निपट गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा, नगर पंचायत के कर्मचारी व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि कार्रवाई के बाद सड़कों को दोबारा जाम नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने फिर से पटरी या सड़क पर सामान रखा या टीन शेड लगाया, तो सामान जब्त करने के साथ-साथ संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बस्ती जिले के भ्रष्टाचार के महारथी अंगद की तरह पाव जमाए

**» सच्चू पर विनय कुमार द्विवेदी कार्रवाई यों नहीं कर रहे आखिर निलंबन के बाद भी संदीप चौधरी पर इतनी मेहरबानी यों बहाल होते ही दे दिए 10 ग्राम पंचायतों का प्रभार.. बड़ा सवाल या सचिव संदीप चौधरी के रसूख के आगे बेबस हैं बी.डी.ओ हरैया विनय कुमार द्विवेदी।।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आजकल अनोखा कार्य विकास के लिए हो रहा है जिसको ना तो जिले की जिम्मेदार अधिकारी अमल कर रहे हैं और ना खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर कर रहे हैं विकास विभाग में मैं महीने में दुबौलिया विकासखंड में जेसीबी और टैक्टर से कार्य हो रहे हैं सबसे मजे की बात तो यह है कप्तानगंज विकासखंड में बिना कार्य कराए ही भुगतान लिया जा रहा है खंड विकास अधिकारी अपने ए सी रूम से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं सचिन फार्मर रजिस्ट्री के नाम पर अपने कार्य पूरा कर रहे हैं विकास के नाम पर मची लूट रुकने का नाम नहीं ले रहा है तालाब सफाई के नाम पर कई लाखों रुपए बर्बाद हो रहे हैं विकास जीरो और सरकारी धन की खपत करोड़ों में हो रही है मुख्यमंत्री के आदेशों को जिले के अधिकारी दरकिनार करके या तो लूटमची है और पुलिस विभाग द्वारा तो सरकार को बदनाम किया जा रहा है विकास के नाम पर लूट राजस्व विभाग द्वारा मनमानी कार्य करने से आम जनमानस परेशान है हरैया ब्लाक में नहीं चलता है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फरमान यहां पर सचिन मनमानी करते हुए बिना कार्य कराए बिना मजदूर लगाएं 80 से 50 से मजदूर लगाए जा रहे हैं लेकिन धरातल पर कार्य कोई नहीं हो रहा है कैसे होगा जिले का विकास लूट मचाने में कोई अधिकारी कसर नहीं छोड़ रहा है कैसे होगा जिले का विकास विकास के नाम पर लूट मची हुई है

चलता है फरमान तो सिर्फ हरैया ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत सचिवों काहरैया ब्लॉक में 88 ग्राम पंचायतों में बना मिनी सचिवालय सचिवों की मनमानी से हुआ बदहाल जनता सचिवों का इंतजार करते-करते दिन बीत जा रहा है लेकिन सचिवालय पर जिले के किसी विकासखंड में सचिन नहीं बैठ रहे हैं कैसे जनता की समस्याओं का हाल होगा खंड विकास अधिकारी अपने ए सी रूम से बाहर नहीं निकलते हैं मनमानी मजदूर लग रहे हैं जो की धरातल पर कुछ नहीं दिखाई दे रहा है ना तो किसी तालाब की सफाई हो रही है और ना ही मजदूर दिखाई दे रहे हैं कागज में 80 से 85 मजदूरों का मास्टर रोल जारी हो रहा है बी.डी.ओ विनय कुमार द्विवेदी सचिवों की




मनमानी के आगे है घुटने टेक दिए हैं क्योंकि भ्रष्टाचार का हिस्सा 40% इनको भी जाता है इसीलिए सचिव मनमानी करके और प्रधान की मिली भगत हो रही है लुट और लुट के हिस्से में खंड विकास अधिकारी हिस्सा लेते हैं कप्तानगंज के खंड विकास अधिकारी के कारनामे अजीबोगरीब है सचिन पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित होते हैं दबंग सचिव रजनी दुबे का भ्रष्टाचार पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन उपाध्याय जी खंड विकास अधिकारी 15 20 दिनों के मेहमान बचे हुए हैं लेकिन भ्रष्टाचार छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं वही हरैया ब्लाक के कई सालों से जमीन सचिव सबसे भ्रष्ट सचिव संदीप चौधरी लगभग 7 सालों से एक ही प्लांट पर लूट मचाई हैं इन पर कार्रवाई न तो जिलाधिकारी कर पा रहे हैं ना मुख्य विकास अधिकारी कर पा रहे हैं ना खंड विकास अधिकारी कोई कार्रवाई कर पाए ऐसे भ्रष्ट सचिव को तो बर्खास्त कर देना चाहिए निलंबित की बात तो दूर की हरैया ब्लाक के 88 ग्राम पंचायतों में कहीं नहीं संचालित हो रहा असली मिनी सचिवालय.सभी सचिव ब्लॉक मुख्यालय पर प्राइवेट मुंशी रखकर चला रहे कार्यालय..

ग्रामीणों को काम के लिए लगाना पड़ रहा है प्राइवेट ऑफिसों का चक्कर.प्राइवेट मुंशी ग्रामीणों से काम के बदले धन मांगने के आरोप-ग्रामीण।

संदीप चौधरी जैसे 5 सालों से अंगद की तरह पांव जमा कर बैठे सचिवों पर आखिर बी.डी.ओ विनय कुमार द्विवेदी इतने क्यों है मेहरबान क्योंकि सबसे ज्यादा हिस्सा संदीप चौधरी विनय कुमार द्विवेदी को देते हैं इसलिए उनका ट्रांसफर हरैया ब्लाक से नहीं जाने दे रहे हैंआखिर निलंबन के बाद भी संदीप चौधरी पर इतनी मेहरबानी क्यों बहाल होते ही दे दिए 10 ग्राम पंचायतों का प्रभार.. बड़ा सवाल क्या सचिव संदीप चौधरी के रसूख के आगे बेबस हैं बी.डी.ओ हरैया विनय कुमार द्विवेदी इन अधिकारियों की आज से अधिक संपत जांच की जाए तो जिले में अच्छे-अच्छे अधिकारी धराशाई हो जाएंगे और इस भ्रष्टाचार के रूप से बनी कोठी और गाड़ियां सब सरकार द्वारा नीलाम कर दी जाएगी।

# विवाहिता ने लगाई फांसी, पंखे से लटकता मिला शव हत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** परसरामपुर थाना क्षेत्र के हरिगांव में नव विवाहिता का शव कमरे में पंखे के सहारे लटकता मिला।पुलिस तथा फोरेंसिक सिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के हरिगांव में रविवार, सोमवार की रात एक नवविवाहिता का शव कमरे में पंखे के सहारे लटकता मिला। शोर सुनकर स्वजन दौड़े और शव को नीचे उतारा। आनन, फानन में इलाज के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।इसके बाद हल्लादूगुहार सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए और मृतका के मायके में स्वजन को सूचित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीगांव निवासी रोहन की शादी बीते सात मई को गोंडा जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कलहैया पुरवा, भोपतपुर में हुई थी। स्वजन के अनुसार शादी के बाद परिवार हंसी खुशी रह रहा था। रविवार की शाम स्वजन खा पीकर सोने चले गए। मृतका के जेठ सूरज और जेठानी छत पर सोने चले गए। मृतका के पति रोहन, ससुर राम सुभावन के साथ अन्य सदस्य घर के बाहर सो रहे थे। कमरे में नवविवाहिता सोनम अकेली थी। देर रात क़रीब डेढ़ बजे कमरे से चीखने की आवाज आई तो स्वजन दौड़े

कमरे में जाकर देखा तो सोनम सफेद दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक रही थी। आनन फानन में उसे नीचे उतारा गया और इलाज के लिए पास के ही एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चर्चा है कि सोनम और रोहित की यह लव मैरिज थी जिसे दोनों की परिवार की सहमति से विधिदृविधान से किया गया था। सोनम के पिता नहीं है, मां और भाइयों ने ही विवाह सम्पन्न कराया था। थानाध्यक्ष परशुरामपुर विश्व मोहन राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## गैसड़ी पुलिस का ताबड़तोड़ अभियान, तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**● आर्म्स एक्ट, एक्साइज एक्ट व आईटी एक्ट से जुड़े मामलों में फरार चल रहे आरोपी दबोचे गए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार चल रहे आरोपियों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दुर्विजय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मंगलवार को अभियान चलाकर आरोपियों को दबोच लिया।

पुलिस के मुताबिक आर्म्स एक्ट के मामले में वारंटी अभियुक्त मुहम्मद रशीद पुत्र मुहम्मद हनीफ निवासी मटेहना, एक्साइज एक्ट के मामले में वांछित रिंकू पुत्र परमेश्वर निवासी



बसन्तपुर तथा आईटी एक्ट व मानहानि से जुड़े मामले में फरार चल रहे अरुण कुमार थारु पुत्र सालिगराम निवासी खदगौरा को गिरफ्तार किया गया। तीनों अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे, जिसके चलते उनके खिलाफ वारंट जारी था। कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस की इस सक्रिय कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक व्यास जी सिंह, उपनिरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल पदम सिंह, कांस्टेबल अमित रावत, आरक्षी गौरव कुमार एवं आरक्षी विपिन कुमार शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के खेसरहा थाना अंतर्गत ग्राम परोंई में एक 44 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान ग्राम परोंई निवासी शैलेंद्र पांडेय (44) पुत्र गोविंद नाथ पांडेय के रूप में हुई है। शैलेंद्र सोमवार देर शाम अपने खपरैल के मकान में मृत पाए गए थे। घटना के समय वह घर पर अकेले थे।शैलेंद्र की पत्नी पूनम फरेंदा तहसील, जनपद महराजगंज में एएनएम के पद पर कार्यरत हैं और अपनी दो पुत्रियों व एक छोटे बेटे के साथ वहीं रहती हैं। उनकी माता छोटे बेटे के साथ बिहार प्रांत में रहती हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के सभी सदस्य मौके पर पहुंच गए।परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताते हुए पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पर्यटन विकास कार्यों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, कांवड़ यात्रा से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने मंगलवार को जनपद के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सबसे पहले विकास खंड सदर क्षेत्र स्थित बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर और महादेवा स्थित रामजानकी मंदिर का निरीक्षण किया। बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन अधिकारी विकास नारायण को आगामी कांवड़ यात्रा को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कराने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

रामजानकी मंदिर महादेवा के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पाया कि मौके पर लेबर और मिस्त्री कार्य करते नहीं मिले। इस पर कार्यदायी संस्था से जवाब तलब किया गया। संस्था की ओर से बताया गया कि सेटरिंग का कार्य अगले दिन से शुरू कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने हर्रैया विकास खंड के ग्राम परिवारपुर स्थित परमहंस धाम मंदिर यात्री हाल का निरीक्षण किया। यहां निर्माण कार्य लगभग पूर्ण मिला, हालांकि प्लास्टर का कार्य अभी शेष पाया गया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि जून माह तक हर हाल में शेष कार्य पूरा कर लिया जाए। साथ ही पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिया कि 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं को बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

दुबौलिया विकास खंड के ग्राम बेमहरी स्थित बाबा परमहंस धाम मंदिर के निरीक्षण में निर्माण कार्य पूर्ण मिला, लेकिन पानी की टोटी और सीढ़ियों की रेलिंग का कार्य अधूरा पाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इसे जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पर्यटन अधिकारी ने घाट निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि सिंचाई विभाग से अनुमति के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा पत्र भेजा गया है। स्थानीय लोगों की मांग के अनुसार घाट की ड्राइंग में संशोधन कर पुनः अनुमति के लिए भेजा गया है, जिस पर कार्यवाही अपेक्षित है। इस दौरान पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, स्थानिक अधिशासी अभियंता सीएंडडीएस जय प्रकाश यादव, जल निगम इकाई-34 के आरसी शुक्ला, सहायक परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड गौरव प्रताप सिंह, सहायक अभियंता अभय गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# टॉवर पर चढ़ी मोहब्बत आखिर निकाह तक पहुंची, बैंगलोर से बस्ती आया प्रेमी; नजमा और मेहताब बने जीवनसाथी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती में पिछले कई दिनों से चर्चा में चल रही एक प्रेम कहानी का आखिरकार सुखद अंत हो गया। प्रेमी से मिलने और निकाह की जिद पर अड़ी नजमा का निकाह उसके प्रेमी मेहताब के साथ संपन्न हो गया। इस पूरे घटनाक्रम ने न सिर्फ इलाके में सनसनी मचा दी थी, बल्कि पुलिस और प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नजमा और मेहताब के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। मेहताब रोजगार के सिलसिले में बैंगलोर में रह रहा था, जबकि नजमा बस्ती में थी। प्रेमी से दूरी नजमा को इस कदर नागवार गुजरी कि उसने उसे बुलाने और निकाह कराने की मांग को लेकर हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया।

नजमा पहले वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पड़िया इलाके और बाद में रुधौली थाना क्षेत्र के हनुमानगंज क्षेत्र में टॉवर पर चढ़ गई थी। उसने घंटों तक हंगामा करते हुए प्रेमी से



मिलाने और शादी कराने की मांग की। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस-प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घंटों चले प्रयास के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारा।

पूरा मामला धीरे-धीरे जिले में चर्चा का विषय बन गया। पुलिस अधिकारियों ने दोनों परिवारों से बातचीत कर माहौल शांत कराया और आपसी सहमति बनाने की कोशिश शुरू की। आखिरकार दोनों परिवार निकाह के लिए राजी हो गए और बैंगलोर में रह रहा मेहताब भी सब कुछ छोड़कर बस्ती पहुंच गया। इसके बाद दोनों का निकाह संपन्न कराया गया और प्रेम कहानी को नया मुकाम मिल गया। इलाके में अब इस प्रेम कहानी की खूब चर्चा हो रही है। स्थानीय लोग मजाकिया अंदाज में नजमा को 'इश्क वाली बेगम' कहकर बुला रहे हैं, जबकि मेहताब की मोहब्बत को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। इस पूरे मामले में बस्ती पुलिस की भूमिका भी चर्चा में रही, जिसने सूझबूझ और संयम के साथ स्थिति को संभालते हुए विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से निकाह तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## बलरामपुर में एबीवीपी का छात्रा सम्मेलन: शिक्षित बेटी सशक्त राष्ट्र' विषय पर छात्राओं को किया प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने एमएलके पीजी कॉलेज के सभागार में एक छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया। 'शिक्षित बेटी सशक्त राष्ट्र' विषय पर केंद्रित इस सम्मेलन का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति प्रेरित करना था। यह आयोजन उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। मंच पर नगर मंत्री कीर्ति उपाध्याय, एम.डी. इंटर कॉलेज की शिक्षिका स्मिता पाठक और गर्ल्स इंटर कॉलेज की शिक्षिका सांभवी भी उपस्थित थीं।शिक्षिका सांभवी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए छात्राओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'यदि लक्ष्य बड़ा हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।' उनके संबोधन से छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं नगर मंत्री कीर्ति उपाध्याय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की बेटियाँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं



को समय का सदुपयोग करने, लक्ष्य पर केंद्रित रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ABVP की छात्रहित और राष्ट्रहित में भूमिका पर भी प्रकाश डाला, साथ ही समाज में जातिवाद जैसी बुराइयों से दूर रहकर एकता और समानता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।मुख्य अतिथि आरती तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने, अच्छे कार्य करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन सलोनी पांडे ने किया। परिषद के जिला संयोजक अनुज सिंह और श्याम मनोहर तिवारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन नगर मंत्री कीर्ति उपाध्याय के धन्यवाद ज्ञापन, वंदेमातरम् और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

### अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर चलती रोडवेज बस में लगी भीषण आग, बाल-बाल बची 42 यात्रियों की जान

**अमेठी।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दुर्गापुर चौराहे पर सोमवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे परिवहन निगम की बस में आग लग गई। बस सुल्तानपुर से प्रयागराज जा रही थी। परिचालक के मुताबिक बस पर 15 महिलाएं व 27 पुरुष सहित 42 यात्री सवार थे। बताया जाता है कि दुर्गापुर पहुंचने के एक किमी. पहले बस के अगले भाग में इंजन की तरफ धुंआ दिखाई दिया। चालक मुहम्मद अनीस धुएं पर पानी डालकर बुझाने की कोशिश किया। बावजूद इसके धुंआ व आग की लपटें बढ़ती देख यात्रियों में अफरा तफरी के साथ चीख पुकार मच गई। दुर्गापुर चौराहे के पास राजमार्ग के बीचों बीच चालक ने बस रोककर सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया। यात्री बाल-बाल बच गए। बस धू-धू कर जल गई। सुल्तानपुर से भूपियामऊ जा रही मंजू ने बताया कि जल्दबाजी में उसका एंड्रॉयड मोबाइल फोन छूट गया। डर से कांप रही महिला यात्री सबिता ने बताया कि आग की लपटें देख लग रहा था मौत का काल सामने खड़ा है। परिचालक रविकांत तिवारी ने बताया कि बस में आग तेल की नली जाम होने के कारण लगी थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं। यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य को भेजा गया।

# नामांकन में बलरामपुर जनपद पूरे प्रदेश में अव्वल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर, संवाददाता।** बुनियादी शिक्षा की मजबूती को लेकर डॉ. डीएम विपिन कुमार जैन व सीडीओ हिमांशु गुप्त की पहल रंग लाई। बलरामपुर जिला प्रदेश में शैक्षिक सत्र 2026-27 में नए नामांकन में अव्वल है। परिषदीय विद्यालयों के नए नामांकन में प्रदेश के 75 जिलों में बलरामपुर पहले स्थान पर रहा है। कक्षा एक से आठवीं तक की 83.54 प्रतिशत तक अभी तक परिषदीय स्कूलों में छात्रों का नामांकन हुआ है। वहीं कक्षा एक में 2025-26 के लक्ष्य को 99.21 हासिल कर प्रदेश में पहले स्थान पर है। प्रदेश सरकार की तरफ से जारी शैक्षिक सत्र 2026-27 के नए नामांकन में बलरामपुर नंबर एक पर है। 2025-26 में जिले में नर्सरी से आठवीं तक 55413 की संख्या थी। शैक्षिक सत्र 2026-27 में 46 292 लक्ष्य तक पहुंच गया है जो 83. 54 फीसदी है। इसी क्रम में कक्षा एक में नया नामांकन लक्ष्य 2025-26 में 26270 के सापेक्ष 2026-27 में 26063 पहुंच गया है। यह 99.21 प्रतिशत लक्ष्य हासिल हुआ है जो प्रदेश के 75 जिलों में पहले स्थान पर है। परिषदीय विद्यालयों में बुनियादी शिक्षा मजबूती के साथ-साथ बच्चों के नामांकन को लेकर लगातार जिलाधिकारी सीडीओ जुटे है। डीएम का कहना है कि बुनियादी शिक्षा में पिछले सत्र के लक्ष्य से अधिक इस बार बच्चों का नामांकन किया जाएगा। इसके लिए बीएसए समेत सभी 10 शिक्षा क्षेत्रों के बीईओ को निर्देश दिए गए हैं। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग, शिक्षकों व प्रशासन की तरफ से स्कूल चलो अभियान, अभिभावक संपर्क, जागरूकता कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की सक्रियता और विद्यालय प्रबंधन समितियों की भागीदारी से बड़ी संख्या में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित हुआ। नए नामांकन में शीर्ष पांच जिलों में बलरामपुर के साथ भदोही, श्रावस्ती, महराजगंज व अलीगढ़ शामिल हैं। सीमावर्ती और ग्रामीण जिलों का बेहतर प्रदर्शन इस बार विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है।

जहां बलरामपुर जैसे जिले रिकॉर्ड बना रहे हैं, वहीं कई बड़े और शहरी जिले नामांकन अभियान में पीछे रह गए हैं। संभल

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

42.68 प्रतिशत नामांकन के साथ सबसे निचले पायदान पर है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर, मेरठ और गाजियाबाद जैसे जिले भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार महानगरीय क्षेत्रों में निजी विद्यालयों की अधिकता, प्रवासी परिवारों की संख्या और लगातार स्थानांतरण जैसी परिस्थितियां कम नामांकन की वजह मानी जा रही हैं। जिले में 100 प्रतिशत नामांकन पर विभाग की नजर है। प्रदेश सरकार ने सभी जनपदों को शत-प्रतिशत नए नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान, घर-घर सर्वे और प्रेरणा पोर्टल पर नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। आगामी दिनों में नामांकन प्रतिशत में और तेजी आएगी। शुभम शुक्ल, बीएसए बलरामपुर

## लौकहवा डिप पर पुल निर्माण की मांग तेज, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित लौकहवा डिप पर पुल निर्माण की मांग को लेकर समाजसेवी एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह को सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की गंभीर आवागमन समस्या और लगातार हो रही दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र पुल निर्माण की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि 58 श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद बलरामपुर की तुलसीपुर विधानसभा के विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में हरिहरगंज-ललिया-बनकटवा मार्ग के किलोमीटर 11 स्थित लौकहवा डिप पर पुल निर्माण कार्य को वित्तीय वर्ष 2025-26 की जिला स्तरीय लघु सेतु निर्माण कार्ययोजना में क्रमांक-2 पर शामिल किया गया था, लेकिन वित्तीय संसाधनों के अभाव में अब तक कार्य लंबित पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि बारिश और बाढ़ के समय हेंगहा, डोरवा, गौरैय्या और चकैया जैसे जंगली व पहाड़ी नालों का पानी सड़क पर बहने लगता




है, जिससे लाखों लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है। लौकहवा डिप पर डबल रोड अचानक सिंगल रोड में बदल जाती है तथा सड़क नीचे धंस जाने के कारण तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। कई बार यह सड़क हादसे लोगों की मौत का कारण भी बन चुके हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मकुनहवा के पूर्व प्रधान स्वर्गीय चेतराम वर्मा की भी इसी मार्ग पर बाढ़ के दौरान बह जाने से मृत्यु हो चुकी है। कई मौकों पर तैराकों और सुरक्षा बलों ने लोगों की जान बचाई है। यह मार्ग ललिया थाना, हर्रैया सतघरवा ब्लॉक मुख्यालय, शिवपुरा तथा भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी रास्ते से सशस्त्र सीमा बल के जवान एवं सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के बनकटवा रेंज के कर्मचारी भी आवागमन करते हैं। पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट ने कहा कि लौकहवा डिप पर पुल निर्माण होने से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस दौरान एडवोकेट संतोष पाण्डेय, घनश्याम शुक्ल, आशीष श्रीवास्तव, मोहम्मद यासीन, दुर्गा प्रसाद यादव, कन्हैयालाल, उवैस अहमद खान, राम रंग, कृपा राम चौहान, शिव प्रसाद यादव, दानिश अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने लौकहवा डिप पर पुल निर्माण को क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### सीतापुर में नजूल भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर सात मकान मालिकों को नोटिस जारी, खाली करनी होगी जमीन




**सीतापुर।** नियमों को ताक पर रखकर बेची और कब्जाई गई बट्सगंज खल्लर की जमीन अब मकान मालिकों के लिए गले गुड़ की हंसिया बन गई है। प्रशासन ने इस भूभाग को नजूल करार दिया है और सात लोगों को नोटिस किया है। इसमें तीन जून तक मालिकाना हक सिद्ध करने के लिए दस्तावेज देने को कहा है। नोटिस जारी होने के बाद लोग कानून की काट तलाशने में वकीलों के चक्कर काटने लगे हैं। करीब दो दशक लखनऊ में बाढ़ का हवाला देकर तत्कालीन सरकार ने सरायन नदी में शारदा नदी का छोड़े जाने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद बट्सगंज खल्लर की जमीन सोने की भाव बिकने लगी थी। तत्कालीन मंत्री के एक नजदीकी ने जमीन को बेचकर बड़ी रकम कमाई थी। इसके अलावा स्वयं भी जमीन कब्जाई थी और अपने रिश्तेदारों को उपहार में दी थी। जिलाधिकारी की ओर से नजूल जमीन को कब्जामुक्त कराए जाने को लेकर चल रही कवायद में पांसा पलट गया है। प्रशासन की जांच में यह जमीन नजूल की निकली है। ऐसे में प्रशासन की ओर से इखलाक अहमद, मुजीब अहमद, अहमद हुसैन व स्व. रघुवीर सरन के उत्तराधिकारी जदुनाथसरन, हनुमान, हिस्सेदार राधाकृष्ण, बब्बन को नोटिस जारी की है। नोटिस के अनुसार बट्सगंज में नजूल की भूमि पर अवैध निर्माण कराकर अवैध कब्जा किया गया है। इसी प्रकार खैराबाद के मुहल्ला छावनी कदीम में स्थित नजूल भूखंड संख्या 1692, 1693/1 एवं 1693/2 सरकारी संपत्ति हैं। प्रशासनिक जांच में पाया गया कि इन भूखंडों के हिस्सों पर मूल उद्देश्य के विपरीत अवैध निर्माण कर लिया गया है, जोकि नजूल नियमों का उल्लंघन है।

### जीजा ने साली पर चाकू से किया जानलेवा हमला, लखनऊ रेफर; हमले में पेट से आंते आई बाहर

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

श्रावस्ती जिले से रानीपुर इलाके में स्थित शादी समारोह में शामिल होने आई किशोरी पर उसके जीजा ने चाकू से ताबड़तोड़ वार किया। हमले में उसकी आंते बाहर आ गई। गंभीर हालत में किशोरी को मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने हालत चिंताजनक देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। श्रावस्ती जिले की रहने वाली 17 वर्षीय अमीना अपने फूफा के घर आयोजित शादी में रानीपुर के चकुजोत आई थी। शादी में उसके बहनोई राशिद भी आए थे। अचानक वह किशोरी की ओर बढ़ने लगा, लोग कुछ समझ पाते उससे पहले हो उसने अमीना पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह हमलावर बहनोई से उसकी जान बचाई। हमले में किशोरी की आंते पेट से बाहर निकल आई। परिवारजन आनन फानन में उसे लेकर मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचे। मौके पर मौजूद चिकित्सक रामेंद्र त्रिपाठी ने प्राथमिक उपचार किया। हालत चिंताजनक देख उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिली है। मामले में सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गये है।

# महिलाओं से बोले राहुल गांधी, वोट चोरी, महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी मंगलवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। राहुल गांधी ने महिलाओं से देश के मौजूदा हालात, महंगाई, बेरोजगारी और चुनाव व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। संवाद के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वह महिलाओं से देश के बारे में बात करने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी वोट चोरी करती है। उन्होंने कहा कि पहले बीजेपी के लोग वोट चोरी करते थे लेकिन अब इलेक्शन कमिशन एसआईआर और ईवीएम के माध्यम से वोट चोरी कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने सबसे पहले कर्नाटक और फिर हरियाणा में वोट चोरी पकड़ी थी। इसके बाद इलेक्शन कमिशन ने एसआईआर शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बंगाल और असम में वोट चोरी की गई। उन्होंने महंगाई और बेरोजगारी को देश की बड़ी समस्या बताया। महिलाओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई का सबसे ज्यादा असर महिलाओं और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। सोने और चांदी की बढ़ती कीमतों का भी उन्होंने जिक्र किया। राहुल गांधी ने महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लगातार उठा रही है। उन्होंने चुनाव में सहयोग के लिए महिलाओं का आभार भी जताया। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं राहुल गांधी की बातें ध्यान से सुनती रहीं। इस दौरान कई महिलाओं ने अपनी समस्याएं भी रखीं। महिला संवाद कार्यक्रम से पहले पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने राहुल गांधी का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेत्री और सरेनी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सुधा द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अमेठी सांसद केएल शर्मा , जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, अमेठी एमएलसी दीपक सिंह, सुरेंद्र शर्मा, महेश प्रसाद शर्मा, अनूप बाजपेई, आकर्षक द्विवेदी सरिता गुप्ता, राजन मिश्रा, अजय सिंह, राजेश भदौरिया, कामता गौड़, दीपेंद्र गुप्ता, और कमल चौहान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**राहुल गांधी का यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत**

सांसद राहुल गांधी के कस्बा पहुंचने पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगह जगह उनका स्वागत किया। खीरों से लालगंज पहुंचने के दौरान उगाभाद, बृजेंद्र नगर, बेहटा चौराहा और गांधी चौराहा पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी रही। गांधी चौराहा पहुंचने पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में नारे भी लगाए। स्वागत करने वालों में जितेंद्र द्विवेदी, शिव प्रताप सिंह, गौरव सिंह, गौरव यादव, प्रशांत भदौरिया, विक्की भदौरिया, मो. जैनुल, मोहम्मद यासीन, आशीष त्रिवेदी, रामू गौरव, हर्षित और धीरज समेत बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मीडिया कर्मियों को अंदर जाने से रोका**

महिला संवाद कार्यक्रम की कवरेज करने पहुंचे मीडिया कर्मियों को कार्यक्रम स्थल के अंदर नहीं जाने दिया गया। सुरक्षा में लगे अधिकारियों और कर्मियों ने मीडिया को हाल के बाहर ही रोक दिया। इसे लेकर मीडिया कर्मियों में नाराजगी दिखाई दी। कई पत्रकारों ने इसे कवरेज में बाधा बताया।

## मलिहाबाद में राप्ती गंगा एक्सप्रेस से गिरकर यात्री की मौत, परिवार में मचा कोहराम




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में राप्ती गंगा एक्सप्रेस से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के सीतामढ़ी निवासी चंदन कुमार के रूप में हुई है। घटना मलिहाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग सात किलोमीटर आगे खंभा संख्या 1099/27 के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार चंदन कुमार अपने परिवार के साथ मुजफ्फरपुर से देहरादून जा रहे थे। यात्रा के दौरान वह ट्रेन के गेट पर बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गए। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन में और परिजनों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक के पिता घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

चलती ट्रेन के गेट पर बैठकर यात्रा करना कितना खतरनाक हो सकता है, यह हादसा एक बार फिर उसकी गंभीरता को उजागर करता है। रेलवे और प्रशासन लगातार यात्रियों से सुरक्षित यात्रा की अपील करते रहे हैं, बावजूद इसके ऐसे हादसे सामने आते रहते हैं।

## जे पी एस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में तीसरे बड़े मंगल का पावन दिवस व ग्रीष्म ऋतु का अवकाश बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली।** गुरबक्श गंज स्थित जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में आज बड़े मंगल के पावन दिवस को व ग्रीष्म ऋतु की छुट्टियों को सभी बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास व उत्साह से मनाया। विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला, प्रबन्धक मोहित शुक्ला, डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा बड़े मंगल के उपलक्ष्य में हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए तथा बच्चों को प्रसाद वितरित करते हुए अत्यंत हर्ष के साथ मनाया गया। अध्यापकों द्वारा विद्यालय परिसर, कक्षाओं को विभिन्न प्रकार के मनमोहक गुब्बारों से, फूलों से सुसज्जित किया गया।विद्यालय के डायरेक्टर रोहित शुक्ला ने सभी बच्चों को बताया कि छुट्टियों में बच्चों को जो कुछ भी गृह कार्य व प्रोजेक्ट वर्क दिया गया है उसे वे खेल कूद के साथ साथ नियमित रूप से करते रहे,पढ़ते रहे इससे वे छुट्टियों में दिया गया कार्य भूलेंगे नहीं। छुट्टियों के बाद जब दोबारा स्कूल खुलेंगे तो बच्चों के इस कार्य को शिक्षक चेक करेंगे। उनका कहना है कि 19 मई को पढ़ाई के बाद 20 मई से स्कूल बंद होंगे। बच्चों को स्कूल शिक्षक की तरफ से प्रोजेक्ट दिया जाएगा, जिसे छुट्टियों में पूरा करना होगा। तथा सभी बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का ढेर सारा आनंद लेने के लिए कहा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु के इस अवकाश का आप सभी लोग भरपूर आनंद लीजिए, उन्होंने बच्चों को बाहर घूमने के लिए भी प्रेरित किया जिससे बच्चे नई जगहों पर जाएंगे और वहां से बहुत कुछ नया सीखेंगे। साथ ही दिए गए समर हॉलीडेज के होम वर्क पर भी ध्यान केंद्रित करने को कहा। सभी शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय में ग्रीष्म ऋतु को अत्यंत हर्ष व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता ,आस्था, आकृति ,हर्षिता , रेहा,सिमरन, दामिनी, भावना, किरन, नाजिया,रंजना, स्वाती तथा अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## भारतीय एकता युवा मोर्चा के तत्वाधान में किया गया तृतीय बड़े मंगल पर विशाल भंडारा




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दिनांक 19.05.2026 को भारतीय एकता युवा मोर्चा के तत्वाधान में पाल्म ग्रीन कालोनी, त्रिवेणीनगर नगर 3 आदर्श पुरम, सीतापुर रोड लखनऊ में समय दोपहर 1 बजे से ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगल के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षक संजीव वर्मा, विशिष्ट अतिथि (संथापक) दीपक लाल श्रीवास्तव, गरिमामई उपस्तिथि के रूप में संगठन अध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव, राष्ट्रीय प्रभारी एवं आयोजक शरद श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष मयंक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र तिवारी, मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ममता मिश्रा, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र रावत एवं समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

## शैक्षिक उन्नयन के लिए नई तकनीक जरूरी : उमेश द्विवेदी

- **ऐहार स्थित श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज में आयोजित हुई शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज।** क्षेत्र के ऐहार स्थित श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक अवध क्षेत्र दिलीप द्विवेदी के संयोजन में शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीन्द्र पांडे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी ने अपने संबोधन में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने तथा शिक्षा में नई क्रांति लाने के लिए आधुनिक तकनीक के समावेश पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शिक्षण प्रणाली में नवाचार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की आधारशिला हैं और उनके सतत प्रयासों से ही शिक्षा का वास्तविक उन्नयन संभव है। शिक्षक विधायक ने कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए उनके दरवाजे सदैव खुले हैं तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने भी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नवीन प्रयोगों और तकनीकी संसाधनों को अपनाने पर जोर दिया। गोष्ठी का संचालन कमलाकांत त्रिवेदी ने किया। अंत में संयोजक दिलीप द्विवेदी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह बैसवारा इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार, देदौर इंटर कॉलेज के प्रबंधक विजय कुमार चौधरी, वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी, अजय त्रिपाठी, नागेंद्र बहादुर सिंह, लक्ष्मी रतन शुक्ला, भगवान कुमार अवस्थी, मनोज अवस्थी, चंद्र प्रकाश पांडेय, सुनील द्विवेदी, अतुल शुक्ला, रतन सिंह, सत्येश मिश्र, शैलेंद्र दीक्षित, अनुज अवस्थी, जितेंद्र मिश्रा, अनूप पांडेय, विजय बाजपेई, इंद्र कुमार दीक्षित, अतुल मिश्रा, जितेंद्र त्रिपाठी, संदीप बाजपेई, विनीत बाजपेई, राम प्रताप सिंह, राजेंद्र पांडेय, आलोक मिश्रा, अतुल बाजपेई, सुरेश मिश्रा, भीमसेन एवं मनीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## काल्हीगांव में बड़े मंगलवार पर गूंजे हनुमान जयकारे,सुंदरकांड पाठ के बाद विशाल भंडारा

- **भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़**
- **काल्हीगांव में धार्मिक आयोजन बना सामाजिक समरसता का संदेश,ग्रामीणों ने मिलकर कराया भंडारा**
- **सुंदरकांड पाठ व भंडारे से भक्तिमय हुआ काल्हीगांव,ग्रामीणों की दिखी उत्साहपूर्ण भागीदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज(रायबरेली)।** सरेनी विकास खंड अंतर्गत काल्हीगांव में ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार के अवसर पर सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।सुबह से ही गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा और हनुमान जी के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।सुंदरकांड पाठ के उपरांत ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन में महिलाओं,युवाओं और बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली,जिससे गांव में सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित हुआ।ग्राम प्रधान देश दीपक सोनी ने कहा कि बड़े मंगलवार पर आयोजित यह कार्यक्रम गांव की धार्मिक परंपरा का हिस्सा है,जिसमें सभी ग्रामीण मिलकर सहयोग करते हैं।ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द मजबूत होता है।रवि शंकर मिश्रा ने कहा कि सुंदरकांड पाठ और भंडारा केवल धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि गांव के लोगों को एक सूत्र में बांधने का माध्यम है।इससे युवाओं में भी धार्मिक संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।करुणा शंकर शुक्ला ने बताया कि बड़े मंगलवार पर आयोजित यह भंडारा वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है।ग्रामीणों के सहयोग और समर्पण से हर वर्ष यह आयोजन और अधिक भव्य होता जा रहा है।वहीं गोवर्धन अग्निहोत्री ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।सुंदरकांड पाठ से लोगों को मानसिक शांति मिलती है



और भंडारे के माध्यम से सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है।भंडारे में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रभात सिंह त्रिलोकचंदी ने कहा कि काल्हीगांव हमेशा से सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में अग्रणी रहा है, जो क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है।इस अवसर पर कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, गोवर्धन अग्निहोत्री, श्रीनारायण त्रिवेदी,सधन अग्निहोत्री, विजय शंकर शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, पुतानी शुक्ला, गौरव शुक्ला, राजू वैद्य, उत्तम मिश्रा, अनोज मिश्रा, मोनू अग्निहोत्री, भोलू अग्निहोत्री, छोटू वैद्य, तूफान सिंह,लल्लू शुक्ला,सत्यम त्रिवेदी, पारस मिश्रा, गुड्डु मिश्रा, अशोक मिश्रा, शुभम मिश्रा, गुलशन त्रिवेदी, शुभ मिश्रा, दीप मिश्रा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## 'उनकी बातों में नहीं उलझेंगे, नीट पर पूछेंगे सवाल', मुख्यमंत्री योगी के नमाज वाले बयान पर बोले अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सड़कों पर नमाज संबंधी बयान को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुद्दों से ध्यान भटकाने वाला बताया है। सपा प्रमुख ने कहा कि सड़कों पर नमाज कौन पढ़ रहा है? अगर जगह कम है और कोई पढ़ भी ले तो क्या फर्क पड़ता है? सड़कों पर क्या करना चाहिए, उसके लिए नियम बने हुए है, लेकिन इसकी पोलिटिकल स्कोरिंग नहीं करनी चाहिए। वे इसलिए ऐसे बयान दे रहे हैं कि मुद्दों पर बात न हो, परंतु हम उनकी बातों में नहीं उलझेंगे और नीट पर सवाल पूछेंगे। एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सबसे अधर्मी पार्टी है। हम सबको अपनाते हैं, सबको साथ लेकर चलते हैं, यही सनातन है। नीट परीक्षा को लीक परीक्षा लिख देना चाहिए। इस मामले में प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने नीट पेपर लीक कर जवाब क्यों नहीं दिया? भाजपा बहस को दूसरी तरफ मोड़ने के लिए अन्य मुद्दों में उलझाना चाहती है। विपक्ष के चेहरे के सवाल पर कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार आदि सब भाजपा के खिलाफ विपक्ष का चेहरा है। गठबंधन के सवाल पर कहा कि गठबंधन मजबूत है। चुनाव में बात सीटों की नहीं जीत की होगी। सपा प्रमुख ने कहा कि जहां भाजपा खत्म होती है, वहीं से पीडीए शुरू होता है। उनके लिए पी का मतलब पार्टी है, हमारे लिए पी का मतलब पीड़ित है। सपा के पीडीए का मतलब प्रेम, दया अपनापन भी है। पीडीए ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है। विधानसभा चुनाव में पीडीए फिर भाजपा को हराएगा।

## लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

**लखनऊ।** एलडीए ने मंगलवार को पीजीआई क्षेत्र में अभियान चलाकर किसान पथ के किनारे की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। मोहनलालगंज के हरकंशगढ़ी में अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया गया। एलडीए प्रवर्तन जोन-दो की टीम ने यह कार्रवाई किया है। प्रवर्तन जोन-दो के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया, मोहम्मद दानिश, इरशाद अहमद अंसारी व अन्य पीजीआइ क्षेत्र के ग्राम-डलौना में किसान पथ के किनारे लगभग दो बीघे में प्लाटिंग करके अवैध कालोनी विकसित करा रहा था। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही उक्त अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने का न्यायालय ने आदेश दिया था, जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा स्थल पर अभियान चलाकर अवैध विकास कार्यो को ध्वस्त कर दिया गया है। जोनल अधिकारी ने बताया कि अवधेश प्रताप सिंह व अन्य द्वारा मोहनलालगंज के हरकंशगढ़ी में किसान पथ के किनारे अवैध रूप से व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे उक्त अवैध निर्माण को सील कर दिया गया है।

## यूपी में बनेंगे 173 नए ट्रॉमा सेंटर, मेरठ-कानपुर समेत कई जिलों बनेगा ट्रॉमा सेंटर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों पर नियंत्रण के लिए ट्रामा टास्क फोर्स की रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लेवल-वन श्रेणी के दस और लेवल-दो के 36 नए ट्रामा सेंटर बनाए जाएंगे। वहीं, वर्तमान में 34 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित लेवल-तीन के ट्रामा सेंटरों को अपग्रेड करते हुए संख्या बढ़ाकर 126 की जाएगी। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (60 मिनट के अंदर) चिकित्सा देने के लिए 108, 112 और नेशनल हाइवे की एंबुलेंस सेवा 1033 को आपस में जोड़ा जाएगा। पूरे नेटवर्क की आनलाइन निगरानी के लिए लखनऊ में सेंट्रल कमांड सेंटर बनेगा, जहां से यह भी पता चल सकेगा कि दुर्घटना स्थल के पास कहां पर ट्रामा सेंटर है और किन केंद्रों में कितने बेड खाली हैं। उत्तर प्रदेश में हाइवे और एक्सप्रेसवे की संख्या बढ़ने एवं वाहनों की गति बढ़ने से दुर्घटनाओं की आशंका ज्यादा आंकी गई है। ब्लैक स्पाट भी चिन्हित कर जागरूकता कार्यक्रम किए गए, लेकिन मौत के आंकड़े अब भी डराते हैं। प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत मरीजों को सबसे पास के अस्पताल में भर्ती कर जल्द इलाज देने पर फोकस करते हुए पूरा कार्यक्रम बनाया गया। तीन हजार निजी अस्पतालों को भी नेटवर्क से जोड़ने की योजना है, जहां मानकों की जांच की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को संचालित करने वाली एजेंसी साचीज को दी गई है।

शास्त्रीभवन में 18 मई को अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, डीआइजी-112 अरविंद कुमार, साचीज (स्टेट एजेंसी फार कंप्रीहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज) की सीइओ अर्चना वर्मा, निदेशक सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डा. सीमा समेत कई विभागों के अधिकारियों की बैठक में कार्ययोजना का पूरा रोडमैप बना, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा गया है। एक सप्ताह में कैबिनेट में पेश करने का लक्ष्य है। प्रदेश में लेवल-एक श्रेणी का 500 बेडों का अकेला सेंटर केजीएमयू में है।

अब पीजीआई, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ ही मेरठ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, झांसी, गोरखपुर समेत दस सरकारी मेडिकल कालेजों में भी 100-100 बेडों का लेवल-एक का ट्रामा सेंटर संचालित होगा। यहां एक ही छत के नीचे एमआरआइ, सीटी स्कैन समेत सभी प्रकार की जांच एवं न्यूरो, आर्थो समेत जटिल सर्जरी की सुविधाएं होंगी। माड्यूलर ओटी, आधुनिक आइसीयू एवं एडवांस स्ट्रक्चर वाले उपकरण होंगे, जिससे सिर या गर्दन में इंजरी वाले मरीज को बेड पर उठाने बिठाने पर घायल अंग पर जोर न पड़े। 36




आटोनामस मेडिकल कालेजों में भी सौ-सौ बेडों का ट्रामा सेंटर संचालित किया जाएगा। वर्तमान में 34 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 30 बेडों का लेवल-तीन का ट्रामा सेंटर चल रहा है। अब यह व्यवस्था 126 सीएचसी तक उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत नजदीकी निजी अस्पतालों में दुर्घटना के मरीजों के इलाज के लिए प्रति सप्ताह एक लाख रुपये का भुगतान शुरू कर दिया गया है। शीघ्र ही इसका पूरा नोटिफिकेशन जारी होगा।

## सीतापुर के नैमिषारण्य धाम में गुटखा-तंबाकू और प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध

- **सीतापुर के नैमिषारण्य-मिश्रिख क्षेत्र में जिलाधिकारी ने सिगरेट, गुटखा, तंबाकू और सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। यह निर्णय धार्मिक स्थल की पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए लिया गया है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** धर्मनगरी नैमिषारण्य-मिश्रिख क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर की ओर से महत्वपूर्ण आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत नैमिषारण्य में मंदिर परिसर और उसके चारों ओर 500 मीटर की परिधि में सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, तंबाकू उत्पादों तथा सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री के उपयोग, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। क्षेत्र में पालीथिन, प्लास्टिक गिलास, प्लेट, बोतल और अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री के प्रयोग पर भी रोक रहेगी। धार्मिक स्थल की गरिमा बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। नगर पालिका परिषद को विशेष सफाई अभियान चलाकर प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला सूचना विभाग को दुकानदारों, स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है।

**गठित होगी संयुक्त टीम**

व्यवस्था के संचालन के लिए एक संयुक्त टीम गठित की गई है। इस टीम में उप जिलाधिकारी मिश्रिख की अध्यक्षता में पुलिस विभाग, नगर निकाय, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे। यह टीम नियमित अभियान चलाकर प्रतिबंधित वस्तुओं की बिक्री और उपयोग पर निगरानी रखेगी। क्षेत्राधिकारी पुलिस मिश्रिख, थाना प्रभारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिश्रिख-नैमिषारण्य को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख स्थानों पर चेतावनी बोर्ड और सूचना पट्ट भी लगाए जाएंगे, जिनमें प्रतिबंध एवं कार्रवाईयों को लिखा जाएगा।

# बेजुबान पक्षी और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम



आज के आधुनिक युग में वैश्विक स्तर पर शहरीकरण अत्यंत तीव्र गति से बढ़ रहा है। इस प्रगति के साथ ही दुनिया भर के महानगर और शहर एक अत्यंत विकराल समस्या से जूझ रहे हैं, और वह समस्या है कचरा प्रबंधन की। हमारे शहरों की चमचमाती सड़कों, सार्वजनिक पार्कों और गलियों में बिखरा हुआ कचरा न केवल दृश्य प्रदूषण फैलाता है बल्कि पर्यावरण के लिए भी एक गंभीर संकट बन चुका है। इस कचरे में सबसे अधिक मात्रा कृत्रिम पदार्थों, खाने के पैकेटों और विशेष रूप से धूम्रपान के बाद बचे हुए सिगरेट के टुकड़ों की होती है। ये छोटे छोटे टुकड़े देखने में भले ही मामूली लगें, लेकिन इनकी संख्या और इनसे होने वाला नुकसान अत्यधिक है। नगर प्रशासनों के लिए इन सूक्ष्म अवशेषों को साफ करना एक अत्यंत जटिल और खर्चीला कार्य साबित होता है। हर साल स्थानीय निकायों और नगर निगमों को सड़कों के कोनों और नालियों में फंसे इस कचरे को हटाने के लिए अपने वित्तीय कोष का एक बहुत बड़ा हिस्सा पानी की तरह बहाना पड़ता है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी रहती है क्योंकि मनुष्यों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी वैश्विक समस्या का एक अत्यंत अनोखा और नवोन्मेषी समाधान खोजने का प्रयास यूरोपीय देश स्वीडन में किया गया, जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस अद्भुत प्रयोग की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि इसमें सफाई के कार्य के लिए इंसानों की जगह बेजुबान पक्षियों, विशेष रूप से कौवों को प्रशिक्षित किया गया।

स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम के समीप स्थित सोडरटालिये नामक एक खूबसूरत शहर में इस क्रांतिकारी विचार को धरातल पर उतारने की शुरुआत हुई। वहां के एक नवोदित उद्यम ने पशु व्यवहार विज्ञान का उपयोग करके पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की एक अद्भुत योजना तैयार की। इस संस्थान के दूरदर्शी संस्थापक क्रिश्चियन गुंथर हैनसेन ने कई वर्ष पहले इस विषय पर गहन विचार किया था। उनका मानना था कि यदि प्रकृति में मौजूद जीवों की स्वाभाविक बुद्धिमत्ता और उनकी क्षमताओं का सही दिशा में उपयोग किया जाए, तो वे मानवीय समाज की कई बड़ी समस्याओं के समाधान में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। अपने इसी अनूठे विचार को वास्तविकता में बदलने के लिए उन्होंने एक विशेष परियोजना की रूपरेखा तैयार की। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शहर की सड़कों पर बिखरे धूम्रपान के अवशेषों को एकत्रित करना था। उन्होंने इस कार्य के लिए किसी यांत्रिक साधनों या मानवीय श्रम पर निर्भर रहने के बजाय आकाश में उड़ने वाले और हमारे आस पास रहने वाले कौवों को अपना सहयोगी बनाने का निर्णय लिया, जो शहरी परिवेश में बेहद आसानी से ढल जाते हैं।

इस संपूर्ण योजना को क्रियान्वित करने के लिए संस्थान द्वारा एक अत्यंत विशिष्ट स्वचालित यंत्र का निर्माण किया गया। यह उपकरण एक विशेष प्रकार की पुरस्कार प्रणाली पर आधारित था। इस यंत्र की कार्यप्रणाली को इस प्रकार से तैयार किया गया था कि जैसे ही कोई कौवा सड़क या पार्क से सिगरेट का कोई टुकड़ा अपनी चोंच में उठाकर लाता और उसे उस यंत्र के निर्धारित स्थान पर डालता, वैसे ही वह स्वचालित उपकरण सक्रिय हो जाता था। वह यंत्र तुरंत ही उस टुकड़े के बदले में कौवे के लिए, खाने की कोई सामग्री, जैसे कि मूंगफली या अनाज का छोटा दाना बाहर निकाल देता था। इस प्रकार कौवों को अपनी मेहनत के बदले तुरंत स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होने लगा। धीरे धीरे कौवों ने इस पूरी प्रक्रिया के पीछे के कार्य कारण संबंध को समझ लिया। वे यह जान गए कि इस विशिष्ट यंत्र में कचरा डालने पर उन्हें अपनी भूख मिटाने के लिए भोजन प्राप्त होगा। कुछ ही समय के भीतर कौवों का व्यवहार पूरी तरह से बदल गया और वे सक्रिय रूप से सड़कों, उद्यानों, फुटपाथों और छिपे हुए कोनों से सिगरेट के अवशेषों को खोज खोज कर उस स्वचालित उपकरण में डालने लगे। यह दृश्य अत्यंत विस्मयकारी था कि पक्षी स्वेच्छा से नगर की सफाई में योगदान दे रहे थे।

वैज्ञानिकों और पक्षी विशेषज्ञों का हमेशा से यह मानना रहा है कि कौवे इस पृथ्वी पर पाए जाने वाले सबसे चतुर और बुद्धिमान पक्षियों की श्रेणी में आते हैं। उनकी मानसिक क्षमता और संज्ञानात्मक कौशल अत्यंत उच्च स्तर के होते हैं। कौवों में मनुष्यों के चेहरों को पहचानने, उन्हें याद रखने और जटिल परिस्थितियों में विभिन्न प्रकार के औजारों का उपयोग करने की अद्भुत क्षमता होती है। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए विभिन्न शोधों के अनुसार, कौवों की किसी भी समस्या को समझने और उसका समाधान खोजने की तार्किक क्षमता मनुष्यों के 3 से 4 वर्ष के छोटे बच्चों के समकक्ष मानी जाती है। वे किसी कार्य को देखकर और बार बार के अभ्यास से नई चीजें बहुत तेजी से सीख सकते हैं। यही मुख्य कारण था कि स्वीडन के इस अभूतपूर्व प्रयोग के लिए कौवों का चयन किया गया, क्योंकि किसी अन्य पक्षी के लिए इस प्रकार की जटिल पुरस्कार प्रणाली और कार्य के अंतर्संबंध को इतनी जल्दी सीख पाना अत्यंत कठिन होता।

इस प्रयोग की आवश्यकता और इसके आर्थिक महत्व को समझने के लिए स्वीडन के कचरा संबंधी आंकड़ों पर दृष्टि डालना आवश्यक है। स्वीडन की एक प्रमुख स्वच्छता संस्था के आधिकारिक प्रतिवेदनों के अनुसार, पूरे देश में हर साल लगभग एक बिलियन (भारतीय संख्या प्रणाली में 100 करोड़ : एक अरब) सिगरेट के टुकड़े सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर लापरवाही से फेंक दिए जाते हैं। यह संख्या अत्यंत डरावनी है क्योंकि यह देश में फैलने वाले कुल कचरे का लगभग 62 प्रतिशत हिस्सा है। यदि केवल सोडरटालिये शहर की बात की जाए, तो वहां का स्थानीय प्रशासन प्रतिवर्ष सड़कों और पार्कों की मैन्युअल सफाई पर लगभग 20 मिलियन (भारतीय संख्या प्रणाली में 2 करोड़) स्वीडिश क्रोना की विशाल धनराशि खर्च करता है। इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद छोटे छोटे कोनों से इस कचरे को पूरी तरह साफ करना असंभव हो जाता है। ऐसे में यह नवीन प्रयोग प्रशासन के लिए आर्थिक राहत और स्वच्छता की एक नई किरण बनकर उभरा। इस योजना से जुड़े विशेषज्ञों का दावा था कि यदि इस स्वचालित व्यवस्था को पूरे शहर में बड़े पैमाने पर लागू कर दिया जाए, तो सिगरेट के टुकड़ों को साफ करने की प्रशासनिक लागत में लगभग 70 से 75 प्रतिशत तक की भारी कमी लाई जा सकती है। इसका मुख्य कारण यह है कि कौवे इंसानी सफाईकर्मियों की तुलना में बहुत अधिक फुर्तीले होते हैं और वे उन संकरी नालियों, दीवारों की दरारों और छिपे हुए स्थानों तक चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं जहां इंसानों को पहुंचने में घंटों का समय लग सकता है।

यद्यपि इस अनूठे प्रयोग को वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक सराहना मिली और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम माना गया, परंतु इसके साथ ही इस पर कई गंभीर सवाल और आपत्तियां भी दर्ज की गईं। अनेक पशु प्रेमियों, पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों ने कौवों के स्वास्थ्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उनका तर्क था कि सिगरेट के इन टुकड़ों में अत्यधिक जहरीले हानिकारक तत्व और भारी धातुएं पाई जाती हैं। जब बेजुबान पक्षी इन अवशेषों को अपनी चोंच में दबाएंगे, तो वे विषैले तत्व उनके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे उनकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है और उनकी अकाल मृत्यु भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रयोग के नैतिक पक्ष पर भी व्यापक बहस छिड़ गई। समाज के एक बड़े वर्ग का मानना था कि मनुष्यों द्वारा फैलाई गई गंदगी और लापरवाही का खामियाजा बेजुबान जीवों को क्यों भुगतना चाहिए। इंसानों के कचरे को साफ करने की जिम्मेदारी पक्षियों पर डालना नैतिक रूप से कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। विभिन्न मंचों और सामाजिक विमर्श में भी इस विषय पर तीखे मतभेद देखने को मिले, जहां कुछ लोगों ने इसे तकनीकी प्रगति कहा, तो वहीं दूसरों ने इसे बेजुबान पशु पक्षियों के अप्रत्यक्ष शोषण की संज्ञा दी।

इन तमाम विवादों और व्यावहारिक कठिनाइयों के बीच यह तथ्य भी सामने आया कि यह संपूर्ण परियोजना केवल एक प्रारंभिक और प्रायोगिक स्तर तक ही सीमित रही। इसे कभी भी सोडरटालिये शहर के बड़े हिस्सों या पूरे स्वीडन में पूर्ण रूप से लागू नहीं किया जा सका। कुछ स्वतंत्र प्रतिवेदनों में यह भी संकेत दिया गया कि स्थानीय नगर प्रशासन ने भविष्य में इस योजना को बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय या प्रशासनिक सहयोग जारी नहीं रखा। इसके बावजूद, इस प्रयोग ने दुनिया भर के विचारकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक और पशु व्यवहार विज्ञान के समन्वय से पर्यावरण की गंभीर चुनौतियों के नए विकल्प तलाशे जा सकते हैं। यह प्रयोग वैश्विक समाज के समक्ष एक अत्यंत चुभता हुआ और महत्वपूर्ण दार्शनिक प्रश्न भी छोड़ जाता है।

यदि हम अपनी वैज्ञानिक विधाओं के बल पर आकाश में उड़ने वाले कौवों को कचरा उठाकर एक निश्चित स्थान पर डालना सिखा सकते हैं, तो हम इंसानों को सड़कों पर कचरा न फैलाने की बुनियादी आदत क्यों नहीं सिखा पाते। वास्तव में इस पूरी समस्या की जड़ नगर प्रशासनों की कमी या उपकरणों का अभाव नहीं है, बल्कि स्वयं मनुष्यों की घोर लापरवाही और नागरिक चेतना का शून्य होना है। यदि प्रत्येक नागरिक सार्वजनिक स्थानों पर कचरा और सिगरेट के टुकड़े फेंकना बंद कर दे, तो हमें किसी भी शहर को साफ रखने के लिए बेजुबान पक्षियों या जटिल स्वचालित यंत्रों की सहायता लेने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। स्वीडन का यह प्रयोग मानव इतिहास में हमेशा एक ऐसी अनोखी मिसाल के रूप में याद किया जाएगा जिसने यह प्रमाणित किया कि प्रकृति का प्रत्येक जीव केवल मूकदर्शक नहीं है, बल्कि यदि मनुष्य अपनी हठधर्मिता छोड़े, तो वे हमारी कई समस्याओं के समाधान में हमारे सबसे बड़े सहयोगी बन सकते हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

# प्रवेश परीक्षाओं में गड़बड़ियां क्यों नहीं थम रहीं?

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**




नीट, सीयूईटी, यूपीएससी से लेकर राज्यों की शिक्षक भर्ती परीक्षाओं तक– हर साल कोई न कोई पेपर लीक, धांधली या तकनीकी गड़बड़ी की खबर आ ही जाती है। अब यहां यह सवाल उठता है कि करोड़ों युवाओं के भविष्य से जुड़ी इन परीक्षाओं को हम फूलप्रूफ क्यों नहीं बना पा रहे? हमारा सिस्टम इतना कमजोर क्यों है? इस समस्या की जड़ कहाँ है? पेपर सेटिंग से परीक्षा केंद्र तक लंबी चेनः प्रश्न-पत्र बनाने, छापने, ट्रांसपोर्ट करने और केंद्रों तक पहुँचाने में दर्जनों लोग शामिल होते हैं। चेन जितनी लंबी होगी, लीक का खतरा उतना ज्यादा होगा। अच्छा हो कि सरकार धीरे धीरे इन परीक्षाओं को भी आनलाइन कराने के प्रयास करें जिससे पेपर आउट की समस्या पर काबू पाया जा सके।

आउटसोर्सिंग पर अति-निर्भरताः भी इसका बहुत बड़ा कारण है। कई एजेंसियां परीक्षा का पूरा जिम्मा निजी कंपनियों को दे देती हैं। इससे निगरानी कमजोर पड़ते ही दलाल सक्रिय हो जाते हैं।

तकनीक का अधूरा इस्तेमाल : ऑनलाइन परीक्षा में सर्वर क्रैश, बायोमेट्रिक फेल और प्रॉक्सी कैंडिडेट के मामले लगातार सामने आते हैं। तकनीक है, पर उसकी ऑडिट नहीं। सजा का डर नहींः पेपर लीक के मास्टरमाइंड अक्सर 2-3 साल में जमानत पर बाहर आ ही जाते हैं जब तक सख्त और तेज सजा नहीं मिलेगी, रिस्क-रिवॉर्ड का गणित गड़बड़ करने वालों के पक्ष में ही रहेगा। कुछ मामलों में हमारा कानून बहुत ही कमजोर है या सरकार अपना पक्ष ठीक ढंग से नहीं रख पाते और मुलजिम छूट जाता है। बड़ी आनलाइन परीक्षा कराने के लिए हमारे पास पर्याप्त सेंटर नहीं हैं, प्रायः हमें निजी संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है और वहां भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण किस हाल में हैं इसका बहुत बड़ा प्रश्न उठता है।

अब सवाल यह उठता है कि बार-बार परीक्षा लीक होने से क्या असर किस पर पड़ता है? हम सिर्फ बोल देते हैं कि कोई बात नहीं परीक्षा दुबारा हो जाएगी। लेकिन दुबारा परीक्षा बहुत से बच्चों के लिए हानिकर बन जाती है। सबसे बड़ा नुकसान ईमानदार छात्रों का होता है। सालों की मेहनत, कोचिंग का खर्च, परिवार की उम्मीदें – सब एक रात में लीक हुए पेपर के साथ बह जाते हैं। बार-बार री-एग्जाम से मानसिक तनाव बढ़ता है और सिस्टम पर भरोसा टूटता है। इसका समाधान क्या हो सकता है? एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शनः प्रश्न-पत्र डिजिटल लॉकर में रहें और एग्जाम हॉल में ही तय समय पर डिक्रिप्ट हों। प्रिंटिंग की जरूरत ही खत्म। सिंगल एजेंसी नहीं, मल्टी-लेयर वेरिफिकेशनः की प्रक्रिया को अपनाया जा सकता है पेपर सेटिंग, ट्रांसपोर्ट और पर्यवेक्षण तीन अलग-अलग स्वतंत्र एजेंसियों से कराया जाए। फास्ट-ट्रैक कोटः पेपर लीक को संगठित अपराध मानकर 6 महीने में ट्रायल पूरा करने का कानून बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए संपत्ति जब्ती और आजीवन प्रतिबंध जैसे प्रावधान होने चाहिए। टेक्नोलॉजी + ह्यूमन इंटेलिजेंस;ढ्ढ से संदिग्ध पैटर्न पकड़ना, साथ ही हर जिले में खुफिया निगरानी यूनिट जो कोचिंग माफिया पर नजर रखनी पड़ेगी। परीक्षार्थी को मुआवजाः अगर लीक की वजह से री-एग्जाम हो तो छात्रों को यात्रा-भत्ता और मानसिक प्रताड़ना का मुआवजा मिले। जिम्मेदारी तय होगी तो लापरवाही घटेगी। परीक्षा सिर्फ सिलेबस की नहीं, सिस्टम की भी होती है। जब तक हम गड़बड़ी को 'चलता है' मानकर टालते रहेंगे, तब तक टॉपर की जगह दलाल तय करते रहेंगे कि कौन डॉक्टर बनेगा और कौन इंजीनियर। जरूरी है कि सरकारें इसे कानून-व्यवस्था का मसला मानें, शिक्षा का नहीं। क्योंकि यहाँ सवाल डिग्री का नहीं, देश के भरोसे का है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने के भय से कई प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा सेंटर लोकल से हटाकर दूरदराज के शहरों में डालना शुरू कर दिए हैं यह कोई हल नहीं है। हमें क्यों भय नहीं रहता कि यदि हम कुछ गड़बड़ी करेंगे तो उसका हमें बहुत बड़ा परिणाम भुगतना होगा। उत्तर प्रदेश में पिछले समय में PET परीक्षा स्थानीय केन्द्रों पर ही होती थी लेकिन दो बार प्रश्न-पत्र लीक होने और परीक्षा में नकल होने के कारण प्रदेश सरकार ने स्थानीय सेंटरों को दूरदराज के शहरों में डालना शुरू कर दिया। इस व्यवस्था से महिलाओं को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वह परीक्षा छोड़ तक देती हैं। पुलिस भर्ती परीक्षा के सेंटर भी दूरदराज के शहरों में पड़ने लगे हैं। सरकार केवल यह सोचती है कि क्या फर्क पड़ता है बच्चा यहां परीक्षा देता था वहां दे लेगा। लेकिन इससे बहुत बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या होती है आवागमन की कि हमारे पास कोई अतिरिक्त साधन नहीं हैं सभी को उन्हीं सरकारी साधनों से दूरदराज के शहरों में पहुंचना होता है जो प्रतिदिन भीड़ से भरे होकर चलते हैं। लेकिन हम अपने परीक्षा सिस्टम को फूलप्रूफ नहीं बना पा रहे हैं जिससे कि गड़बड़ी होने की संभावना कम हो।

# चौरासी माल' से 'तराई' तक की रोचक कथा!

'नाम' की महिमा निराली है। 'नाम' को लेकर अनेक मत और मान्यताएं हैं। कुछ लोग कहते हैं नाम में क्या रक्खा है? जबकि कुछ लोगों के लिए 'नाम' की बहुत अहमियत होती है। कहा जाता है 'नामी रोए नाम को.....।' अधिकांश स्थान, गाँव, नगर -कस्बे और गली-मोहल्लों के नामों में वहाँ का राजनीतिक इतिहास, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक मान्यताएं एवं आर्थिक महत्व, भौगोलिक स्थिति और जलवायुगत विशेषताएं छिपी होती हैं। कतिपय स्थानों के नामों से संबंधित स्थान की विशेषताओं का बोध भी होता है। तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार स्थानों के नामों में बदलाव होता रहता है। नामांतरण की यह प्रक्रिया सतत जारी रहती है। इधर एकाध दशक से यह प्रक्रिया यकायक तेज हो गई है।

हालाँकि स्थानों के नामांतरण का यह सिलसिला सदियों पुराना है। इतिहास के प्रत्येक कालखंड में सत्ता में बदलाव के बाद क्षेत्र, शहर, नगर-कस्बों, सड़क-रास्तों और गाँवों के नाम और पहचान बदलती रही है। नाम के बदलाव के मामले में कुमाऊँ का तराई क्षेत्र और वहाँ के नगर-कस्बों का अपना दिलचस्प इतिहास रहा है। तराई के कई नगरों के नामों में कुमाऊँ के चंद राजवंश के राजाओं का इतिहास जुड़ा है। मौजूदा तराई क्षेत्र के नगर-कस्बों के पूर्व प्रचलित नामों के बहाने तराई क्षेत्र और वहाँ के नगरों के अतीत को बखूबी जाना और समझा जा सकता है।

आज से 236 साल पहले कुमाऊँ में देशज राजवंश चंद शासकों का राज था। 1565- 1597 के दौरान रुद्रचंद कुमाऊँ के राजा थे। राजा रुद्रचंद, सम्राट अकबर के समकालीन थे। तराई का क्षेत्र शारदा से पीली नदी तक चौरासी कोस लंबा था, इसलिए तब तराई को 'चौरासी माल' कहा जाता था। उस दौर में तराई क्षेत्र का भू-राजस्व नौ लाख रुपये निर्धारित था, इस वजह से तराई का दूसरा नाम 'नौलखिया माल' था। तराई से नौ लाख रुपये की आमदनी के चलते कुमाऊँ के तत्कालीन राजा को 'नौलखिया' राजा भी कहा जाता था। तब इस क्षेत्र को 'मलवारा' और 'माल' नाम से भी जाना जाता था।

कुमाऊँ 1790 में गोरखा सैनिक शासन के चुंगल



में आ गया। इसके पैंतीस वर्ष बाद 1815 में यहाँ ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपना आधिपत्य जमा लिया। कुमाऊँ में ब्रितानी हुकूमत कायम होने के बाद अंग्रेजों ने इस क्षेत्र को 'तराई' नाम दिया। आज भी इसे इसी नाम से जाना-पहचाना जाता है।

चंद वंश के शासनकाल में तराई क्षेत्र के गाँव, कस्बे एवं नगरों को दूसरे नामों से जाना जाता था। ब्रिटिश राज में भी कमोवेश पुराने नाम प्रचलन में रहे। ब्रिटिशकालीन दस्तावेजों में वर्तमान रुद्रपुर के पुराने नाम भूक्सी, भुक्सर और किलपुरी बताए गए हैं। चंद राजा रुद्रचंद ने 1588 में यहाँ एक नगर बसाया था, जिसे रुद्रपुर नाम दिया गया। चंद राजा रुद्रचंद के सूबेदार काशीनाथ अधिकारी ने 1639 में काशीपुर नगर की स्थापना की, सो इस नगर को काशीपुर के नाम से जाना गया।

काशीपुर का पुराना नाम 'कोटा' था। चंद राजा बाज बहादुर चंद ने (1638-1678) बाजपुर नगर बसाया, उन्हीं के नाम पर इस नगर का नाम बाजपुर पड़ा। इससे पहले इस क्षेत्र को 'मुंडिया' नाम से जाना जाता था। वर्तमान जसपुर का पुराना नाम 'सहजगढ़' था। गदरपुर का पुराना नाम 'गजरपुर' था। जबकि वर्तमान नानकमत्ता का पुराना नाम 'बख्शी' था। तराई की बेशकीमती जमीन को रोहिल्लों की बुरी नजर से बचाकर इसे पुनः आबाद करने और यहाँ कई नए नगर-कस्बे बसाने में चंद शासकों का अविस्मरणीय योगदान रहा है। रुद्रपुर, बाजपुर और काशीपुर नगर, चंद कालीन शासकों की याद दिलाते हैं।

**प्रयाग पाण्डे**

# मलमास की कहानीः क्यों है यह उत्तम?

**लेखकः सचिन बाजपेई**

जहाँ समय का 'मल' बन जाता है पुरुषोत्तम!

दोस्तों, कल्पना कीजिए - हिंदू पंचांग में हर तीन साल बाद एक अतिरिक्त महीना आता है। चंद्रमा और सूर्य की गति में थोड़ा फर्क पड़ता है, तो समय को संतुलित रखने के लिए यह 'अधिक मास' या मलमास प्रकट होता है।

पहले इसे 'मलमास' कहकर तिरस्कृत किया जाता था। मल का अर्थ गंदगी या विकार। कोई देवता इसका स्वामी बनना नहीं चाहता था। शुभ कार्य वर्जित, विवाह-मुंडन जैसे मांगलिक आयोजन रुक जाते थे। लोग इसे अपवित्र समझकर उपेक्षा करते थे। महीना दुखी, अकेला और निराश हो गया।

फिर आया वह दिव्य मोड़...

पौराणिक कथा (पद्म पुराण आदि ग्रंथों के अनुसार) कहती है कि यह मलमास वैकुंठ पहुँचा। भगवान विष्णु के चरणों में गिरकर अपनी व्यथा सुनाई - 'प्रभु, मुझे कोई अपना नहीं मानता, सब मुझे मल समझकर दूर करते हैं।'

दया के सागर श्रीहरि मुस्कुराए। बोले - 'संसार में मुझे पुरुषोत्तम कहते हैं। आज से तू भी **पुरुषोत्तम मास** कहलाएगा। मैं स्वयं तेरा स्वामी बनता हूँ। जो भी इस मास में निश्छल भक्ति, जप, तप, दान, कीर्तन और सत्कर्म करेगा, उसे मेरा विशेष आशीर्वाद मिलेगा। पुण्य हजार गुना बढ़ जाएगा।'

बस, तभी से मलमास पुरुषोत्तम मास बन गया!

वैज्ञानिक दृष्टि से यह चंद्र-सौर वर्ष को संतुलित करने का खगोलीय चमत्कार है। धार्मिक दृष्टि से यह भगवान की करुणा का प्रतीक है - जो उपेक्षित था, वह सबसे पावन हो गया।

आधुनिक जीवन में हम भी कई बार खुद को 'मलमास' जैसा अनुभव करते हैं - उपेक्षित, बेकार, अतिरिक्त। लेकिन पुरुषोत्तम मास हमें याद दिलाता हैः भगवान की कृपा से हर 'मल' पवित्र बन सकता है।

मलमास नहीं, पुरुषोत्तम मास है यह - समय का उपहार, भक्ति का उत्सव! जय श्रीहरि!

# दैनिक राशिफल




**मेष राशि** आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। नौकरी और व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।
**शुभ रंगः** लाल **शुभ अंकः** 9

**वृषभ राशि** आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यस्थल पर वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें और खानपान संतुलित रखें। **शुभ रंगः** सफेद **शुभ अंकः** 6

**मिथुन राशि** आज आपकी वाणी प्रभावशाली रहेगी। मित्रों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी पुराने विवाद से बचने की कोशिश करें। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 5

**कर्क राशि** भावनात्मक रूप से थोड़ा संवेदनशील महसूस कर सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।
**शुभ रंगः** सिल्वर **शुभ अंकः 2**

**सिंह राशि** आज नेतृत्व क्षमता मजबूत रहेगी। व्यापार में लाभ और नौकरी में प्रशंसा मिल सकती है। यात्रा के योग बन रहे हैं। अहंकार से बचें। **शुभ रंगः** सुनहरा **शुभ** अंकः 1

**कन्या राशि** नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा लेकिन थकान महसूस हो सकती है। **शुभ रंगः** आसमानी **शुभ अंकः** 7

**तुला राशि** दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। कला और रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। निवेश सोच-समझकर करें।
**शुभ रंगः** गुलाबी **शुभ अंकः** 6

**वृश्चिक राशि** आज साहस और ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने की संभावना है। गुस्से पर नियंत्रण रखें। **शुभ रंगः** मैरून **शुभ अंकः** 8

**धनु राशि** भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक या आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए दिन शुभ है। **शुभ रंगः** पीला **शुभ अंकः** 3

**मकर राशि** कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। मेहनत का फल धीरे-धीरे मिलेगा। परिवार के बुजुर्गों का आशीर्वाद लाभ देगा।
**शुभ रंगः** नीला **शुभ अंकः** 4

**कुंभ राशि** नई पहचान और संपर्क लाभदायक साबित होंगे। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।
**शुभ रंगः** बैंगनी **शुभ अंकः** 11

**मीन** राशि मन शांत रहेगा और रचनात्मकता बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। यात्रा का योग बन सकता है।
**शुभ रंगः** समुद्री हरा **शुभ अंकः** 12

# आत्मविश्वास और धर्मशक्ति से ही बनता है समाज और राष्ट्र महान

मनुष्य के जीवन में सफलता का आधार केवल साधन और सुविधाएं नहीं होतीं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिन लोगों ने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और सही कार्यपद्धति को अपनाया, उन्होंने अभावों के बीच भी महान उपलब्धियां प्राप्त कीं। दूसरी ओर अनेक ऐसे लोग भी मिलते हैं जिनके पास पर्याप्त धन, संसाधन और अवसर होने के बावजूद वे जीवन में कोई विशेष उपलब्धि प्राप्त नहीं कर सके। इससे स्पष्ट हो जाता है कि जीवन में प्रगति का मूल आधार बाहरी साधन नहीं बल्कि व्यक्ति की आंतरिक शक्ति, सकारात्मक सोच और कर्मशीलता होती है। आज समाज में एक बड़ी समस्या यह दिखाई देती है कि अधिकांश लोग अपनी असफलताओं का कारण साधनों की कमी को मानते हैं। वे यह सोचकर निराश हो जाते हैं कि यदि उनके पास अधिक धन, अच्छी व्यवस्था या विशेष अवसर होते तो वे भी जीवन में आगे बढ़ सकते थे। यह सोच वास्तव में मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी है। अभावों को बहाना बनाकर बैठ जाना व्यक्ति के आत्मबल को समाप्त कर देता है। आलस्य और प्रमाद हमेशा किसी न किसी बहाने की तलाश में रहते हैं और साधनों का अभाव सबसे आसान बहाना बन जाता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति अपनी क्षमताओं का उपयोग ही नहीं कर पाता और धीरे-धीरे उसका व्यक्तित्व कुंठित होने लगता है।

यदि हम संसार के महान व्यक्तियों के जीवन का अध्ययन करें तो पाएंगे कि अधिकांश महान कार्य अभावों के बीच ही संपन्न हुए हैं। अनेक वैज्ञानिकों, साहित्यकारों, समाज सुधारकों और राष्ट्रनिर्माताओं ने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए इतिहास रचा। उनके पास आधुनिक साधन नहीं थे, लेकिन उनके भीतर आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति अटूट निष्ठा थी। यही कारण है कि उन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर दुनिया को नई दिशा दी। अभावों ने उनके भीतर संघर्ष की ज्वाला पैदा की और वही संघर्ष उनकी सफलता का आधार बना। मनुष्य के पास सबसे बड़ा साधन उसका मस्तिष्क और उसका शरीर है। यदि व्यक्ति का विचार स्वस्थ है और उसका संकल्प दृढ़ है तो वह सीमित संसाधनों में भी असाधारण कार्य कर सकता है। करोड़ों रुपये भी वह सफलता नहीं दिला सकते जो एक जागृत मस्तिष्क और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व प्राप्त कर सकता है। जब व्यक्ति सही विधि से कार्य करता है, धैर्य और लगन के साथ आगे बढ़ता है, तब साधन स्वयं उसके मार्ग में आने लगते हैं। आत्मविश्वास मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। यह वह शक्ति है जो असंभव को संभव बना देती है।

वर्तमान समय में भारतीय समाज की एक बड़ी समस्या विचारों की विपन्नता भी है। लोग स्वयं पर विश्वास करने के बजाय परिस्थितियों को दोष देते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि परिस्थितियां कभी भी स्थायी नहीं होतीं। जो व्यक्ति कठिनाइयों के बीच संघर्ष करना सीख लेता है वही जीवन में स्थायी सफलता प्राप्त करता है। राष्ट्र का विकास भी तभी संभव है जब उसके नागरिक आत्मविश्वासी, परिश्रमी और सकारात्मक विचारों वाले हों। केवल सरकारों या व्यवस्थाओं से समाज का उत्थान नहीं हो सकता। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को



अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

इसी प्रकार समाज में बढ़ती अनैतिकता और चारित्रिक पतन के लिए भी केवल आधुनिक साधनों या संचार माध्यमों को दोष देना उचित नहीं है। यह सत्य है कि आज के समय में अनेक माध्यमों के द्वारा गलत प्रवृत्तियों का प्रसार होता है, लेकिन समाज का पतन केवल इन कारणों से नहीं होता। वास्तविक समस्या यह है कि समाज में धर्म और नैतिकता की शक्ति कमजोर होती जा रही है। धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड का नाम नहीं है। धर्म वह शक्ति है जो मनुष्य को सदाचार, संयम, करुणा और मानवता का मार्ग दिखाती है।

जब समाज के सज्जन और धार्मिक लोग निष्क्रिय हो जाते हैं तब दुर्जनता स्वतः बढ़ने लगती है। अधर्म और पापाचार अपने आप में बहुत कमजोर तत्व होते हैं, लेकिन जब उनका विरोध करने वाले मौन हो जाते हैं तब वे समाज पर हावी होने लगते हैं। आज देश में लाखों साधु-संत और करोड़ों धार्मिक लोग हैं, किंतु समाज सुधार और धर्म विस्तार के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने वालों की संख्या बहुत कम है। केवल मंदिरों में पूजा करना या परंपरागत कर्मकांड निभा लेना ही धर्म नहीं है। सच्चा धर्म वह है जो समाज में नैतिकता और मानवता की स्थापना करे।

धर्म का वास्तविक स्वरूप समाज के पीड़ित, भटके और दुर्व्यसनग्रस्त लोगों को सही मार्ग दिखाने में है। यदि कोई व्यक्ति नशे, अपराध या अनैतिक जीवन में फंस गया है तो उसे प्रेम, प्रेरणा और सद्विचारों के माध्यम से सुधारना ही धर्म का कार्य है। धर्म का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत मोक्ष नहीं बल्कि समाज का कल्याण भी है। जब धार्मिक लोग समाज के बीच जाकर सेवा और जागरण का कार्य करेंगे तभी अधर्म की शक्तियों को रोका जा सकेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज का प्रत्येक सज्जन व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को समझे। यदि अच्छे लोग केवल अपने निजी जीवन तक सीमित रहेंगे और समाज की समस्याओं से दूर रहेंगे तो बुराइयों का बढ़ना स्वाभाविक है। अच्छाई को केवल विचारों तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि उसे कर्म के रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। जब सज्जन सक्रिय होंगे तब समाज में नैतिकता, सदाचार और अनुशासन का वातावरण बनेगा।

युवा पीढ़ी को विशेष रूप से यह समझने की आवश्यकता है कि सफलता का मार्ग बाहरी सुविधाओं से नहीं बल्कि आत्मबल और निरंतर प्रयास से बनता है। उन्हें अपने भीतर आत्मविश्वास विकसित करना होगा। साथ ही समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को भी समझना होगा। केवल व्यक्तिगत सफलता ही जीवन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि समाज के उत्थान में भी योगदान देना चाहिए। भारत की संस्कृति हमेशा से त्याग, परिश्रम और धर्मनिष्ठा की संस्कृति रही है। इसी संस्कृति ने इस देश को महान बनाया। आज आवश्यकता है कि हम फिर से उन्हीं मूल्यों को अपनाएं। यदि व्यक्ति आत्मविश्वास, परिश्रम और सदाचार को अपने जीवन का आधार बना ले तो न केवल उसका व्यक्तिगत जीवन सफल होगा बल्कि समाज और राष्ट्र भी शक्तिशाली बनेंगे।

अंततः यही कहा जा सकता है कि साधन और सुविधाएं जीवन में सहायक अवश्य हैं, लेकिन वे सफलता का मूल आधार नहीं हैं। सच्ची शक्ति मनुष्य के आत्मविश्वास, उसके विचारों और उसके कर्म में होती है। इसी प्रकार समाज की रक्षा केवल कानूनों और व्यवस्थाओं से नहीं हो सकती। इसके लिए सज्जनों और धार्मिक लोगों को सक्रिय होकर समाज में नैतिक जागरण फैलाना होगा। जब व्यक्ति आत्मबल से प्रेरित होकर समाजहित में कार्य करेगा तभी एक स्वस्थ, सशक्त और आदर्श राष्ट्र का निर्माण संभव होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष को पुलिस ने किया नजरबंद



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक के ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष और सेखुआनी के ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार वर्मा को मंगलवार को परसामलिक पुलिस ने नजरबंद कर दिया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब वह लखनऊ के रमाबाई पार्क में आयोजित एक रैली में शामिल होने के लिए घर से निकल रहे थे। प्रधान संघ अध्यक्ष को हिरासत में लिए जाने की खबर मिलते ही स्थानीय प्रधानों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल आगामी 26 मई को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए ग्राम प्रधान संगठन ने सोमवार को रतनपुर ब्लॉक सभागार में एक बैठक की थी। जिसमें लखनऊ कूच करने की रणनीति तैयार की गई थी। संगठन की मांग है कि या तो ग्राम पंचायतों के चुनाव समय पर कराए जाएं या फिर मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। इसी मांग को लेकर 20 मई को लखनऊ के रमाबाई पार्क में एक विशाल शक्ति प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसी सिलसिले में जब अध्यक्ष जितेंद्र कुमार वर्मा अपने साथियों के साथ लखनऊ रवाना होने वाले थे तभी शासन के निर्देश पर परसामलिक थाना पुलिस उनके घर पहुंची और उन्हें थाने ले आई। प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि हम लखनऊ के रमाबाई पार्क में आयोजित संगठन की रैली में शामिल होने की तैयारी कर रहे थे। तभी परसामलिक थाने की पुलिस मेरे घर आई और मुझे थाने ले आई। पुलिस ने मुझे रैली में जाने से रोकने के लिए नजरबंद कर दिया है।

## जनगणना 2027 के लिए छात्रों को किया गया जागरूक, एसडीएम ने स्वजनगणना पर दिया जोर



**सहजनवा।** जनगणना 2027 के सफल आयोजन एवं स्वजनगणना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को सहजनवा कस्बे स्थित मुरारी इंटर कॉलेज परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सहजनवा केसरी नंदन तिवारी तथा जनगणना चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार राकेश कुमार कन्नौजिया ने छात्र-छात्राओं को जनगणना के महत्व की जानकारी दी। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। इससे सरकार को जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार और अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़ी सटीक जानकारी मिलती है, जिसके आधार पर योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जनगणना के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर साकेत, उपप्रधानाचार्य सुप्रिया सिंह, प्रवक्ता अनिल वर्मा एवं सहजनवा तहसील के लेखपाल अरुण शुक्ला भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। जनजागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जनगणना प्रक्रिया से जोड़ते हुए स्वजनगणना को बढ़ावा देना रहा।

## समस्त थानों पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**देवरिया।** ईद-उल-अधा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में थाना प्रभारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु, ग्राम प्रधान, सभ्रांत नागरिक एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान थाना प्रभारीगण द्वारा उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गयी। साथ ही पर्व के दौरान शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करने हेतु कहा गया। थाना प्रभारीगण ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी प्रतिबंधित रहेगी तथा केवल निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी की अनुमति होगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर पूर्ण रोक रहेगी और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों अथवा सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना प्रभारीगण द्वारा लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें तथा प्रशासन का सहयोग करें।

# आरटीआई द्वारा सूचना न मिलने से नाराज युवक ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

● आरटीआई के तहत 35 हजार जमा करने के बाद भी विकास कार्यों की जानकारी नहीं दिए जाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा में सूचना का अधिकार आरटीआई कानून को ताक पर रखने और आवेदक को परेशान करने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। नियमों के तहत निर्धारित भारी-भरकम शुल्क सरकारी खाते में जमा करने के बावजूद महीनों बाद भी विकास कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जन सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इस प्रशासनिक उदासीनता और टालमटोल की नीति से क्षुब्ध होकर ग्राम पंचायत रेहरा निवासी पीड़ित आवेदक राकेश पासवान पुत्र योगेन्द्र ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल का दरवाजा खटखटाते हुए मुख्यमंत्री से मामले की ऑनलाइन लिखित शिकायत दर्ज कराई है और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित राकेश पासवान ने पूरे मामले का विवरण देते हुए बताया कि उन्होंने बीते वर्ष 29 दिसंबर 2025 को आरटीआई अधिनियम के तहत एक प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत रेहरा में पूर्व में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों, वित्तीय खर्चों और निर्माण कार्यों का बिंदुवार ब्यौरा मांगा था। इस सूचना को प्राप्त करने के लिए नियमानुसार जो भी औपचारिकताएं थीं उन्हें पूरा करते हुए प्रार्थी द्वारा ग्राम निधि प्रथम रेहरा के आधिकारिक बैंक खाते में कुल पैंतीस हजार रुपये की धनराशि बतौर सूचना शुल्क के रूप में जमा करा दी गई थी। आरोप है कि इस पूरी विधिक प्रक्रिया को पूरे हुए और आवेदन किए कई महीने का लंबा समय बीत चुका है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित जन सूचना अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी और ब्लॉक स्तरीय जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि सूचना न मिलने से ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं और हेरफेर की गई है, जिसे




छिपाने के उद्देश्य से जानबूझकर जानकारी को दबाया जा रहा है। अधिकारियों के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये और मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर राकेश पासवान ने अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है कि जमा किए गए शुल्क के एवज में ग्राम पंचायत रेहरा की वांछित विकास आख्या उन्हें अविलंब उपलब्ध कराई जाए और आरटीआई कानून का मखौल उड़ाने वाले व अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने वाले दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध जांच बैठाकर तत्काल सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## स्टंटबाजी बनी आफतः गांव लौट रहे नवविवाहित दंपति पर हमला

● कार पर बरसे ईंट-पत्थर, दूल्हा-दुल्हन घायल; पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक नवविवाहित दंपति के लिए घर वापसी का सफर उस समय दहशत में बदल गया, जब रास्ते में बाइक से स्टंट कर रहे युवकों ने कार सवार दंपति पर हमला बोल दिया। साइड देने को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ ही मिनटों में हिंसक झड़प में बदल गया और हमलावरों ने कार पर ईंट-पत्थरों की बारिश कर दी। घटना में दूल्हा-दुल्हन दोनों घायल हो गए, जबकि कार के शीशे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, एम्स थाना क्षेत्र के ग्राम मांगा पट्टी निवासी राजकुमार गौतम सोमवार शाम अपनी नवविवाहित पत्नी नेहा के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से गांव लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि मुंडेरी गांव के पास सड़क पर कुछ युवक बाइक से स्टंट कर रहे थे। इसी दौरान कार को साइड देने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर बाइक सवार युवकों ने



आक्रोशित होकर कार को घेर लिया और ईट-पत्थरों से हमला शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले से दंपति घबरा गए। हमले में कार के आगे और पीछे के शीशे टूट गए, जबकि टूटे कांच और अफरा-तफरी के बीच दूल्हा राजकुमार और उनकी पत्नी नेहा को हल्की चोटें आईं।

घटना के बाद दुल्हन नेहा ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही रमवापुर पुलिस चौकी इंचार्ज कमलेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी युवक वहां से फरार हो चुके थे। इसके बाद पीड़ित दंपति पिपराइच थाने पहुंचे और मामले में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छानबीन शुरू की और तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक अनीश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवकों से पूछताछ की जा रही है। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## लो वोल्टेज और बिजली संकट से परेशान वार्डवासी, पार्षद ने डीएम से लगाई गुहार



**आजादपुरा प्रथम के कई मोहल्लों में दो माह से नहीं मिल रही सुचारु बिजली आपूर्ति**

**ललितपुर।** शहर के वार्ड नंबर-16 आजादपुरा प्रथम में लगातार लो वोल्टेज और बाधित विद्युत आपूर्ति से परेशान लोगों की समस्या को लेकर पार्षद प्रतिनिधि अमित कुशवाहा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में पार्षद ने बताया कि पिछले करीब दो माह से वार्ड में बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है। क्षेत्र में अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण सही ढंग से नहीं चल पा रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि राजपूत कॉलोनी, करीम नगर तथा देहरे मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के निवासी सबसे अधिक प्रभावित हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली की खराब स्थिति के कारण लोगों को खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। पार्षद ने जिलाधिकारी से मांग की है कि विद्युत विभाग को तत्काल निर्देशित कर वार्ड में समुचित और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## पशु चारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालकों को दी गई आधुनिक तकनीकों की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी में मंगलवार को एकदिवसीय पशु चारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों एवं पशुपालकों को पशुओं के लिए संतुलित तथा पौष्टिक चारे के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बरगदवा के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने ग्रामीणों को पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा उन्नत हरे चारे के नियमित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुओं को संतुलित आहार देने से न केवल उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, बल्कि इससे दुग्ध उत्पादन में भी भारी वृद्धि होती है जो सीधे तौर पर पशुपालकों की आय को




बढ़ाने में मददगार साबित होती है। इसके साथ ही डॉ. सिंह ने ग्रामीणों को चारा उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, उन्नत विधियों से चारे के दीर्घकालिक संरक्षण तथा समय-समय पर पशुओं के अनिवार्य टीकाकरण के प्रति भी सचेत किया। प्रशिक्षण शिविर में मौजूद ग्रामीणों ने इस सत्र को बेहद ज्ञानवर्धक व उपयोगी बताते हुए पशुपालन व्यवसाय से जुड़ी अपनी विभिन्न शंकाओं का समाधान किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक प्रगतिशील पशुपालक, संभ्रांत ग्रामीण तथा पशुपालन विभाग के संबंधित कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## फर्जी नंबर प्लेट लगी पिकअप से 55 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना लार क्षेत्र में एक पिकअप वाहन से 55 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि वाहन पर लगी फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत लार पुलिस द्वारा बीती रात संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मेहरौना चेक पोस्ट के पास बिहार ले जाई जा रही एक पिकअप वाहन को रोका गया। वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट UP15FT3915 लगी थी। तलाशी में वाहन से रॉयल स्टैग ब्रांड की कुल 55 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

बरामद शराब में 40 पेटी 375 एमएल की बोतलें शामिल थीं, जिनमें कुल 960 शीशियां (360 लीटर) थीं। इसके अलावा 15 पेटी 180 एमएल की कुल 720 शीशियां (129.6 लीटर) बरामद की गई। शराब की अनुमानित कीमत करीब 5.14 लाख रुपये बताई गई है। मौके से गिरफ्तार आरोपी की पहचान निशार खान पुत्र अयूब निवासी मोदीपुरम, पल्लवपुरम फेज-2, थाना पल्लवपुरम, जनपद मेरठ के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना लार में मुकदमा संख्या 146/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धाराओं 60/63 तथा धारा 341(2) बीएनएस में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक कमलेश यादव, हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव एवं कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे।

## गोरखपुरः स्कार्पियो की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, मां घायल; चालक गाड़ी छोड़कर फरार

**गोरखपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी चालक 42 वर्षय युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा राजधानी गांव के पास शाही बिल्डिंग मटेरियल के सामने मोड़ पर हुआ, जहां तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटी सवार मां-बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। मृतक की पहचान फिरोज पुत्र स्वर्गीय जमील के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि फिरोज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि स्कूटी पर पीछे बैठीं उनकी मां बदननूनिशा घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद स्कार्पियो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही झंगहा पुलिस मौके पर पहुंची और स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों में भी हादसे को लेकर आक्रोश देखा गया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की जा रही है। झंगहा थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों और मोड़ों पर यातायात सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसओ झंगहा अनूप सिंह ने बताया स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया गया । चालक की तलाश जारी है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## साइबर हेल्प डेस्क ने पीड़ित के खाते में वापस कराए 10 हजार रुपये




**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क थाना ज्ञानपुर ने साइबर ठगी के शिकार युवक के खाते में 10 हजार रुपये वापस कराए। महरभा निवासी सचिन सिंह से खुद को बैंक अधिकारी बताकर बाइक की बकाया ईएमआई जमा कराने के नाम पर साइबर ठगी की गई थी। पीड़ित की ऑनलाइन शिकायत पर साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित माध्यमों से समन्वय कर धनराशि वापस कराई। राशि वापस मिलने पर पीड़ित ने भदोही पुलिस एवं साइबर हेल्प डेस्क का आभार जताया। पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने तथा किसी भी फ्रॉड की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करने की अपील की।

# शराब दुकानों में चोरी करने वाला शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुद्रपुर, देवरिया।** जनपद में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान सोमवार को रुद्रपुर पुलिस और शातिर बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक अभियुक्त घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान प्यारेलाल प्रजापति पुत्र लालचन्द्र प्रजापति, निवासी जनपद गाजीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार हेतु सीएचसी रुद्रपुर में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत सामान्य बताई गई है। पुलिस के अनुसार थाना रुद्रपुर के एसएचओ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में शराब की दुकानों में चोरी करने वाला एक शातिर अपराधी बोलेरो वाहन से क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और संदिग्ध वाहन का पीछा शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा कई बार रुकने का इशारा किए जाने के बावजूद आरोपी वाहन तेजी से भगाते हुए नकईल मार्ग की ओर भागने लगा। इसी दौरान सेमरौना पुल के समीप कब्रिस्तान के पास उसकी बोलेरो अनियंत्रित होकर



सड़क से नीचे उतर गई और फंस गई। वाहन रुकते ही आरोपी खेतों की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में नियंत्रित जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के बाएं पैर में गोली लग गई।

प्राथमिक पूछताछ में अभियुक्त ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में शराब की दुकानों में चोरी की कई घटनाओं को स्वीकार किया है। उसने बताया कि वह दुकानों में रखी गुल्लक और नकदी को निशाना बनाता था तथा पहचान छिपाने के लिए दुकान में लगे डीवीआर को भी तोड़ देता था। घायल आरोपी को तत्काल पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर पहुंचाया गया।

## साइबर ठगी की आशंका में पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार, एक फरार

● एक युवक मौके से भागने में हुआ कामयाब पुलिस ने युवक के पिता को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** भारत- नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर व अहिरौली के मदरा गांव में साइबर सेल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने अचानक छापेमारी की। पुलिस ने वहां एक बड़ी साइबर ठगी के गंभीर मामले में पूंछताछ के लिए तीन स्थानीय युवकों को मौके से ही धर-दबोचा। इस कार्रवाई के दौरान मामले का एक मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। मुख्य आरोपी के भागने के बाद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए फरार आरोपी के पिता को भी अपनी हिरासत में ले लिया है। साइबर टीम ने पूछताछ की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए फरार आरोपी के पिता समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे सघन पूछताछ में जुटी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पकड़े गए सभी संदिग्ध युवक काफी समय से बड़े पैमाने पर सक्रिय साइबर विंग और तकनीकी सर्विलांस के रडार पर चल रहे थे।

इन सभी लोगों पर मोबाइल के माध्यम से लाखों रुपये की बड़ी ठगी को अंजाम देने वाले एक अंतरप्रांतीय गिरोह का सक्रिय हिस्सा होने का गंभीर आरोप है। बताया जा रहा है कि पुलिस और साइबर सेल को किसी बड़ी ठगी के संबंध में बेहद पुख्ता इनपुट मिले थे, जिसके बाद ही साइबर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से यह बड़ी दबिश दी है। वहीं स्थानीय पुलिस के मुताबिक फरार आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए उसके सभी संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच तेजी से चल रही है और पूंछताछ के लिए संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि साइबर सेल की इस कार्रवाई के बाद भगवानपुर में हड़कंप मचा हुआ है। साईबर ठगी के कोई बड़े मामले की आशंका जताई जा रही है।

## भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर 2026 का उत्साहपूर्ण हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुरः** गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरी में स्थित पीएम श्री विद्यालय प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर 2026' का समापन आज अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन दिवस पर बच्चों ने पूरे शिविर के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों, नई सीख और गतिविधियों को साझा करते हुए बताया कि इस शिविर ने उन्हें भारत की विविध भाषाओं, संस्कृति और परंपराओं को निकट से जानने का अवसर प्रदान किया। बच्चों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्द, गीत, संवाद, लोक संस्कृति एवं राज्यों की विशेषताओं को सीखकर अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान आयोजित रचनात्मक गतिविधियों, सामूहिक गायन, पोस्टर निर्माण, भाषाई अभ्यास एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बच्चों के आत्मविश्वास और ज्ञान में अभूतपूर्व वृद्धि की। बच्चों ने कहा कि यह शिविर उनके लिए ज्ञान और मनोरंजन का अनूठा संगम रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से




सम्मानित शिक्षक मनोज कुमार मिश्र ने सभी सम्मानित अध्यापक साथियों राम सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, गुलाब, अशोक कुमार चौहान, प्रिन्स और अभिभावकों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति शिविर के सफल संचालन हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाएँ हमारी संस्कृति की आत्मा हैं और बच्चों को नई भाषाओं तथा नई जानकारियों को सीखने के लिए सदैव उत्साहित रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी निरंतर सीखते रहने, अपनी प्रतिभा को निखारने एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। समापन कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे शिविर ने बच्चों में भाषाई जागरूकता, राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने का कार्य किया।

## एक करोड़ की हेरोइन के साथ एक हुआ गिरफ्तार




**प्रतापगढ़।** देल्हूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राधे श्याम यादव मय हमराह व एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बाराबंकी की ओर से एक व्यक्ति बस से मादक द्रव्य व्यसन पदार्थ हेरोइन स्मैक लेकर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने फौरन बकुलाही नदी पुलिया के पास बैरियर लगाकर बसों की सघन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति रिजवानुल उर्फ नज़्जन पुत्र अजीजु रहमान निवासी कुसुंबी पैगंबरपुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी से तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 503.6 ग्राम हेरोइन स्मैक बरामद की गई,जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार मे एक करोड़ से अधिक कीमत आंकी गई।पुलिस ने अभियुक्त को सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## शराब की दुकानों में चोरी करने वाला शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में शराब की दुकानों में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला शातिर अपराधी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। रुद्रपुर पुलिस की सक्रियता और घेराबंदी के दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार 18 मई को प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर अपनी टीम के साथ आदर्श चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शराब दुकानों में चोरी करने वाला एक संदिग्ध चोर बोलेरो वाहन से असवनपार की तरफ से रुद्रपुर क्षेत्र में फिर वारदात करने आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने सेमरौना पुल के पास बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध बोलेरो वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर चालक वाहन मोड़कर भागने लगा। पीछा किए जाने पर सेमरौना श्मशान घाट के पास बदमाश ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर झोंक दिया। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी।

भागने के दौरान बोलेरो अनियंत्रित होकर मिट्टी के टीले से टकरा गई। इसके बाद आरोपी तमंचा लेकर खेतों की तरफ भागा और पुलिस पर दोबारा फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्यारेलाल प्रजापति पुत्र लालचंद्र निवासी मीरपुर ओड़ासन थाना बहरीयाबाद जनपद गाजीपुर के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के 13,950 रुपये नकद, एक डीवीआर, लोहे की रॉड, चोरी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन, एक तमंचा .315 बोर, तीन जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने देवरिया समेत आसपास के कई जनपदों में चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर आजमगढ़, गाजीपुर, मऊ, वाराणसी और देवरिया समेत कई जिलों में चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में चार दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी के साथ देवरिया के कोतवाली, खुखुंदू और रुद्रपुर थानों में दर्ज शराब दुकानों की चोरी के तीन बड़े मामलों का भी सफल खुलासा हो गया है। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# देश के भविष्य हैं यह छात्रः सैयद महबूब अहमद एडवोकेट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडाः** एम.ए. पब्लिक स्कूल मेवातियान गोन्डा में बीते सत्र के मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। और ग्रीष्मकालीन अवकाश गृहकार्य का सेलेब्स सौपा गया। और मेधावियों छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम के लिए विद्यालय में काफी सजावट किया गया। प्रोग्राम के मुख्य अतिथियों में सैयद महबूब अहमद एडवोकेट व जिला संवाददाता ख्वाजा एक्सप्रेस, विशिष्ट अतिथि डाक्टर फैयाज अहमद खान, अशोक दूबे एडवोकेट, शाकिर अली खान, मैराज अहमद, नसीम अहमद अंसारी, कलीम अंसारी ने भी विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री अहमद ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई यह सबूत देता है कि विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद सईद ने बच्चों के लिए काफी अच्छी पढ़ाई का हुनर दिया है। आज यह साफ दिखाई पड़ रहा है। ऐसे ही सभी प्रबंधक ध्यान देते रहें तो बच्चों की तरक्की अवश्य कदम चूमेगी। श्री अहमद ने कहा कि सईद सर की जितनी भी तारीफ की जाए वह काम है। 24 घंटा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए लगे रहते हैं। एक न एक दिन एम ए पब्लिक स्कूल नाम रोशन करेगा। आजकल के समय में मुख्य बिंदु है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई अवश्य कराओ। और आप लोग काफी खुशनसीब हो कि ऐसे प्रबन्धक सईद सर के विद्यालय में पढ़ रहे हो। आए हुए अतिथियों का प्रबंधक मोहम्मद सईद ने आभार व्यक्त किया। मेधावी छात्रों में आतिफ खान, मोहम्मद मुबस्सिर, अली अंसारी, सिद्दीका अंसारी, जारा फातिमा अरमान, मोहम्मद हैदर, हम्माद सईद, मुद्दसिर, बुशरा सेख, अफसाना, मोहम्मद बैश, मुजस्सन सहित अनेको मेधावी छात्राओं को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक निशा खानम, गुलअफ्शा सिद्दीकी, सना खान, तंजीम फातिमा, रौनक फातिमा, तबस्सुम मिर्जा, मनतसा खान, केबी पान्डेय, सैयद सूबी, लायबा अंसारी सहित विद्यालय के स्टाफ मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**तिलहर(शाहजहांपुर)।** बार एसोसिएशन तिलहर ने राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय को सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। बार एसोसिएशन के महासचिव राहुल देव सागर एडवोकेट द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि 17 मई 2026 को लखनऊ में अधिवक्ता साथियों पर नागरिक सुरक्षा पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया और उनके चैंबरों में तोड़फोड़ की गई, जिसकी बार एसोसिएशन तिलहर कड़ी निंदा करती है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि निर्दोष वकीलों पर रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं तथा क्षतिग्रस्त चैंबरों के पुनर्निर्माण की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा को देखते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू करने की भी मांग उठाई गई। बार पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके सम्मान व सुरक्षा की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान बार एसोसिएशन के कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### दो माह से मानदेय न मिलने पर संविदा कर्मियों का कार्य बहिष्कार




**तिलहर (शाहजहांपुर)।** दो माह से मानदेय न मिलने से नाराज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों ने मंगलवार को सीएचसी परिसर में सांकेतिक कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर शासन और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर चल रहे तीन दिवसीय सांकेतिक कार्य बहिष्कार के तहत सुबह करीब 10 बजे कर्मचारी सीएचसी परिसर में एकत्र हुए। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार और मंत्री सचिन गुप्ता के नेतृत्व में कर्मचारियों ने बकाया मानदेय भुगतान की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि पिछले दो माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट गहरा गया है। परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों का कहना था कि लगातार स्वास्थ्य सेवाएं देने के बावजूद उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। संविदा कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान डॉ. अभिषेक जौहरी, प्रियंका यादव, संगीता, शिवानी, मीनू समेत बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

### अपना दल (एस) का कुनबा बढ़ा, एड.हरनारायण पाल बने जिला उपाध्यक्ष

**ललितपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए अपना दल (एस) ने जिले में संगठन विस्तार की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में अनुभवी अधिवक्ता हरनारायण पाल को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए मनोनयन पत्र सौंपा। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और मिशन 2027 को लेकर रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला महासचिव सोहनलाल निरंजन ने कहा कि पार्टी अब बूथ जीतो-चुनाव जीतो की रणनीति पर कार्य कर रही है। इसके तहत हर बूथ लेवल एजेंट के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा और नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि जमीनी फीडबैक के आधार पर संगठन को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि पार्टी गांव और मोहल्ला स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय कमेटियां गठित कर रही है। एड.हरनारायण पाल के जुड़ने से पार्टी को जिले के प्रबुद्ध वर्ग और पाल समाज में मजबूती मिलने की उम्मीद है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष हरनारायण पाल ने कहा कि वह पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत कर खुशी जाहिर की। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मिशन 2027 को ध्यान में रखते हुए संगठन अब पूरी तरह चुनावी मोड में कार्य करेगा।

# फर्जी दुल्हन बनकर करती थीं शादी, फिर नशीला खाना खिलाकर लूट लेती थीं घर, ललितपुर पुलिस ने पकड़ा अंतरराज्यीय गैंग

**● कचहरी में फर्जी आधार कार्ड से कराई शादी, दो दिन बाद लाखों के जेवर और नकदी लेकर फरार हुई दुल्हन**

**ललितपुर पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम की बड़ी कार्रवाई, 8 आरोपी गिरफ्तार, 5 लाख की ज्वैलरी व मोबाइल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बार थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो शादी के नाम पर लोगों को अपना शिकार बनाता था। गिरोह की महिलाएं पहले खुद को कुंवारी बताकर युवकों से शादी करती थीं, फिर शादी के कुछ दिन बाद परिवार को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो जाती थीं। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, जेवरात और मोबाइल फोन सहित करीब 5 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है। पूरे ऑपरेशन को पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अंजाम दिया गया। कार्रवाई एएसपी कालू सिंह और सीओ तालबेहट आशीष मिश्र की निगरानी में थाना बार पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

**ऐसे रची गई पूरी साजिश**

पुलिस के अनुसार थाना बार क्षेत्र निवासी रहीश लोधी की शादी नहीं हो पा रही थी। इसी का फायदा उठाकर गिरोह के सदस्य उसके संपर्क में आए। आरोपियों ने शादी कराने का भरोसा दिलाया और अपनी ही गैंग की महिला सदस्य पूजा गौतम को रागिनी नाम बताकर रहीश से मिलवाया। 11 मई 2026 को ललितपुर कचहरी में फर्जी आधार कार्ड और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए दोनों की शादी करा दी गई। शादी के बाद महिला रहीश के गांव मरौली, थाना बार पहुंच गई और परिवार के साथ रहने लगी। पुलिस के मुताबिक 13/14 मई की रात आरोपी महिला ने योजनाबद्ध तरीके से परिवार के भोजन में नशीला पदार्थ मिला दिया। खाना खाते ही परिवार के लोग बेहोश हो गए। इसके बाद आरोपी महिला घर में रखी ज्वैलरी, नकदी और कीमती सामान समेटकर बाहर निकली, जहां पहले से मौजूद गिरोह के सदस्य उसे लेकर फरार हो गए। सुबह होश आने पर परिवार को ठगी और चोरी का पता चला, जिसके बाद थाना बार में मुकदमा दर्ज कराया गया।

**सीसीटीवी और सर्विलांस से पुलिस पहुंची गिरोह तक**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तीन विशेष टीमें गठित कीं। थाना बार पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने लगातार सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। कड़ी मेहनत के बाद पुलिस ने गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह पहले भी कई जिलों और राज्यों में इसी तरह की वारदातें कर चुके हैं।

**पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा**

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम लोग ऐसे लड़कों को तलाशते हैं जिनकी शादी नहीं हो रही होती। फिर रिश्ते का झांसा देकर अपनी ही महिलाओं से शादी करा देते हैं। शादी के बाद मौका मिलते ही खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर परिवार को बेहोश कर देते हैं और जेवर-नकदी लेकर फरार हो जाते हैं। आरोपियों ने यह भी कबूल किया कि चोरी के बाद ज्वैलरी और नकदी को आपस में बांट लिया जाता था।

**गिरफ्तार आरोपी**

पूरे प्रकरण के दौरान थाना जखौरा के ग्राम ननौरा निवासी उदयभान पुत्र जाहर लोधी, जिला प्रतापगढ़ के थाना महेशगंज अंतर्गत राजापुर बीधन निवासी पूजा गौतम पत्नी विजय, विजय कुमार पुत्र राम खिलावन व दिनेश कुमार पुत्र जगन्नाथ, जिला सोनभद्र के थाना रोबर्टसगंज के रोप सहिजन कलना निवासी बजैन्ती देवी पत्नी स्व.सूर्यप्रताप, वन्दना व आरती पुत्री स्व.सूर्यप्रताप, जिला जौनपुर के ग्राम चौरे बेहरा निवासी किरण पाल पुत्री रामबहल पाल बताये गये हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6730 नकद, 01 करधनी, 02 जोड़ी बिछिया, 01 जोड़ी पायल, 01 टिक्का, मंगलसूत्र, 01 बड़ा लॉकेट, 04 छोटे लॉकेट, 08 मूंगे, 07 मोबाइल फोन (05 स्मार्टफोन व 02 कीपैड फोन) बरामद किए हैं। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है।

**पहले भी दर्ज हैं कई मुकदमे**

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह के कई सदस्यों पर उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, चोरी और षडयंत्र के मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

**इन टीमों ने की कार्रवाई**

इस कार्यवाही को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बार रमेश चन्द्र मिश्रा व थाना बार पुलिस टीम, स्वाट टीम प्रभारी अतुल तिवारी, सर्विलांस प्रभारी अरुण पवार आदि शामिल रहे।

# बुढ़वार में अवैध खनन पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, जेसीबी और डम्पर जब्त

**● सरकारी भूमि पर हो रही थी अवैध खुदाई, चालक दस्तावेज नहीं दिखा सके पुलिस अभिरक्षा में सौंपे गए वाहन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश एवं अपर जिलाधिकारी के निर्देशन में खनिज, राजस्व और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने देर रात ललितपुर तहसील के ग्राम बुढ़वार में छापेमारी कर अवैध खनन में संलिप्त एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरा डंपर जब्त किया। प्रशासनिक कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम बुढ़वार क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की, जहां एक जेसीबी मशीन से खुदाई होती मिली, जबकि एक डम्पर बिना वैध परमिशन मिट्टी परिवहन करते हुए पाया गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों से खनन एवं परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन चालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसी दौरान चालक वाहन लेकर मौके से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे टीम ने तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया। बाद में दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कोतवाली ललितपुर पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। पूछताछ में वाहन चालकों ने बताया कि कथित रूप से यह अवैध खनन कार्य कुआंतला गांव के वर्तमान प्रधान द्वारा कराया जा रहा था। आरोप है कि लंबे समय से राजस्व, सिंचाई एवं वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी खनन कराया जा रहा था। खनिज विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना वैध अनुमति खनन या खनिज परिवहन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में भारी बेचैनी देखी जा रही है।

## संविदा कर्मियों ने अवर अभियंता पर लगाया शोषण और अभद्रता का आरोप

**● कार्रवाई की मांग को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विद्युत वितरण खण्ड प्रथम में तैनात अवर अभियंता पर संविदा कर्मियों के शोषण एवं अभद्र व्यवहार के आरोप लगाते हुए संविदा कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बांसी एवं जखौरा 33 केवी बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सुमित सुनौरिया द्वारा संविदा कर्मियों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले लगभग 10 माह से मनमाने तरीके से कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है तथा साथी कर्मचारियों के माध्यम से दबाव बनाकर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कराने का प्रयास किया जाता है। विरोध करने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी भी दी जाती है। संविदा कर्मियों ने आरोप लगाया कि लगातार मानसिक उत्पीडऩ के कारण कर्मचारी तनाव में हैं। ज्ञापन में कहा गया कि कर्मचारियों को दिन-रात मेहनत करने के बावजूद सम्मान नहीं मिल रहा है। साथ ही आरोप लगाया गया कि संविदा कर्मचारियों से 18 घंटे तक लगातार 33 केवी लाइन पर पोल पर चढ़कर कार्य कराया जाता है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो जिले के समस्त संविदा कर्मचारी अवर अभियंता के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेंगे तथा जिला प्रशासन को शिकायत कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

ज्ञापन के माध्यम से अधिशासी अभियंता से अवर अभियंता के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व उपाध्यक्ष अभिनाश पाठक, सदस्य नि.सं. कर्मचारी संघ अब्दुल हक (संविदा कर्मी), जगभान, इन्द्रपाल, कालूराम, सुरेश, सुनील, बबलू, राजकुमार शर्मा, दिनेश, जगभान सिंह, आनन्द सिंह के अलावा संगठन के पदाधिकारी एवं संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेडिकल स्टोर संचालकों को एचएफआर-एचपीआर आईडी बनवाने के निर्देश

**ललितपुर।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत जनपद में संचालित सभी मेडिकल स्टोरों की एचएफआर (हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री) एवं एचपीआर (हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री) आईडी बनाए जाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दोबारा निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र में अध्यक्ष एवं महामंत्री ललितपुर कैमिस्ट एण्ड ड्रग एसोसिएशन सहित जनपद के सभी थोक और फुटकर दवा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र अपनी एचएफआर/एचपीआर आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। पत्र में कहा गया है कि सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद के पूर्व निर्देशों के बावजूद कई मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा अब तक आईडी का सृजन नहीं कराया गया है। इस संबंध में पूर्व में 28 अक्टूबर 2025 को भी निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन अब तक पूर्ण अनुपालन नहीं हो सका है। औषधि निरीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि सभी मेडिकल स्टोर संचालक सीएमओ कार्यालय में कार्यरत जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डा.देशराज सिंह दोहरे से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द एचएफआर/एचपीआर आईडी बनवाएं। इसके लिए उनका मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है।

## मोहित शर्मा का युवा संगम फेज-6 हेतु चयन, उत्तर प्रदेश का अरुणाचल प्रदेश में बढ़ाएंगे मान

**● 24 मई से 1 जून तक करेंगे अरुणाचल प्रदेश का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/उत्तर प्रदेश।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित प्रतिष्ठित पहल ’ एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत आयोजित युवा संगम फेज-6 कार्यक्रम के लिए उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के युवा समाजसेवी एवं रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र मोहित शर्मा का चयन किया गया है। यह उपलब्धि पूरे बरेली जनपद एवं प्रदेश के युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गई है। युवा संगम कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति, परंपरा, भाषा, खान-पान, शिक्षा व्यवस्था एवं सामाजिक जीवन से परिचित कराकर राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा भारत की ‘विविधता में एकता ‘ की भावना को निकट से अनुभव करते हैं। इस वर्ष आयोजित होने वाले युवा संगम फेज-6 में उत्तर प्रदेश के चयनित युवा प्रतिनिधियों को अरुणाचल प्रदेश के भ्रमण पर भेजा जाएगा। यह शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक यात्रा 24 मई से 1 जून तक आयोजित होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को राज्य के राज्यपाल,मुख्यमंत्री सहित वहां की जनजातीय संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली, प्राकृतिक धरोहर, शैक्षणिक संस्थानों एवं स्थानीय विकास मॉडल से परिचित कराया जाएगा। मोहित शर्मा अपने सामाजिक कार्यों, युवा नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान के लिए विशेष पहचान रखते हैं। विगत कई वर्षों के समाज के प्रति समर्पण एवं युवा गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। वर्तमान में वे स्वच्छ भारत मिशन, बरेली के ब्रांड एंबेसडर के रूप में युवाओं को स्वच्छता एवं जनजागरूकता के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम में युवाओं के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान, समूह चर्चा, नेतृत्व विकास, संवाद सत्र, स्थानीय भ्रमण, संस्थागत यात्राएँ तथा सामाजिक सहभागिता से जुड़े विशेष आयोजन किए जाएंगे। इससे प्रतिभागियों को देश के विभिन्न हिस्सों की जीवनशैली एवं विकास प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिलेगा। मोहित शर्मा ने अपने चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर उनके लिए



सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे उत्तर प्रदेश की संस्कृति, युवा शक्ति और सामाजिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि युवा संगम जैसे कार्यक्रम देश के युवाओं को जोड़ने और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. पी. सिंह ने मोहित शर्मा के चयन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। कुलसचिव हरीश चंद्र, प्राचीन इतिहास संकायाध्यक्ष प्रो. विजय बहादुर सिंह यादव, विभागाध्यक्ष डॉ प्रिया सक्सेना, एन.एस.एस. समन्वयक डॉ राजीव यादव, मित्रगणों आदि ने मोहित शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवार के सदस्यों ने भी उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी का कहना है कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करेगी।

## बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और अतिक्रमण को लेकर व्यापार मंडल का फूटा गुस्सा

**● 21 मई को निकलेगा विशाल मशाल जुलूस, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था, स्मार्ट मीटरों में कथित गड़बड़ी, जल जीवन मिशन के कार्यों से उखड़ी सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली तथा अतिक्रमण अभियान को लेकर उ.प्र.उद्योग व्यापार मण्डल (रजि.) ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपते हुए विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले दो वर्षों से प्रदेश में स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड मोड में किए जाने को लेकर व्यापक विरोध हुआ। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों के नाम पर प्रदेश के उपभोक्ताओं से 200 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की गई, लेकिन अब तक धन वापसी या समायोजन को लेकर शासन की ओर से कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। संगठन ने स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष जांच अधिकृत लैब से कराने तथा प्रदेश में स्मार्ट मीटरों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाए जाने की मांग की। व्यापार मंडल ने जनपद में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर भी तीखा आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञापन में कहा गया कि भीषण गर्मी के बीच नगरों, कस्बों और गांवों में कई स्थानों पर मात्र 12 से 14 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज से आम नागरिकों और उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। चंदेरा इंडस्ट्रियल एरिया के लिए स्वतंत्र औद्योगिक फीडर की मांग भी दोहराई गई। जल जीवन मिशन के अंतर्गत नगर की सड़कों और गलियों में खोदाई कार्य को लेकर भी व्यापारियों ने नाराजगी जताई। ज्ञापन में कहा गया कि पाइप लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं होने से नागरिकों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात से पहले सभी मार्गों की मरम्मत और निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की गई। अतिक्रमण अभियान को लेकर भी व्यापार मंडल ने प्रशासन पर सवाल उठाए। संगठन का कहना है कि छोटे व्यापारियों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए तथा अतिक्रमण हटने के बाद दोबारा कब्जा न हो, इसके लिए स्थायी कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही स्टेशन रोड, मवेशी बाजार, नवीन गल्ला मंडी और पानी की टंकी सहित प्रमुख मार्गों पर बनी चौड़ी नालियों को ढकने की मांग नगर पालिका से की गई। ज्ञापन में मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी चिंता जताई गई। व्यापार मंडल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनने के बाद बेहतर इलाज की उम्मीद थी, लेकिन आज भी मरीजों को बाहर रेफर किया जा रहा है। हृदय रोग और शुगर रोग विशेषज्ञों सहित बेहतर जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग शासन से की गई। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में जिला बंद जैसे बड़े आंदोलन का निर्णय लिया जा सकता है। व्यापार मंडल ने घोषणा की कि बिजली समस्याओं को लेकर आगामी 21 मई 2026 को शाम 7 बजे कृष्णा सिनेमा से बिजली विभाग कार्यालय तक विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, महेश जैन, अनिल अंचल, डा.प्रीतम सराफ, नवीन सिंघई., अशोक अनौरा, एड.महेश सतभैया, संजीव जैन, मुकेश जैन, नितेश रानू, आलोक मयूर, अंकित सतभैया, मनोज सोनी मज्जू, अभिरंत जैन, मनोज चौधरी, अरविंद जैन, अखिलेश चौधरी, विनोद जैन, ओमप्रकाश सोनी, मनीष जैन, पवन दुआ, स्वप्निल नायक, वीरेंद्र जैन, जयनारायण शर्मा, ज्ञानप्रकाश खंडेलवाल, उदयभान सिंह यादव, सुमित जैन, अजय जैन, देवेंद्र जैन, रामप्रकाश साहू, शिवम गुप्ता, आयुष सराफ, संजय कुर्मी, दीपक चौधरी, एड.संजय दीक्षित, लवली शर्मा, मुलायम सिंह यादव सहित सैकड़ों व्यापारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## बिजली व्यवस्था पर सख्त हुए सदर विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में लगातार सामने आ रही विद्युत समस्याओं और आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर बिजली व्यवस्था की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या, जर्जर विद्युत तारों तथा बार-बार खराब हो रहे ट्रांसफार्मरों को लेकर अधिकारियों से जवाब तलब किया गया। सदर विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता को निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना चाहिए और विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान विधायक ने अधिकारियों के पेंच कसते हुए निर्देशित किया कि जनपद में विद्युत व्यवस्था से जुड़ी सभी प्रमुख समस्याओं का 24 घंटे के भीतर निराकरण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने, जर्जर विद्युत लाइनों की मरम्मत कराने तथा शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

रामरतन कुशवाहा ने कहा कि सरकार आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और विद्युत व्यवस्था में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड में सक्रिय रहकर समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम में बच्चों ने बिना गैस जलाए तैयार किए स्वादिष्ट व्यंजन

**ललितपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में मंगलवार को लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए विशेष गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बिना आग और बिना गैस जलाए भोजन एवं पेय पदार्थ तैयार करना सिखाया गया। बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में आम का जूस, तरबूज का जूस, सलाद, आम की चटनी और भेलपुरी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। इस दौरान बच्चों ने आपसी सहयोग और सामंजस्य के साथ मिलकर सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। तैयार किए गए सभी खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट और आकर्षक रहे, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। मुख्य अतिथि वीरेंद्र सोनी ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार का माहौल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। इससे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त होता है।

## जनगणना-2027 की तैयारियां तेज, 22 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य

**● ललितपुर नगर पालिका ने 311 ब्लॉकों के लिए प्रगणकों को दिया प्रशिक्षण**

**आईसीसीसी सेंटर में वितरित की गई सामग्री**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण को लेकर जनपद ललितपुर में तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा आगामी 22 मई 2026 से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। यह अभियान 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में सुपर मार्केट स्थित अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कमाण्ड एंड कन्ट्रोल सेंटर में जनगणना कार्य में लगाए गए सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्लॉकों के विस्तृत मानचित्र, प्रपत्र एवं जनगणना कार्य से संबंधित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, ताकि फील्ड स्तर पर सर्वेक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जा सके। फील्ड ट्रेनरों एवं मास्टर ट्रेनरों ने भारत की जनगणना-2027 के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को तकनीकी और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संकलन, ऑनलाइन प्रविष्टि, घर-घर सर्वेक्षण प्रक्रिया तथा नागरिकों से समन्वय स्थापित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी 26 वार्डों को 311 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक में एक प्रगणक की नियुक्ति की गई है, जबकि उनके कार्यों की निगरानी के लिए 52 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। उन्होंने




कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा भविष्य की योजनाएं तैयार की जाती हैं और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है। अधिशासी अधिकारी ने नगरवासियों से अपील की कि जब जनगणना प्रगणक उनके घर पहुंचे तो उन्हें सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं तथा इस राष्ट्रीय अभियान में पूर्ण सहयोग दें। इस अवसर पर जनगणना प्रभारी एवं कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, जनगणना लिपिक हबीब खान, लिपिक अमित पाराशर, कम्प्यूटर ऑपरेटर भगवान सिंह कुशवाहा सहित जनगणना कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय महासभा की शोक सभा आयोजित

**दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि**

**ललितपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक शोक सभा फोरलेन स्थित संगठन कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह परमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा में समाज के विभिन्न लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सभा में खोंखरा निवासी केहर सिंह परमार के ज्येष्ठ पुत्र भानुप्रताप सिंह टुंडू राजा के आकस्मिक निधन, इंजी.संदीप सिंह हसेरा मड़ावरा के पूजनीय पिता राजेंद्र सिंह हसेरा के निधन तथा पूरन सिंह परमार निवासी सेरवास कला के पूजनीय पिता एवं ग्राम मुखिया केहर सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रताप सिंह, मुन्नासिंह चौहान, मुलायम सिंह बैंस, राघवेंद्र सिंह, भगवत सिंह बैंस, जगदीश सिंह परमार, जयहिंद सिंह, भूपेंद्र सिंह, भरतसिंह चौहान, अमरसिंह तोमर, बॉबी राजा, चंद्रपाल सिंह परमार, यशपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह परमार, जयसिंह, शेरसिंह परमार, अजय प्रताप सिंह, जीतू राजा, नारायण सिंह सेंगर, भोले राजा, देवेंद्र सिंह, अखंड प्रताप, देवेंद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह, पुष्पेंद्र सिंह परमार, अरविंद सिंह, वीरेंद्र सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र राजा बुंदेला, सूर्यप्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह चौहान, अजीत सिंह पवार, रामप्रताप सिंह, अमित परमार, ताहर सिंह परमार, शिवकरण सिंह तोमर, प्रदीप सिंह, सत्तू राजा, अजित सिंह, जितेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, रोहित राजा, आकाश चौहान, अजय राजा, रवि राजा, गोलू राजा एवं चंचल राजा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीडीओ ने गौशालाओं का किया निरीक्षण, लू से बचाव के दिए निर्देश



**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने मंगलवार को विकासखंड डीघ क्षेत्र के भावापुर, इब्राहिमपुर एवं फुलवरिया सहित विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव को देखते हुए उन्होंने गोवंशों की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने गौशाला संचालकों को निर्देशित किया कि गोवंशों के लिए ताजे पेयजल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पर्याप्त छायादार स्थान, साफ-सफाई एवं चारे की उपलब्धता बनाए रखने को कहा, ताकि भीषण गर्मी और लू से गोवंशों को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद की सभी गौशालाओं में गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा बीमार एवं कमजोर पशुओं के उपचार के लिए आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी डीघ, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सपा कार्यकर्ताओं ने विधायक अतुल प्रधान का गर्मजोशी से किया स्वागत



**चुनार, मीरजापुर।** जनपद के चुनार विधानसभा में नारायणपुर विकास खंड अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर सोनभद्र से लौटते समय टेडुवां वीर बाबा मंदिर के पास विधानसभा सरधना मेरठ समाजवादी पार्टी विधायक का जितेंद्र कुमार गुप्ता राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। विधायक अतुल प्रधान ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि इस जुल्मी निकम्मी सरकार को उखाड़ कर फेंक देना चाहिए और 2027 में पीडीए की सरकार बनानी है। इस अवसर पर रमेश सिंह स्वामी जी नारायणपुर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, अहरौरा पूर्व नगर अध्यक्ष रणजीत यादव, अनुराग चौबे, घनश्याम यादव, उदय सिंह पटेल, शिवकुमार पटेल, कैलाश यादव, विजय यादव, विजय गुप्ता, उमेश यादव, धीरज गुप्ता, आकांशु गुप्ता, अम्बिका यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**भदोही** दिनांक-19.05.2026 को अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि खसरा संख्या-58, चुनार, जनपद मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) स्थित ऐतिहासिक धरोहर 'चुनार किला' के संरक्षण, पुनर्स्थापन एवं अनुकूल पुनः उपयोग हेतु इसे हेरिटेज होटल के रूप में विकसित किए जाने की परियोजना मेसर्स चुनार फोर्ट एंड पैलेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित है। इस पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या 10868 एवं प्रपोजल नंबर SIA@UP@INFRAw@566753@2026 दिनांक 15.05.2026 को प्रदान कर दी गई है एवं वेबसाइट https:@@parivesh-nic-in पर भी उपलब्ध है।

**वास्ते:** मैसर्स चुनार फोर्ट एंड पैलेस प्राइवेट लिमिटेड

# दुबार चौकी के सामने ओवरलोड बालू वाहनों से वसूली का वीडियो वायरल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मीरजापुर।** दुबार पुलिस चौकी की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि चौकी के सामने से गुजरने वाले ओवरलोड बालू लदे वाहनों से सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों द्वारा खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। इस कथित वसूली का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो बताया जा रहा है कि दुबार चौकी के सामने प्रतिदिन बालू लदे ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली की जाती है। आरोप है कि मामले की पड़ताल करने पहुंचे एक पत्रकार ने जब मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो उसे रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान चौकी से कुछ दूरी पर मौजूद एक स्थानीय दुकानदार ने पत्रकार पर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाया और कथित रूप से धमकी भी दी। आरोप के मुताबिक, पत्रकार द्वारा स्ट्रिंग आपरेशन किए जाने की भनक लगने पर कुछ लोगों को उसके पीछे लगाया गया था। बाद में बाइक से पहुंचे एक व्यक्ति ने पत्रकार को रोककर उसका मोबाइल फोन छीन लिया और वीडियो जबरन डिलीट कर दिया। यह भी आरोप लगाया गया कि उक्त व्यक्ति ने पत्रकार के सामने ही दुबार चौकी इंचार्ज को फोन किया। पत्रकार को धमकाने और मोबाइल छीनने से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। अब लोगों की निगाहें पुलिस के आला अधिकारियों पर टिकी हैं कि वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है। इस संबंध में चौकी प्रभारी कुंवर मनोज सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो किसी प्राइवेट व्यक्ति का है पुलिस कर्मियों का इससे कोई संबंध नहीं है।

## वार्षिक भंडारे पर जयगुरुदेव आश्रम में जुटे सत्संगी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चकपड़ौना** स्थित जयगुरुदेव आश्रम में सत्संगियों द्वारा परम् सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज का 14 वाँ वार्षिक भंडारा कार्यक्रम व पूजन किया गया।इस अवसर पर जनपद के विभिन्न कोनो से आए प्रेमियों ने आस-पड़ोस के ग्रामवासियों को सत्संग पूजन व भंडारे हेतु आमंत्रित किया।भंडारे के प्रभारी व्यवस्थापक रमाशंकर मौर्य ने बताया कि वार्षिक भंडारे का वृहद कार्यक्रम मथुरा आश्रम में 17 से 21 मई तक गतिमान है जिसमे जिले के अध्यक्ष व जिम्मेदार सहित अधिकांश प्रेमी गए हुए हैं शेष प्रेमियों द्वारा जनपद आश्रम पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।उपस्थित प्रेमियों को सत्संग सुनाते हुए वरिष्ठ सत्संगी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि परम् सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने 10 जुलाई 1952 से सत्संग करना प्रारम्भ किया व अनवरत 116 वर्षो तक कठिन परिश्रम करते हुए मनुष्य जीवन के आध्यात्मिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते रहे।

उनकी बताई गई एक एक बातें अक्षरशः सत्य सिद्ध हो रहीं हैं। सत्संग के दौरान बताया कि समाज को विसंगति व विघटन से बचाने के लिए शाकाहार अपनाना ही पड़ेगा आने वाली पीढ़ी संस्कारवान हो ओजस्वी हो इसके लिए हमारे आचार विचार शुद्ध व सात्विक होने चाहिए और विचारों में शुद्धता सात्विक आहार व सदाचारी जीवन अपनाने से ही आ सकती है भारतीय शास्त्र और दर्शन में भी कहा गया है 'अन्नं ब्रह्म' (अन्न ही ब्रह्म है) कहा गया है। छान्दोग्य उपनिषद और अन्य ग्रंथों में भी आता है कि आहार की शुद्धि से अंतःकरण की शुद्धि होती है। अतः हम सभी को शाकाहारी व सदाचारी जीवन का व्रत धारण करना चाहिए।इस दौरान छोटेलाल, छेदीलाल बिंद,दीपनाथ यादव, ईश्वरनाथ यादव, हरिनाथ प्रजापति समेत अनेक सत्संगी प्रेमीजन मौजूद रहे।

## सौ साल पुराना नीम का पेड़ गिरा, मकान क्षतिग्रस्त, भैंस की मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के चन्द्रपुरा गांव में सोमवार की रात तेज करीब 100 साल पुराना जर्जर नीम का पेड़ गिरने से बड़ा हादसा हो गया। पेड़ गिरने से सीमा यादव पत्नी स्वर्गीय मुरारी लाल यादव का खप्पर का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मलबे में दबकर एक भैंस की भी मौत हो गई, जिसकी कीमत परिजनों ने करीब 60 हजार रुपये बताई है।

पिछले दिनों आयी आधी तूफान के दौरान जर्जर हुआ नीम का पेड़ सोमवार की रात अचानक पेड़ गिरने से घर का बड़ा हिस्सा टूट गया, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने में मदद की और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और उचित मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि मकान और पशु दोनों के नुकसान से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

# डायरिया नियंत्रण व रोकथाम के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित

● राजगढ़ विकास खंड की 211 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए गए जरूरी टिप्स

पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से आयोजित किया गया कार्यक्रम





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिर्जापुर।** जनपद के राजगढ़ विकास खंड क्षेत्र की करीब 211 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डायरिया नियंत्रण व रोकथाम में बड़ी भूमिका निभाने के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से चार बैच में इन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डायरिया की शीघ्र पहचान, बचाव के जरूरी कदम आदि के बारे में बड़े ही सरल और रोचक अंदाज में बताया गया। विकास खंड सभागार में प्रशिक्षण के आखिरी सत्र में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का स्पष्ट कहना था कि समुदाय में शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को वह खास तौर पर प्राथमिकता देंगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू (KENVUE) के सहयोग से 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के तहत किया गया। डायरिया के प्रति अभिमुखीकरण के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से सही तरीके से हाथ धोने की महत्ता भी समझाई गयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के अधीक्षक डॉ. पवन कुमार कश्यप ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियंत्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) अगले महीने से शुरू होगा, जिसे 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम से और बल मिलेगा। 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के बारे में पीएसआई-इंडिया के विष्णु प्रकाश मिश्रा विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में समुदाय को डायरिया से बचाव के लिए जरूरी साफ-सफाई रखने, हाथ धुलने का सही तरीका, स्वच्छ जल, ताजा पौष्टिक भोजन और स्वच्छ वातावरण में ही रहने के बारे में जागरूक बना सकती हैं। डायरिया के प्रमुख लक्षणों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी, ताकि दस्त नियंत्रण कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भागीदारी और समझ सुनिश्चित हो सके। डायरिया से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए उठाये जाने वाले क़दमों के बारे में भी बताया गया।

अधीक्षक डॉ. पवन कश्पय ने डायरिया रोकथाम एवं उपचार के बारे में प्रशिक्षण देते हुए व्यावहारिक प्रशिक्षण और वास्तविक समय के केस डिस्कशन के माध्यम से दस्त की रोकथाम, शीघ्र निदान और प्रभावी प्रबंधन में सेवा प्रदाताओं के जरूरी कौशल के बारे में बताया। ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस), जिंक सप्लीमेंट और टीकाकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया साथ ही दस्त प्रबंधन में प्रमुख निवारक उपायों के बारे में बताया। मुख्य सेविका यासमीन बानो ने रेफरल प्रणाली और रिपोर्टिंग के लिए रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था को मजबूत बनाने के बारे में बताते हुए कहा कि समुदाय से प्राप्त ऐसे केस को समय रहते उचित सुविधा केंद्र पर रेफर करके रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की निगरानी करना और उन्नत देखभाल के लिए समय पर रेफरल सुनिश्चित करना स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख दायित्व हैं । प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीएसआई इण्डिया से अर्चना मिश्रा एवं मुख्य सेविका सेजल शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

## अलग अलग हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चार घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के नेवाजीपुर मोड़,लालानगर टोल प्लाजा, तथा अमिलौर के पास हुई घटना में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए, घायलो का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे कराया गया। नेवाजीपुर मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर मे नीरज उपाध्याय 35 वर्ष निवासी चककिसुन दासपुर घायल हो गए घायल अवस्था में सरकारी एंबुलेंस की सहायता से उन्हें डीघ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के लालानगर राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा के पास ड्यूटी पर जाते समय झपकी लगने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिस पर पर सवार जनेश सिंह 44 वर्ष निवासी डाक्टर कालोनी गोपीगंज एवं शेष कुमार 55 वर्ष निवासी महाबली काशीराज महाविद्यालय औराई घायल हो गए, घायल अवस्था में सरकारी एंबुलेंस की सहायता से गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद जनेश सिंह की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के अमिलौर के पास रामपुर घाट मार्ग पर बाइक सहित गिर जाने से




विजय शंकर 30 वर्ष निवासी अमिलौर घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## भीषण गर्मी में इंसानियत की ठंडी छांव

मिर्जापुर तिराहे पर समाजसेवियों ने राहगीरों को पिलाया शरबत




**गोपीगंज।** राजमार्ग के मिर्जापुर तिराहे पर भीषण गर्मी और हिट वेव के बीच समाजसेवियों द्वारा ठंडे शरबत एवं पेयजल वितरण अभियान चलाया गया। राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों, बाइक सवारों व बस यात्रियों को रोक-रोककर ठंडा शरबत पिलाया गया। सेवा भाव से किए गए इस कार्य की लोगों ने जमकर सराहना की। समाजसेवियों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाना सबसे बड़ी मानव सेवा है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना की और कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।ऐसा कार्य समाज में भाईचारा,प्रेम और इंसानियत का संदेश देता है। पेयजल शरबत वितरण में प्रमुख रूप से समाजसेवी रेहान खान, रियाज खान, फैज अली, कैश अली, अजाज अहमद, जैनुल आबेदीन, फरहान, हम्ज़ा, तहसीन, पियोगी, जैनुल आबेदीन सहित दर्जनों की संख्या में मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी व लू को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट



● तापमान 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना, सावधानी बरतने की अपील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** जनपद में लगातार बढ़ते तापमान एवं भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि आमजन को लू एवं हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों से जनपद का तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है तथा आगामी दिनों में इसके 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। ऐसे में लू लगने का खतरा बढ़ गया है, इसलिए नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि लू लगने पर शरीर का अत्यधिक गर्म एवं लाल हो जाना, त्वचा का शुष्क होना, तेज नाड़ी चलना, सिरदर्द, चक्कर आना, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी, थकान तथा पसीना कम या बंद हो जाना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण होने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेने की सलाह दी गई है। उन्होंने जनपद के सभी अधिकारियों को कार्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित विभागों को हीट वेव से बचाव एवं राहत कार्यों के प्रति पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि भीषण गर्मी को देखते हुए पर्याप्त पानी पिएं, अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# पांचवीं जिलास्तरीय योगासन चैंपियनशिप में बच्चों ने किया अद्भुत प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**








**मीरजापुर।** डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन मीरजापुर की ओर में नगर के पांडेयपुर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में पांचवीं जिलास्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ नगर विधायक माननीय रत्नाकर मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी राज लक्ष्मी साहिल ने शिव तांडव पर अद्भुत प्रस्तुति दी। योगासन खेल संघ के अध्यक्ष डॉ अमन सिंह यादव ने प्रबंधक अनंत राज भंडारी ने मिलकर नगर विधायक को अंगवस्त्रम व मूमेंटो प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नगर विधायक ने कहा कि योग कहा कि हमारी सनातन संस्कृति और सभ्यता का मूल धरोहर है , जिसे आज योगासन खेल के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए बच्चों के लिए एक नया अवसर है।

कार्यक्रम समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार सोहन लाल श्रीमाली जी ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें मेडल मुमेटों के साथ प्रशस्तिपत्र प्रदान कर उन्हें आने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा की जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में जनपद के बच्चों का अद्भुत प्रदर्शन देख कर मन प्रफुल्लित हुआ, और लगा कि सच में जनपद में भी योग में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली प्रतिभाएं मौजूद है, जो आने वाले समय में जनपद मीरजापुर का गौरव बढ़ाएंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 8 से 14 वर्ष में प्रतिभाग करने वाले विजेताओं बच्चों में आर्टिस्टिक सिंगल गर्ल सब जूनियर प्रतियोगिता में आकृति मौर्य प्रथम, आयुषी दुबे द्वितीय एवम् दृष्टि पाण्डेय तृतीय स्थान प्राप्त की। सब जूनियर ट्रेडिशनल गर्ल प्रतियोगिता में , प्रीति बिंद प्रथम अर्चिता सिंह द्वितीय , प्रियांशी पाण्डेय तृतीय स्थान पर रही। सब जूनियर ट्रेडिशनल ब्वॉय प्रतियोगिता में, यश चौहान प्रथम, शिवाय गुप्ता द्वितीय तन्मय भारती तृतीय स्थान पर रही। जूनियर 14 से 18 वर्ष ब्वॉय प्रतियोगिता में कृतवेश पाण्डेय प्रथम, हर्ष पाण्डेय द्वितीय, कृष्णम पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। गर्ल प्रतियोगिता में पूनम बिंद प्रथम स्थान पर रही।

आर्टिस्टिक सिंगल सब जूनियर ब्वॉय संकल्प कुशवाहा प्रथम देवांश तिवारी द्वितीय स्थान पर रहे। सब जूनियर ब्वॉय रिदमिक पेयर में मानस राय एवं शिवाय गुप्ता प्रथम स्थान , अद्विक एवं शिव श्याम द्वितीय स्थान , सब जूनियर रिदमिक पेयर गर्ल त्रिशिखा पाण्डेय एवं श्रीजा सिंह प्रथम स्थान , जियांशी शेखर एवं अर्चिता सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर बॉयस ट्रेडिशनल इवेंट अश्वनी मौर्य प्रथम , सीनियर गर्ल ट्रेडिशनल इवेंट में राज लक्ष्मी प्रथम , आरती द्वितीय एवं विजय लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने आए हुए डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के साथ पदाधिकारियों को अंगवस्त्रम व प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर खेल संघ के सचिव योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने टीम के साथ आए हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए सभी योगासन जजों खिलाडियों एवं सहयोगी स्कूल परिवार का आभार धन्यवाद् व्यक्त किया। इस अवसर पर इस अवसर पर प्रधानाचार्या रितु भंडारी योग गुरु भोला नाथ योगासन खेल संघ के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय संगीता व्यास रचना पाठक नीतू यादव रामधनी पाल भरत जी दिव्या श्रीवास्तव अवनीश उपाध्याय राहुल यादव प्रवीण मौर्य अनिल मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## सरकारी भूमि पर अवैध खनन का भंडाफोड़, पोकलैंड मशीन जब्त

● खनिज विभाग की छापेमारी के बाद अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम कड़ेसराकलां में सरकारी भूमि से अवैध रूप से मौरम और बालू के खनन का मामला सामने आया है। खनिज विभाग की टीम ने छापेमारी कर मौके से अवैध खनन में लगी पोकलैंड मशीन को जब्त कर लिया। खान अधिकारी की तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने अज्ञात मशीन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 फरवरी 2026 को खनिज विभाग की टीम ग्राम कड़ेसराकलां में जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान ग्राम कड़ेसराकलां स्थित सरकारी आराजी संख्या 1445 पर बड़े पैमाने पर मौरम और बालू का अवैध उत्खनन पाया गया। आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति या खनन पट्टे के पोकलैंड मशीन के जरिए सरकारी भूमि से खनिज निकाला जा रहा था। खनिज विभाग की टीम को मौके पर पहुंचता देख पोकलैंड मशीन चालक मशीन छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद विभागीय टीम ने मशीन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया और पुलिस को मामले की सूचना दी। मामला थाना तालबेहट में एफआईआर संख्या 0156/2026 के तहत दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अमित कुमार कर रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात पोकलैंड मशीन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 324(3) तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## अंबेडकरनगर में डंपर चालक की दर्दनाक मौत, हाई-वोल्टेज तार से छूने पर जिंदा जला

**अंबेडकरनगर।** नगर के अमरौला वार्ड में मिट्टी गिराते समय एक डंपर विद्युत प्रवाहित हाई वोल्टेज तार से छू गया। इसमें डंपर सहित अकबरपुर के चिऊटीपारा गांव का चालक आलोक वर्मा जिंदा जल गया। जानकारी के मुताबिक, जंग बहादुर के भट्टे के लिए डंपर से मिट्टी डाली जा रही थी। चालक ने डंपर का डाला खुलने के लिए हाइड्रोलिक ऊपर किया।

इसी दौरान डाला ऊपर से गुजरी 11 हजार की उच्च क्षमता वाली बिजली लाइन से टकरा गया। इससे डंपर आग का गोला बन गया। चालक की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़े, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई भी उसके पास पहुंचने का साहस नहीजुटा सका। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर आग बुझाया, लेकिन तब तक चालक जिंदा जल चुका था। कोतवाल श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## अंबेडकरनगर में सोते वृद्ध दुकानदार की बेरहमी से हत्या, इलाके में सनसनी



**अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर के सुलतानगढ़ बाजार में घर के सामने सो रहे वृद्ध की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। दाऊदपूर के वृद्ध जयराम गौड़ सिलाई का काम करते थे और प्रतिदिन अपनी दुकान के सामने ही सो जाते थे। रात करीब दो बजे उनकी हत्या कर दी गई। शव चारपाई से नीचे खून से सना पाया गया। शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से चोट के निशान मिले हैं। स्वजन पहुंचे तो वृद्ध का शव खून से सना पड़ा देख सन्न रह गए। सुबह ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस जांच करते हुए स्वजन और बाजार वासियों से जानकारी ली। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## राजकीय आईटीआई नैनी में मारुति सुजुकी का अप्रेंटिसशिप/प्लेसमेंट मेला सम्पन्न

**460 प्रशिक्षार्थियों का चयन**



**नैनी, प्रयागराज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दिनांक 18 मई 2026 एवं 19 मई 2026 को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित दो दिवसीय अप्रेंटिसशिप/प्लेसमेंट मेला सकुशल सम्पन्न हुआ। मेले में कुल 542 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर 460 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया।कंपनी की ओर से एचआर हेड श्री दीपक चौरसिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने प्रशिक्षार्थियों का चयन किया। मेले का उद्घाटन संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी राकेश कुमार शर्मा, अप्रेंटिस प्रभारी अशोक कुमार, वरिष्ठ अप्रेंटिस सलाहकार अमृत लाल गुप्ता, कार्यदेशक मनोज सिंह,अनुदेशक राजदेव प्रजापति, भोलानाथ, प्रेमशंकर,राजेश कुमार,अरविंद गुप्ता, जगेसर प्रसाद,आंचल पांडे एवं संजय कुमार कृष्णा सहित संस्थान के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मेले के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जलते दिए से डेयरी की दुकान में लगी आग, हजारों का सामान जलकर हुआ खाक



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मलहरा फाटक के समीप सोमवार की रात एक डेयरी की दुकान में जल रहे दिए की लव से अचानक आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखे हजारों रुपए कीमती सामान जलकर खाक हो गया। काफी मशक्कत करने के बाद स्थानीय लोगों ने आग को बुझाया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात में तकरीबन 9:00 बजे मलहरा फाटक के समीप स्थित एक डेयरी की दुकान में जलते दिए के चलते अचानक आग लग गई। आग लगते ही वहां पर अफरा-तफरी मच गई। आग की लव देख स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। काफी मशक्कत करने के बाद स्थानीय लोगों ने आग को बुझा दिया। तब तक दुकान के अंदर रखे हजारों रुपए कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया। लोगों का कहना था, कि डेयरी के ठीक बगल में ही एक पटाखे की दुकान भी थी, यदि यह आग और अधिक बढ़ गई होती, तो आस पास की दुकानों के लिए भी मुसीबत बन जाती।

## एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, 50 हजार का इनामी बदमाश बांदा से गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स की प्रयागराज यूनिट को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी को बांदा जनपद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को संबंधित थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, जहां पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार एसटीएफ प्रयागराज यूनिट को काफी समय से इनामी अपराधी की लोकेशन और गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। इसी क्रम में टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही थी। मंगलवार को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने बांदा में घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी भागने की कोशिश करता रहा, लेकिन एसटीएफ जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी पर विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर शासन की ओर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उसकी तलाश में कई जिलों की पुलिस टीमें लगातार जुटी हुई थीं। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसके आपराधिक नेटवर्क और सहयोगियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तारी के बाद संबंधित जनपद पुलिस को आरोपी को सुपुर्द कर दिया गया है, जहां आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# राज्य का कर्तव्य केवल अपराधी पर मुकदमा चलाने तक ही सीमित नहीं, : इलाहाबाद हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

● **इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एसिड हमले के पीड़ितों के पुनर्वास और मुआवजे के लिए व्यापक नीति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कोर्ट ने प्रमुख सचिव (गृह) और प्रमुख सचिव (महिला एवं बाल कल्याण विभाग) को 25 मई को तलब कर प्रभावी तंत्र बनाने का निर्देश दिया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एसिड हमले के मामलों को हल्के और लापरवाही से निपटाने तथा पीड़ितों के मुआवजे, पुनर्वास और दीर्घकालिक सहायता के लिए व्यापक नीति तैयार नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने उच्चतम प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस प्रयास न करने पर कड़ी आपत्ति जताई। खंडपीठ ने एक प्रकरण में प्रमुख सचिव (गृह) और प्रमुख सचिव (महिला एवं बाल कल्याण विभाग) को 25 मई को तलब किया है। कहा है कि एसिड हमला पीड़ितों के मुआवजे, पुनर्वास और दीर्घकालिक सहायता के लिए प्रभावी तंत्र बनाया जाए। मुआवजे की राशि तर्कसंगत हो। कोर्ट का कहना है कि राज्य का कर्तव्य केवल अपराधी के खिलाफ मुकदमा चलाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। पीठ ने उक्त टिप्पणियां पीड़िता फरहा की याचिका की सुनवाई करते हुए की है। याची ने सरकार से अधिक मुआवजे के साथ-साथ सरकारी प्रतिष्ठान में रोजगार मांगा है। उसका कहना है कि जब वह एसिड हमले की शिकार हुई तब उसकी उम्र 24 साल थी और मामूली छह लाख रुपये के मुआवजे के अलावा राज्य सरकार ने उसके पुनर्वास के लिए कुछ नहीं किया। याची के वकीलों ने बताया कि जुलाई 2025 में उत्तर प्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को अभ्यावेदन दिया गया था, लेकिन आज तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हाई कोर्ट ने पहले प्रदेश सरकार से एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा था जिसमें ऐसे मामलों के लिए बनाई गई किसी भी नीति/दिशानिर्देशों और याचिकाकर्ता के पुनर्वास के लिए की गई कार्रवाई का उल्लेख हो। न्यायालय के आदेशानुसार एडिशनल मुख्य सचिव (गृह) ने हलफनामा दायर किया, लेकिन अदालत इससे प्रभावित नहीं हुई। उसने पाया कि इसमें विभागों के बीच चर्चाओं का उल्लेख मात्र है। पीड़ितों की व्यापक मदद, पुनर्वास की कोई योजना नहीं है। कोर्ट ने टिप्पणी की, हलफनामे में उस गंभीरता का अभाव है जिसकी इस मामले में आवश्यकता है। पीठ ने भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची - दो के तहत राज्य के संवैधानिक दायित्व पर प्रकाश डाला। कहा, कानून और व्यवस्था बनाए रखना और शारीरिक अखंडता की रक्षा करना राज्य के कर्तव्य हैं। जहां इस



तरह के जघन्य अपराध होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप किसी नागरिक का जीवन स्थायी रूप से तबाह हो जाता है, वहां राज्य का संवैधानिक दायित्व केवल अपराधी पर मुकदमा चलाने के साथ समाप्त नहीं होता है। कोर्ट ने कहा कि राज्य का यह भी दायित्व है कि वह सार्थक पुनर्वास और पर्याप्त पुनर्स्थापनात्मक सहायता सुनिश्चित करे ताकि ऐसे अपराधों के पीड़ित भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत गरिमा के साथ जीवन यापन कर सकें।

## 16 यूपी बटालियन के नेतृत्व में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-63 का आयोजन, भीषण गर्मी में भी कैडेट्स का मनोबल उच्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज:** युवा शक्ति में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु एन.सी.सी. ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 16 यूपी बटालियन एन.सी.सी. प्रयागराज द्वारा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-63 का आयोजन 20 मई 2026 से 29 मई 2026 तक बी.बी.एस. विद्या मन्दिर, कादिलपुर, प्रयागराज में किया जाएगा। शिविर का संचालन 16 यूपी बटालियन एन.सी.सी. प्रयागराज के नेतृत्व में संपन्न होगा। इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रयागराज ग्रुप की विभिन्न बटालियनों से लगभग 550 से अधिक कैडेट्स सहभागिता करेंगे। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में सैन्य अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, राष्ट्रीय एकता एवं सेवा भावना का विकास करना है। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भीषण गर्मी एवं उष्ण लहर जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कैडेट्स का उत्साह एवं मनोबल उच्च बना हुआ है। 16 यूपी बटालियन एन.सी.सी. प्रयागराज द्वारा कैडेट्स की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। शिविर परिसर में वाटर कूलर, कूलर, पंखा एवं शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ चिकित्सकीय सहायता एवं विश्राम स्थलों की विशेष व्यवस्था की गई है। यह शिविर कैम्प कमांडेंट कर्नल निशांत बरियार एवं डिप्टी कैम्प कमांडेंट मेजर संतोष जायसवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न होगा। उक्त जानकारी 16 यूपी बटालियन एन.सी.सी. प्रयागराज के कमान अधिकारी एवं कैम्प कमांडेंट कर्नल निशांत बरियार ने दी।

## बकरीद से पहले करेली की बदहाल सड़कों को लेकर AIMIM ने नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करेली/प्रयागराज।** आगामी 28 मई को मनाए जाने वाले ईदुल अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर शहर में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग तेज हो गई है। इसी क्रम में (AIMIM) के महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर करेली क्षेत्र की समस्याओं और बकरीद पर्व पर आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि बकरीद के अवसर पर शहर में बड़ी संख्या में छोटे एवं बड़े मवेशियों की आवाजाही होती है, ऐसे में प्रशासन द्वारा व्यापारियों और पशु विक्रेताओं को विश्वास में लेकर समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जानवरों को मंडियों तक लाने वाली गाड़ियों को प्रशासनिक सुरक्षा दी जाए ताकि व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिन स्थानों पर मवेशियों की मंडियां लगती हैं वहां नगर निगम की ओर से पेयजल के लिए पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा स्लॉटर हाउस की साफ-सफाई बेहतर ढंग



से कराते हुए पर्व के दौरान तीन दिनों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं, जिससे लोगों को असुविधा न हो। बदहाल सड़कों और सीवर लाइन निर्माण कार्य का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के नाम पर सड़कों को खोदकर मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर छोड़ दिए गए हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर उड़ती धूल और मिट्टी से प्रदूषण बढ़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेरों को तत्काल हटाया जाए और प्रदूषण कम करने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। साथ ही बरसात शुरू होने से पहले सभी खुदाई कार्यों को पूरा कर रास्तों को पूरी तरह आवागमन योग्य बनाया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित युवक गिरफ्तार, करैली पुलिस को मिली सफलता

**करैली/प्रयागराज।** थाना करैली पुलिस ने पाक्सो एक्ट से जुड़े एक गंभीर मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस टीम ने मंगलवार को करैली थाना क्षेत्र के करेहदा बाजार से अभियुक्त विवेक पुत्र सुरेश भारतीया निवासी करेंहदा थाना करैली, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र लगभग 19 वर्ष बताई जा रही है। थाना करैली में आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0 93/2026 के तहत धारा 137(2), 87, 65(1), 351(3) बीएनएस तथा 3/4 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। पुलिस के मुताबिक मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त की तलाश तेज कर दी गई थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेजते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े अपराधों के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मेजा के पांती गांव में 14 वर्षीय समीर की संदिग्ध मौत, एक युवक हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मेजा/प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के पांती गांव में मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक के समीप एक किशोर का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पांती गांव निवासी 14 वर्षीय समीर कुमार पुत्र राजाराम का शव गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सुबह जब स्थानीय लोग उधर से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय, थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह तथा मेजारोड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। मौके की जांच के दौरान पुलिस ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पड़ताल की। परिजनों ने



आरोप लगाया है कि समीर की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंका गया है ताकि घटना को हादसे का रूप दिया जा सके। परिजनों का कहना है कि समीर का किसी से कोई विवाद नहीं था और वह घर का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने परिवार की आशंका के आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

फिलहाल पुलिस हत्या, दुर्घटना और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किए जाने की उम्मीद है।

## प्रयागराज नगर निगम ने ट्रैफिक सिग्नलों पर बनाई हरे परदों की छांव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** संगम नगरी में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से आमजन को राहत देने के लिए प्रयागराज नगर निगम ने सराहनीय पहल की है। शहर के कई प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर रेड सिग्नल के दौरान रुकने वाले लोगों को धूप से बचाने हेतु हरे रंग के परदों और छायादार व्यवस्था की शुरुआत की गई है। नगर निगम की इस व्यवस्था से वाहन चालकों और राहगीरों को काफी राहत मिल रही है। नगर निगम द्वारा म्योहाल चौराहा, लोक सेवा आयोग चौराहा, धोबी घाट पेट्रोल पंप के आसपास सहित शहर के कई व्यस्त ट्रैफिक सिग्नलों पर विशेष रूप से हरे परदे लगाकर अस्थायी छांव तैयार की गई है। इन स्थानों पर रेड सिग्नल के दौरान रुकने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को अब सीधे धूप का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इन दिनों प्रयागराज में तापमान लगातार 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। दोपहर के समय सड़क पर निकलना लोगों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। ऐसे में ट्रैफिक सिग्नलों पर लंबी प्रतीक्षा के दौरान तेज धूप और लू से बचाव के लिए नगर निगम की यह पहल आमजन के लिए राहत भरी साबित हो रही है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने नगर निगम की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में यह छोटा लेकिन बेहद उपयोगी प्रयास है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इससे काफी सुविधा मिल रही है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर के अन्य प्रमुख चौराहों पर भी इसी तरह की छायादार



व्यवस्था किए जाने की योजना है, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को अधिक से अधिक राहत प्रदान की जा सके। प्रशासन का उद्देश्य ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।

## झूंसी रेलवे स्टेशन के पास युवक की ट्रेन से कटकर मौत

● **दिल्ली जा रहा था बिहार निवासी युवक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**झूसी, प्रयागराज।** झूंसी रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान बिहार निवासी 28 वर्षीय सुशील शर्मा पुत्र जितेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुशील अपने भाई के साथ दिल्ली जाने के लिए स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में सवार हुआ था। यात्रा के दौरान मंगलवार सुबह अचानक वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई ने बताया कि दोनों भाई घर से दिल्ली जाने के लिए निकले थे। यात्रा के दौरान ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने शोर मचाकर बताया कि कोई युवक नीचे गिर गया है। सूचना मिलने पर वह तुरंत झूंसी रेलवे स्टेशन पर उतरा और



स्टेशन मास्टर को घटना की जानकारी दी। इसके बाद एंबुलेंस बुलाने की सूचना दी गई और आसपास युवक की तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद रेलवे ट्रैक के किनारे सुशील शर्मा का शव मिला। भाई ने शव की पहचान अपने भाई के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में चलती ट्रेन से गिरने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## लखनऊ के निगोहां में रायबरेली के तीन बदमाशों ने नशे में की थी लूट, एक गिरफ्तार

**निगोहां।** लालपुर टावर के पास शराब के नशे में वेयरहाउस कर्मी से रायबरेली निवासी तीन बदमाशों ने लूट की थी। मंगलवार को पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटी गई बाइक और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है। आरोपित के दो अन्य साथियों की तलाश जारी है। रायबरेली के सेहगो पश्चिम गांव निवासी अजीत सिंह रविवार तड़के मोहनलालगंज के एक गोदाम से ड्यूटी कर घर जा रहे थे। निगोहां के लालपुर टावर के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें जबरन रोक लिया। मारपीट कर बाइक, मोबाइल फोन और पांच सौ रुपये लूट लिए थे। पीड़ित ने निगोहां थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण अमित कुमार आनंद ने बताया कि दो सौ सीसी कैमरों की मदद से आरोपितों को चिन्हित किया गया। मुखबिर से मिली सूचना पर घेराबंदी कर निगोहां- नगराम रोड से एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान रायबरेली के डीह स्थित लोकई का पुरवा निवासी हरिओम तिवारी के रूप में हुई। हरिओम ने बताया कि रायबरेली के फुरसतगंज निवासी लवकुश यादव और डीह निवासी पंकज तिवारी के साथ वह गुडंबा में किराये पर रहकर पेंटिंग करते थे। शनिवार को तीनों शराब पीकर रायबरेली जा रहे थे तभी रास्ते में युवक को अकेला देखकर उससे लूट की थी। लूट की बाइक वह अन्य घटनाओं में इस्तेमाल करने वाले थे।

## मुख्यमंत्री से मिले महापौर, प्रयागराज के विकास और सौंदर्यीकरण पर की विस्तृत चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** महा पौर।गणेश केसरवानी ने लखनऊ में योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर प्रयागराज के विकास, सौंदर्यीकरण एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान शहर के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, यातायात व्यवस्था, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विकास, स्वच्छता तथा जनसुविधाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए गए। महापौर गणेश केसरवानी ने मुख्यमंत्री को नगर निगम द्वारा संचालित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रयागराज को आधुनिक, स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण, हरित विकास, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया। साथ ही शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए नए फ्लाईओवर और स्मार्ट ट्रैफिक व्यवस्था की आवश्यकता को भी प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान महापौर ने प्रयागराज के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रस्ताव भी रखा। इनमें रामसेतु निर्माण, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना, साहित्य तीर्थ निर्माण तथा आध्यात्मिक विश्वविद्यालय की स्थापना जैसे



बड़े प्रोजेक्ट शामिल रहे। महापौर ने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रयागराज को शिक्षा, संस्कृति, अध्यात्म और तकनीकी विकास के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस अवसर पर6ने नगर निगम प्रयागराज द्वारा स्थापित महान विभूतियों की प्रतिमाओं के अनावरण कार्यक्रम को लेकर भी मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध किया। उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की प्रतिमाओं के अनावरण हेतु मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के विकास एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रयागराज उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रयागराज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा आधुनिक विकास और सांस्कृतिक विरासत के संतुलन के साथ शहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

## प्रयागराज में गर्मी का तांडव, 46.8 डिग्री पहुंचा पारा

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज में भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे संगम नगरी आग की भट्ठी में तब्दील होती नजर आई। तेज धूप और गर्म हवाओं ने सुबह से ही लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर होते-होते सड़कें सूनी पड़ गई और बाजारों में भीड़ न के बराबर दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक राहत मिलने की संभावना कम है। विभाग ने हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी करते हुए लोगों से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घरों में ही रहने की अपील की है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय बाहर निकलना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। शहर में पड़ रही झुलसा देने वाली गर्मी का असर जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग सिर और चेहरा ढककर निकल रहे हैं। ठंडे पेय पदार्थों, जूस और पानी की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है, जबकि दोपहर के समय मुख्य सड़कें लगभग खाली नजर आ रही हैं। डॉक्टरों ने बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों के मुताबिक लगातार तेज धूप और गर्म हवाओं के संपर्क में रहने से डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और चक्कर आने जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ सकती हैं। लोगों को अधिक मात्रा में पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने और धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है। यदि अत्यंत जरूरी कार्य हो तो सिर को गमछे या टोपी से ढककर ही बाहर निकलें।गर्मी का असर बिजली और पानी की खपत पर भी दिखाई देने लगा है।

## यूपी कैबिनेट की बड़ी सौगातः एसआरएन अस्पताल का होगा विस्तार, बनेगा अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी

**ब्यूरो प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल को लेकर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। यूपी कैबिनेट ने अस्पताल के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के तहत अस्पताल को 31,300 वर्गमीटर अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे अस्पताल का विस्तार होने के साथ-साथ एमजी मार्ग से सीधे प्रवेश का रास्ता भी खुल जाएगा। सरकार के इस फैसले से प्रयागराज सहित आसपास के जिलों के लाखों मरीजों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। लंबे समय से अस्पताल में बढ़ते मरीजों के दबाव और सीमित संसाधनों को देखते हुए विस्तार की मांग उठ रही थी। अब कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने आगे की कार्रवाई तेज कर दी है।

### मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल और ट्रॉमा एल-वन सेंटर बनेगा

अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही गंभीर दुर्घटनाओं और आपातकालीन मरीजों के इलाज के लिए ट्रॉमा एल-वन सेंटर भी बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि ट्रॉमा सेंटर के निर्माण




पर करीब 49 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन की ओर से इसके लिए पहली किस्त भी जारी कर दी गई है, जिससे निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है। ट्रॉमा सेंटर बनने से सड़क हादसों, गंभीर चोट और आपातकालीन मामलों में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। वर्तमान में प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण कई बार मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### एमजी मार्ग से खुलेगा सीधा प्रवेश

विस्तार योजना के तहत अस्पताल को एमजी मार्ग से सीधे जोड़ने की तैयारी है। नया प्रवेश मार्ग बनने से मरीजों और तीमारदारों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा होगी। वर्तमान में अस्पताल परिसर में पहुंचने के लिए संकरी और भीड़भाड़ वाली सड़कों से गुजरना पड़ता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।

### जर्जर भवनों का होगा ध्वस्तीकरण

अस्पताल परिसर में मौजूद पुराने और जर्जर भवनों को चिन्हित कर उनके ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि पुराने भवन हटने के बाद नए निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जाएंगे। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

विशेषज्ञों का मानना है कि एसआरएन अस्पताल के विस्तार से प्रयागराज मंडल की स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम मिलेगा। आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से मरीजों को लखनऊ और दिल्ली जैसे बड़े शहरों का रुख कम करना पड़ेगा। सरकार की इस पहल को प्रयागराज के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरूकता अभियान शुरू

**ललितपुर।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर सीएमओ कार्यालय सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के प्रति लोगों को जागरूक करने और समय पर जांच व उपचार सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत 17 मई से 16 जून 2026 तक पूरे जनपद में विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग में उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर पहचान करना तथा मरीजों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ निशुल्क स्क्रीनिंग कैम्प भी लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहरी मलिन बस्तियों और दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे, जहां उच्च रक्तचाप के साथ-साथ डायबिटीज और कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियों की शुरुआती जांच भी की जाएगी। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सकों के लिए वेबिनार भी आयोजित होंगे। डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष की थीम एक साथ मिलकर उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करें, नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करें, इस साइलेंट किलर को हराएं रखी गई है। उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण दिखाई नहीं देते और यह हृदय, मस्तिष्क, किडनी व आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। गोष्ठी में चिकित्सकों ने लोगों को संतुलित आहार अपनाने, नमक का सीमित सेवन करने, नियमित व्यायाम करने, तनाव कम रखने और नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम, पर्याप्त नींद और योग-मेडिटेशन उच्च रक्तचाप से बचाव में मददगार हैं। कार्यक्रम में अपर सीएमओ डा.वीरेंद्र सिंह, परामर्शी चिकित्सक डा.हुसैन खान, जिला प्रशासनिक अधिकारी हेमंत कुमार, अपर शोध अधिकारी अजय सागर, एपिडेमियोलॉजिस्ट डा.देशराज सिंह सहित सीएमओ कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिहार में ई-वाहनों को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन लगाने पर सरकार देगी 2.25 लाख तक अनुदान



**पटना।** बिहार में इलेक्टिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। सरकार सार्वजनिक और निजी स्तर पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने वालों को उपकरण खरीद पर 75 प्रतिशत तक अनुदान देगी। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक राज्य में 30 प्रतिशत ई-वाहनों की बिक्री का लक्ष्य तय किया है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में यह पहल की गई है।

**एसी और डीसी चार्जर पर मिलेगा अनुदान**

परिवहन विभाग के अनुसार, ई-वाहनों के लिए धीमे और मध्यम एसी चार्जर लगाने पर अनुदान दिया जाएगा। पहले 450 एसी चार्जर की स्थापना पर अधिकतम 75 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि मिलेगी। वहीं तेज एसी चार्जर के पहले 450 यूनिट पर अधिकतम 2.25 लाख रुपये तक अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। डीसी मध्यम चार्जर लगाने वालों को भी अधिकतम 2.25 लाख रुपये तक सहायता राशि दी जाएगी।

**सरकारी संस्थानों को भी मिलेगा लाभ**

राज्य सरकार का कोई भी निगम, बोर्ड, स्थानीय नगर निकाय और लोक उपक्रम अपने स्वामित्व वाली भूमि पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर सकेगा। ऐसे संस्थानों को भी सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का उद्देश्य शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी चार्जिंग सुविधाओं का विस्तार करना है। इससे ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**आवासीय परिसरों में भी बनेंगे चार्जिंग स्टेशन**

आवासीय भवनों, कल्याण संघों और सरकारी गृह समितियों को भी निजी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम पांच कार पार्किंग स्पेस निर्धारित होना आवश्यक होगा। सरकार का मानना है कि आवासीय परिसरों में चार्जिंग सुविधा बढ़ने से लोग अधिक संख्या में ई-वाहन अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। परिवहन विभाग के मुताबिक, इससे पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।

# पश्चिम चंपारण के 127 जनजातीय बहुल गांवों में शुरू हुआ जनभागीदारी अभियान

- जिला पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया अभियान का शुभारंभ
- सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सुविधा और जनसुनवाई से आदिवासी समुदाय को मिलेगा सीधा लाभ




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले के जनजातीय बहुल गांवों में अनुसूचित जनजाति समुदाय तक सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को 'जनभागीदारी अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया गया। बेतिया समाहरणालय परिसर में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी तरणजोत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर एडीएम राजीव कुमार सिन्हा, डीआरडीए निदेशक अरुण प्रकाश, जिला कल्याण पदाधिकारी अमित भास्कर, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक रोहित राज, सभी अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**पांच प्रखंडों के 127 गांवों में लगेंगे विशेष शिविर**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यह विशेष अभियान 25 मई तक चलेगा। इसके तहत बगहा-2, गौनाहा, रामनगर, मैनाटांड़ और योगापट्टी प्रखंड के 127 अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों में 19 मई से 25 मई तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे तथा त्वरित निष्पादन कर प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। साथ ही मेडिकल कैंप के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच, उपचार और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**जनसुनवाई में सीधे रख सकेंगे अपनी समस्याएं**

अभियान के दौरान 21 मई से 25 मई तक चयनित आदि सेवा केंद्रों पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग अपनी समस्याएं सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। अधिकारियों को शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया गया है।

**अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की पहल**

जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य दूरदराज के जनजातीय गांवों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा जरूरतमंद परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ना है। अभियान के सफल संचालन के लिए उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन को वरीय पदाधिकारी नामित किया गया है।

अभियान की तैयारी को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी अमित भास्कर की अध्यक्षता में अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें शिविर संचालन, जनसंपर्क, आवेदन निष्पादन और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने पंचायत के विकास मित्र अथवा संबंधित प्रखंड व अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी से संपर्क कर अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव रंजन सिन्हा, निदेशक, डीआरडीए, अरुण प्रकाश, जिला कल्याण पदाधिकारी, अमित भास्कर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पटना में पेट्रोल और डीजल के दाम फिर बढ़े, हाई स्पीड ऑयल भी हुआ महंगा



**पटना।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दोबारा बढ़ोत्तरी हुई है। मंगलवार सुबह छह बजे से पेट्रोल की कीमत में 96 पैसा और डीजल में 95 पैसा की बढ़ोत्तरी हुई है। पटना में पेट्रोल की नई कीमत 109.51 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल की 95.58 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पहले पटना में डीजल की कीमत 94.63 रुपये प्रति लीटर और पेट्रोल की कीमत 108.55 रुपये थी।

**हाई स्पीड पेट्रोल की कीमत में भी इजाफा**

तेल कंपनियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना में हाई स्पीड पेट्रोल की कीमत में भी 96 पैसा का इजाफा हुआ है। एक्सपी 95 पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमत 118.42 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके पहले 15 मई को पेट्रोल की कीमत प्रति लीटर 3.32 रुपये और डीजल की कीमत में 3.14 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई थी।

## जनसुनवाई में जिला पदाधिकारी ने सुनीं 71 फरियादें, कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में दिनांक 18 मई, सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान कुल 71 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी समस्याएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल संकट, सड़क निर्माण एवं मरम्मत तथा राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कई मामलों में जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। जनसुनवाई में रामबाबू प्रसाद, काशी राम, रमेश चौधरी, मकसूद आलम, गुड्डू कुमार, आशीष तिवारी, आँचल कुमारी, रानी देवी, सौरभ वाजपेयी, विनोद साह, बिहारी शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। यह जनसुनवाई कार्यक्रम सात निश्चय-3 के तहत संचालित 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। प्रशासन का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन कर उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, वरीय उप समाहर्ता रोचना माद्री, नगमा तबस्सुम, अहमद अली अंसारी, ज्योति रानी, पीजीआरओ बेतिया मासूम अंसारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज की लोभ में ससुराल वालों ने नवविवाहिता की ली जान

- परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**चार माह पेट से थी नवविवाहिता, छह माह पूर्व हुई थी शादी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** खबर बेतिया के लौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगौली खेखरिया टोला की है, जहां ससुराल वालों ने दहेज के लोभ में नव विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दिया, एवं घटनास्थल से पुलिस को देख फरार हो गए।बता दे की विगत 6 माह पूर्व हिंदी रीति रिवाज के साथ बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत के बगही निमिया टोला निवासी ललन साह के पुत्री मधु देवी की शादी लौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत के सुगौली खेखरिया टोला वार्ड संख्या 12 निवासी मनोज साह के पुत्र धर्मेंद्र साह से हुई थी, जहां मधु देवी के परिजनों ने शादी के समय दहेज में किए गए मांगों को पूर्ति कर दिए थे, बावजूद उसके करीब दो- ढाई माह से मधु देवी के ससुराल वाले पुनः दहेज के लिए उसे हमेशा प्रताड़ित एवं मारपीट किया करते थे मधु देवी जो करीब चार माह पेट से थी अपने मायके आई हुई थी, जहां उसके पति धर्मेंद्र साह ने करीब एक सप्ताह पूर्व जबरन उसे बुलाकर ले गए, परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र साह के द्वारा दहेज की मांग में पुनः मोटरसाइकिल की मांग की गई, एवं धमकी दि गई की मोटरसाइकिल नहीं देने पर मधु देवी को जान से मार देंगे, इस बात को सुन परिजन व्याकुल हो गए परिजनों ने उन्हें आश्वासन दिया तो वहीं कल दिनांक 17 मई, रविवार की शाम करीब 5 बजे धर्मेंद्र साह एवं उनके परिवार के द्वारा मधु देवी की हत्या कर घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई, जहां सूचना पर पहुंचे परिजन ने बताया कि उनकी बेटी मधु देवी को मृत अवस्था में



लेटाकर घटनास्थल से सभी ससुराल वाले फरार हो गए, घटना की सूचना स्थानीय लौरिया थाना को मृतिका के परिजनों द्वारा दी गई, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेजा, वही दिनांक 18 मई, सोमवार को करीब 11बजे पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है, इस घटना से मृत परिजनों का रो-रो का बुरा हाल है, वही मामले को लेकर स्थानीय पुलिस पूरी घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। मृतिका परिजनों ने इस घटना को लेकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## स्वच्छता कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान अबिलंब हो: सुनील कुमार

- स्वच्छता कर्मियों को स्थाई किया जाए: ठाकुर साह

**स्वच्छता कर्मियों को 21 हजार रुपए वेतन दिया जाए: जोखू चौधरी**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** सोमवार को असंगठित कामगार महासंघ, एक्टू से संबद्ध स्वच्छता कर्मी संघ बैरिया द्वारा अपनी दस सुत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता स्वच्छता कर्मी संघ के संरक्षक सुनील कुमार राव ने कहा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में स्वच्छता कर्मियों की बहाली की गई ताकि पंचायतों में स्वच्छता अभियान सफल रहे। किंतु सरकार स्वच्छता कर्मियों की सुनने को तैयार नहीं है। प्रखंड के पंचायतों में स्वच्छता कर्मियों के 12 से 15 माह का वेतन बकाया है।स्वच्छता कर्मियों के सामने भुखमरी की समस्या पैदा हो गई है। कोई सुनने को तैयार नहीं है। वहीं स्वच्छता कर्मियों को उनके रिक्शा, वर्दी, दस्ताना, जुता, कचरा जमा करने वाला डब्बा, आदि चयन के समय ही दिया गया है वह अब काम लायक़ नहीं है। रिक्शा मरम्मती का पैसा भी पंचायतों द्वारा नहीं दिया जा रहा है। भाकपा माले नेता ठाकुर साह ने कहा। उत्तरी पटजिरवा पंचायत में कचरा प्रबंधन वाला घर तक नहीं बना है। कई पंचायतों में एक के जगह दो स्वच्छता कर्मियों को कागजों में बहाल कर दिया गया है। एक स्वच्छता कर्मी के वेतन से दो स्वच्छता कर्मी का वेतन दिया जाता है। वहीं पखनाहा डुमरिया पंचायत के पंचायत सेवक, स्वच्छता पर्यवेक्षक वेतन में आधा रिश्वत ले रहे हैं।चंद्र किशोर कुमार के कहा बगही पंचायत के भी चार चार हजार रिश्वत लिया गया है। नकछेद राम ने कहा कि हम लोग असुरक्षित माहौल में काम करते हैं। हम लोगों को बीमा का भी सुविधा नहीं है। पंचायतों द्वारा न जुता, न वर्दी, न दस्ताना का व्यवस्था ही किया जा रहा है। माले नेता जोखू चौधरी ने कहा कि रिक्शा मरम्मती का पैसा पंचायतों द्वारा नहीं दिया जा रहा है। इनका वेतन पंचायतों से नहीं करके सीधे जिला द्वारा स्वच्छता कर्मियों के खाता में दिया जाए। कार्यक्रम को दहाड़ी साह, अर्जून राऊत, उमेश कुमार, सनफी खातून, अनिता देवी, सलेहा खातून, विजय साह, उमाशंकर राम, जनक पासवान, सुखी देवी संगीता देवी, इलायची खातून आदि मौजूद रहीं।

## बिहार में खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरी, सम्राट सरकार जल्द जारी करेगी नोटिफिकेशन

**पटना।** बिहार के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी बहाली की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर राज्य सरकार ने सभी विभागों और कार्यालयों से रिक्त पदों का ब्योरा मांगा है, ताकि नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सरकार (Bihar Government) ने जारी निर्देश में कहा है कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए वर्ष 2026 का विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है। इसके लिए विभिन्न विभागों में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके। बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2025 के तहत अलग-अलग वेतन स्तर और ग्रेड-पे वाले पदों की सूचना मांगी गई है। नियमावली का हवाला देते हुए कहा गया है कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति सीधी भर्ती वाले पदों पर की जाएगी। प्रोन्नति (प्रमोशन) के लिए आरक्षित पदों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। नियुक्ति असैनिक संवर्ग में उपलब्ध मूल कोटि के पदों पर की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ सुरक्षित भविष्य भी मिलेगा। साथ ही युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## सहरिया जनजाति को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

- डीएम ने जनजाति ग्रामों में कैंप लगाकर जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड बनवाए जाने के दिए निर्देश

**सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिले को मिला 11वां स्थान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। समीक्षा में सीएम डैशबोर्ड पर जिले को ऑलओवर 11 वीं रैंक प्राप्त हुई, जिसमें विकास कार्यो में 8 और राजस्व में 26 वीं रैंक शामिल है। जिलाधिकारी ने जहां प्रगति में सुधार करने वाले विभागों को सराहा तो वहीं खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को भी फटकार लगायी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सहरिया जनजाति के लोग दस्तावेज न होने की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं, उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों, मजरों को चिन्हित कर वहां कैंप लगाकर शत प्रतिशत लोगों के जन्म प्रमाण पत्र व आधारकार्ड बनवाए जाएं और प्रतिदिन बनाए गए दस्तावेजों की रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने फैमिली आईडी की कम प्रगति पर सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष फैमिली आईडी बनवाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, पर्यावरण, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, निराश्रित महिला पेंशन, सेतु निर्माण, श्रम एवं सेवायोजन, पारिवारिक लाभ योजना एवं सहकारिता विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत आदि विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।

## अब ड्रोन की नजर में रहेंगे बालू घाट, बिहार में अवैध खनन रोकने के लिए तैयारी

बिहार में अवैध बालू खनन और ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने के लिए खान एवं भूतत्व विभाग अब ड्रोन का सहारा लेगा। खान एवं भू-तत्व विभाग ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की तर्ज पर राज्य के करीब साढ़े चार सौ बालू घाटों की निगरानी ड्रोन कैमरों से करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए विभाग निजी एजेंसी के साथ करार करेगा, जो ड्रोन उपलब्ध कराने के साथ निगरानी व्यवस्था भी संभालेगी। खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। विभाग का मानना है कि ड्रोन निगरानी से अवैध खनन, तय सीमा से अधिक बालू उठाव और बिना चालान परिवहन जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। ड्रोन के जरिए घाटों की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर संबंधित जिला प्रशासन और खनन अधिकारियों को तुरंत सूचना भेजी जाएगी, ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। इसके अलावा ड्रोन से ली गई तस्वीरों और वीडियो को साक्ष्य के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कई जिलों में रात के समय अवैध खनन की शिकायतें लगातार मिलती रही हैं। पारंपरिक निगरानी व्यवस्था में सीमित संसाधनों के कारण कार्रवाई में कठिनाई आती थी। ड्रोन तकनीक लागू होने से निगरानी अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

## सहयोग शिविर की सफलता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : जिला पदाधिकारी

- जन-समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन तैयार, हर पंचायत में होगा सहयोग शिविर का आयोजन

**जिला पदाधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए कई निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** 'सबका सम्मान-जीवन आसान' निश्चय के तहत जन-समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आगामी 19 मई 2026 से जिले की सभी पंचायतों में प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में प्रखंडवार तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सहयोग शिविर सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है और इसे जिले में शत-प्रतिशत सफल बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, क्योंकि शिविर की तैयारियों एवं क्रियान्वयन की उच्चस्तरीय समीक्षा की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि शिविर पूरी तरह व्यवस्थित, पारदर्शी एवं जनहितकारी होना चाहिए। इसके लिए सभी पंचायतों में दिनांक 18 मई, सोमवार से ही टेस्ट रन करने का निर्देश दिया गया, ताकि तकनीकी या व्यवस्थागत कमियों को पहले ही दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त काउंटर, फ्लैक्स एवं मार्गदर्शन संबंधी सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में तैनात कर्मी लैपटॉप के साथ उपस्थित रहेंगे तथा बिजली, इंटरनेट एवं तकनीकी संसाधनों की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिविर में प्राप्त होने वाले नए आवेदनों को उसी दिन पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि आवेदन निष्पादन में किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिन जिलास्तरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति शिविर में नहीं की गयी है, वे भी विभिन्न पंचायतों में जाकर कैंप का निरीक्षण करेंगे तथा अपने विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करेंगे। साथ ही निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने नोडल पदाधिकारियों को अपने-अपने शिविरों की तैयारियों की लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति कोई भी पदाधिकारी मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। उन्होंने पूर्व से लंबित आवेदनों के निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों को सोमवार शाम तक हर हाल में निष्पादित कर लिया जाए।उन्होंने जिलास्तरीय कंट्रोल रूम को पूरी तरह सक्रिय एवं फंक्शनल बनाए रखने का निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि पहले चरण के शिविर को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के बाद अगले शिविर की तैयारी में भी तुरंत जुट जाना होगा, ताकि आम लोगों को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।

## गौशालाओं में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त, पशु क्रूरता अधिनियम में एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के समस्त गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के बेहतर रखरखाव, भूसा, चारा, साइलेज, पेयजल, छाया, टीन शेड एवं भीषण गर्मी व लू से बचाव संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने निरीक्षण क्षेत्रों के गोवंश आश्रय स्थलों की कंपाइल रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी गोवंश आश्रय स्थलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए वहां गोवंश के लिए उपलब्ध भूसा, चारा, साइलेज, पेयजल, छाया, टीन शेड तथा गर्मी एवं लू से बचाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के दौरान तहसीलदार पाली ने अवगत कराया कि उनके द्वारा विकासखंड बालाबेहट स्थित गोवंश आश्रय स्थल के निरीक्षण में गोवंश के रखरखाव की व्यवस्थाएं अत्यंत खराब पाई गई। निरीक्षण के दौरान वहां गायों के लिए पर्याप्त छाया एवं गर्मी से बचाव की समुचित व्यवस्था नहीं मिली, वहीं चारा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। *इस पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त गोवंश आश्रय स्थल का संचालन कर रही समाजसेवी संस्था 'गौ सेवा समिति' को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तहसीलदार पाली को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र के सचिव के माध्यम से गौ सेवा समिति के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की विभिन्न धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी गोवंश आश्रय स्थल संचालित कर रही समाजसेवी संस्थाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई संस्था गोवंश के चारे में अनियमितता या चोरी कर लाभ कमाने का प्रयास कर रही है तो वह तत्काल गौशाला संचालन छोड़ दे। शासन की मंशा के विपरीत गोवंश के संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी गोवंश आश्रय स्थल में गोवंश के प्रति लापरवाही, चारा चोरी अथवा व्यवस्थाओं में अनियमितता पाई गई तो संबंधित संस्था संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बिजरौठा गौशाला के नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खंड के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी द्वारा एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए गए और उन्हें नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निरंतर गोवंश आश्रय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करते रहें तथा भीषण गर्मी के दृष्टिगत गोवंश के लिए छाया, पेयजल, चारा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं हर हाल में सुनिश्चित कराएं, जिससे संरक्षित गोवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भगवान सिंह, सभी खंड विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी डी एस दयाल, सभी नोडल अधिकारी, स्वंयसेवी संस्थाएं, पशु चिकित्सक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लू से बचाव के लिए सोनभद्र विकास समिति ने महिला समूहों को किया जागरूक



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** मंगलवार दिनांक 19 मई 2026 सोनभद्र विकास समिति के कार्य क्षेत्र हर्दिहवा, गडौरा, कुकराही और शिवपुर गांवों में महिलाओं को भीषण गर्मी और लू (हिटवेव) के प्रकोप से बचाने के लिए विशेष जागरूकता बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में महिला समूहों की कुल 45 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए सोनभद्र विकास समिति के सचिव राजेश चौबे ने अपना संदेश देते हुए कहा कि भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लू से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। हमारा उद्देश्य है कि हर परिवार तक सही जानकारी पहुंचे ताकि लोग मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रह सकें और समय रहते प्राथमिक उपचार अपना सकें। बैठक का नेतृत्व करते हुए संस्था की काउंसलर साधना सिंह ने महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस मौसम में शरीर में पानी की कमी न होने दें और धूप में निकलते समय हमेशा सिर व मुंह को सूती कपड़े से ढक कर रखें। इस मौके पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता रेखा और सुनीता ने भी ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया और उन्हें घरेलू उपाय जैसे- आम का पना, नींबू-पानी और ओआरएस (ह्रऋस्) के घोल का नियमित इस्तेमाल करने की सलाह दी। कार्यक्रम के सफल संचालन दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने किया।

### जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन को प्रदान की बैसाखी



**जिलाधिकारी ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए तत्काल मुन्ना शाह दिव्यांग को उपलब्ध करायी बैसाखी**

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विकास खण्ड कोन के ग्राम खरौधी निवासी दिव्यांग श्री मुन्ना शाह पुत्र स्व0 मदन शाह ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखी। जिलाधिकारी ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए तत्काल उन्हें बैसाखी उपलब्ध कराई, जिससे दिव्यांगजन भावुक हो उठे तथा उन्होंने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जरूरतमंद, गरीब एवं दिव्यांगजनों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बानपुर पुलिस ने सर्विलांस और साक्ष्यों के आधार पर की कार्रवाई**

**ललितपुर।** थाना बानपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत की। एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना बानपुर पुलिस ने मुकदमा संख्या 105/2026 धारा 61(2), 352, 108 बीएनएस में वांछित आरोपी दयाराम तथा शीला को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वादी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने उसके भाई के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर थाना बानपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी और मैनुअल सर्विलांस के साथ अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी अरुण कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक विकास यादव, उपनिरीक्षक सर्वेश सिंह तथा महिला कांस्टेबल अंजना शर्मा शामिल रहे।

## छात्र-छात्राओं को स्टार ऑफ द मंथ से किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** भाषा से संवाद, संस्कृति से पहचान, एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हुए पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां, सोनभद्र में 13 मई 2026 से 19 मई 2026 तक भारतीय भाषा-ग्रीष्मकालीन शिविर (2026) का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र मुकुल आनंद पांडेय एवं खंड शिक्षा अधिकारी नगवां धनंजय कुमार सिंह के संरक्षण तथा डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव के कुशल निर्देशन में आयोजित इस शिविर ने बच्चों को शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, भाषाई विविधता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

सप्ताह भर चले इस विशेष शिविर में बच्चों के लिए दिवसवार रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की गई। प्रथम दिवस बच्चों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में अभिवादन एवं परिचय देना सिखाया गया। नमस्ते वणक्कम नमस्कार 'सत श्री अकाल जैसे अभिवादन शब्दों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की भाषाई विविधता को समझा। द्वितीय दिवस शब्द एवं संवाद गतिविधियों के अंतर्गत दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले शब्दों, सरल संवादों एवं भाषा खेलों का अभ्यास कराया गया, जिससे बच्चों में संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ।

तृतीय दिवस गीत एवं संगीत गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के गीतों, लोकधुनों एवं समूह गायन में सहभाग किया। संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। चतुर्थ दिवस कहानी एवं कविता गतिविधियों में बच्चों ने कविता पाठ, कहानी वाचन एवं चित्र देखकर रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इससे बच्चों की कल्पनाशक्ति, भाषा समझ एवं मंच प्रस्तुति क्षमता में वृद्धि हुई।

पंचम दिवस कला, चित्रकला एवं संस्कृति पर आधारित गतिविधियों में विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा, लोकनृत्य, भोजन एवं त्योहारों की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने पोस्टर, रंगोली एवं चित्रों के माध्यम से 'हमारी संस्कृति-हमारी धरोहर' विषय को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। छठवें दिवस इंडियन साइन लैंग्वेज (ढ्ढस्रु) गतिविधि के माध्यम से बच्चों को सांकेतिक भाषा के महत्व से परिचित कराया गया। इस सत्र ने बच्चों में संवेदनशीलता, समावेशन एवं सभी के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत किया।

अंतिम दिवस पुनरावृत्ति एवं प्रस्तुति दिवस के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने पूरे सप्ताह सीखी गई गतिविधियों का मंचन किया। समूह गीत, कविता, संवाद एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा प्रत्येक कक्षा से एक छात्र एवं एक छात्रा को 'स्टार ऑफ द मंथ' सम्मान प्रदान किया गया। प्रधानाध्यापक जय प्रसाद चौरसिया ने कहा कि यह शिविर केवल भाषाएँ सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों को भारतीय संस्कृति, एकता एवं सामाजिक समरसता से जोड़ने का अभिनव प्रयास है। संचालन कर रहे डॉ. बृजेश महादेव ने ग्रीष्मावकाश गृहकार्य पर चर्चा करते हुए बच्चों को निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ शिविर समापन की घोषणा की। विद्यालय परिवार के सहयोग से संपन्न यह शिविर बच्चों के लिए यादगार, प्रेरणादायी एवं बहुआयामी सीख का केंद्र बन गया।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो प्रकरण में शक्तिनगर पुलिस की त्वरित कार्यवाही, एक अभियुक्त गिरफ्तार



**शक्तिनगर/ सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की गई। मंगलवार दिनांक 19.05.2026 को शक्तिनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण, बैंक चेकिंग एवं वायरल वीडियो की जांच के दौरान क्कुष्ठ मोड़ चिल्का बस्ती क्षेत्र में पहुंचकर मामले की जांच की गई। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि वायरल वीडियो के संबंध में स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बनी हुई थी। शांति भंग की संभावना के दृष्टिगत सन्त कुमार पुत्र स्व0 राम जी साहू निवासी चिल्काटाड बस्ती थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 55 वर्ष को गिरफ्तार करते हुए धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में -उ0नि0 दिनेश गौतम ,रि0का0 आशीष मिश्रा, म0आ0 पूजा कनौजिया शामिल रहे।

## पेट्रोलियम बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी की अनूठी पहल

● जिलाधिकारी चर्चित गौड़ पैदल पहुंचे कलेक्ट्रेट,

● अधिकारियों-कर्मचारियों से सार्वजनिक परिवहन अपनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा ऊर्जा संरक्षण, पेट्रोलियम बचत एवं पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में किए जा रहे राष्ट्रव्यापी आह्वान के क्रम में जनपद सोनभद्र में भी प्रशासन द्वारा सकारात्मक पहल प्रारम्भ की गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि पेट्रोलियम उत्पादों की बचत हेतु आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण, बैठक, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, किसान दिवस एवं मासिक समीक्षा बैठकों में प्रतिभाग करें, जिससे अनावश्यक ईंधन खपत को कम किया जा सके। ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए आज जिलाधिकारी चर्चित गौड़ अपने आवास से कलेक्ट्रेट कार्यालय पैदल पहुंचे। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रहित में किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं तथा ईंधन बचत प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि सप्ताह में कम से कम दो दिवस ऐसे निर्धारित किए जाएं, जब फील्ड भ्रमण न हो, उस दिन कार्यालय आने-जाने हेतु बस, ई-रिक्शा एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग किया जाए। साथ ही विभागीय बैठकों को अधिकाधिक ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किए जाने पर भी बल दिया जाये, ताकि समय, संसाधन एवं पेट्रोलियम की बचत सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अधिकारियों व कर्मचारियों से भी अपील करते हुए कहा कि पेट्रोलियम उत्पाद सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं। अतः छोटी दूरी तय करने के लिए पैदल चलने, साइकिल एवं सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत केवल आर्थिक मजबूती ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से भी जुड़ा हुआ विषय है।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. अशोक शुक्ला की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. अशोक शुक्ला की 22वीं पुण्यतिथि पर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनको महान गौवंश रक्षक निरुपित किया। दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व बार संघ अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री ने कहा, दिवंगत शुक्ला जी ने स्लॉटर हाउस बंद कर नगर का बिषाक्त वातावरण दूर करने में अपना क्रांतिकारी योगदान दिया। विदित हो कि पालिकाध्यक्ष रहते वर्ष 2004 में अशोक शुक्ला की सुपारी किलर्स द्वारा उस समय निर्मम हत्या कर दी गई थी जब वे एक अंत्येष्टि कार्यक्रम में श्मशान घाट गए थे।

स्व. अशोक शुक्ला की 22वीं बरसी पर मंगलवार को दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे उनके शुभचिंतकों ने कहा कि नगर विकास में दिवंगत पूर्व पालिकाध्यक्ष ने नए आयाम जोड़े। उनका पूरा राजनैतिक जीवन एक खुली किताब की तरह रहा। उन्होंने गोवंश वध पर ही नहीं बल्कि पशु बध पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा कर नगर के बिषाक्त वातावरण में नई उम्मीदों का संचार किया। ऐसे व्यक्तित्व को बारंबार नमन करने का मन करता है। इस अवसर पर दिवंगत शुक्ला के परिजनों ने जरूरतमंदों को भोजन भी कराया। संचालन दरिद्र नारायण सेवा समिति के संयोजक कढोरेलाल यादव ने किया। इस दौरान प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ग्राम प्रधान विरगुवां बुजुर्ग रवींद्र गौतम, प्रमोद कुमार शुक्ला, शेखर शुक्ला, विक्कू शुक्ला, अमित शुक्ला, आशीष दीक्षित, एडीओ शीलनिधि शुक्ला, दयानिधि शुक्ला, सुमित, दीपू, आदित्य, राजा, सागर, वैभव आदि मौजूद रहे।

### जीजीआईसी में छात्राओं को संस्कार एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव पर जागरूकता कार्यक्रम

**महरौनी, ललितपुर।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज में अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को बदलते सामाजिक परिवेश में संस्कारों के महत्व, अनुशासन, आत्मनिर्भरता तथा मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक जहां जीवन को सरल बना रही है, वहीं इसका अनियंत्रित उपयोग छात्रों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। छात्राओं को मोबाइल के सीमित एवं सकारात्मक उपयोग की सलाह दी गई। अखिल भारतीय महिला परिषद की पदाधिकारियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए संस्कार, समय प्रबंधन और आत्मअनुशासन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाएं अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और सामाजिक मूल्यों को आत्मसात करें। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शीलम गुप्ता ने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

## वसूली का लक्ष्य 30 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें- देवेंद्र कुमार सिंह

● ओईनीमिश्र बीपैक्स के सचिव पर कार्रवाई के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को विकास भवन मे तहसील राबर्टसगंज के बीपैक्स सचिवो की वसूली समीक्षा की। सहायक आयुक्त ने सभी बीपैक्स सचिवो को निर्देशित किया कि खरीफ मांग का शतप्रतिशत 30 मई तक वसूल करें तथा 30 जून तक रबी की मांग शतप्रतिशत वसूल करना सुनिश्चित करें। रामपुर और चेरूई बीपैक्स सचिवो को बैठक मे बकाया सूची लेकर न आने तथा विरोधाभासी सूचनायें उपलब्ध कराने पर सहायक आयुक्त द्वारा फटकार लगाई गई और भविष्य मे बैठको मे पूरी तैयारी के साथ स्पष्ट सूचना लेकर आने की चेतावनी दी गई। ओईनीमिश्र बीपैक्स के सचिव राजेश सिंह का कोई सूचना तथा जानकारी न होने के कारण वेतन रोकने के निर्देश दिये गये तथा निलंबन की कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बैठक मे सचिव यूनियन के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने धान और गेंहू खरीद का विगत तीन वर्षो का कमीशन प्राप्त न होने की बात उठाते हुए कमीशन के जल्द भुगतान की माँग की।इसपर सहायक आयुक्त ने मुख्यालय को इस आशय का रिमाइंडर पुन प्रेषित करने के निर्देश दिए।

सहायक आयुक्त ने सभी सचिवो को निर्देशित किया कि उर्वरक का वितरण बगैर फार्मर आईडी के नही किया जाएगा तथा किसी किसान को अनुमन्य मात्रा से अधिक उर्वरक नही दिया जाएगा।बिना पीओएस मशीन के एक बोरी का भी वितरण नही होगा। बैठक मे एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेशसिंह, एडीसीओ घोरावल डॉक्टर सुरेश, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी आलोक कुमार शेखर, महेश मौर्य, सचिव सौरभ सिंह, अमित गौतम, महेंद्र पटेल, संतोष पटेल, प्रदीप सिंह, सुमन सिंह, वकालत हुसैन, आशुतोष, उमेश सिंह,अमरदेव, राजेश सिंह राहुल सिंह, अंतिमा भारती इत्यादि उपस्थित रहे।

## अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग से जनता परेशान

● मुख्यमंत्री से की हस्तक्षेप की मांग

शैलेंद्र जैन एड. ने सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु भेजा पत्र




**ललितपुर।** जनपद में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती एवं बार-बार विद्युत ट्रिपिंग की समस्या को लेकर अधिवक्ता एवं उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन एड. ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में उन्होंने कहा कि जनपद ललितपुर में लंबे समय से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। दिन और रात में कई बार बिजली ट्रिप होने तथा घंटों अघोषित कटौती से आम उपभोक्ताओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं, टैक्स पेयर्स एवं किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार बिजली आने-जाने से विद्युत उपकरण खराब होने का खतरा बना रहता है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली संकट के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कई क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से पेयजल व्यवस्था, व्यापारिक गतिविधियां एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर जनपद में सुचारु एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही अघोषित कटौती एवं बार-बार हो रही ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आम जनता का आक्रोश बढ़ सकता है।

## विवेकानंद द ग्लोबल स्कूल का पांच दिवसीय समर कैंप संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** विवेकानन्द द ग्लोबल स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय विशेष समर कैंप इगनाईट 1.0 का मंगलवार को उत्साह और उल्लास के साथ समापन हो गया। 14 से 19 मई तक चले इस समर कैंप में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए क्ले आर्ट, पेबल स्टोन आर्ट, क्राफ्ट गतिविधियां, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास गतिविधियां और विभिन्न रचनात्मक आयोजनों का संचालन किया गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

फिटनेस क्लब में कक्षा आठवीं के अंश पटेल, आर्यन छावला और आराध्य पालीवाल के साथ कक्षा नौ के संस्कार द्विवेदी ने सूर्य नमस्कार, योग और विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया तथा अन्य विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षण दिया। टैलेंट अरेना कार्यक्रम में आन्या, दृष्टि, अनुश्री, आकृति, आराध्य, शुभी पटेल, अर्पिता रायकवार और आकृति अग्रवाल समेत कई विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं एलकेजी और यूकेजी के नन्हे बच्चों वेदांशी वर्मा, अमाया पटेल, दुर्गेश और गार्गी गुप्ता ने भी सहभागिता कर सराहना प्राप्त की। मिनी साइंटिस्ट गतिविधि में निहारिका, आध्या, ऋषिका, चाहत, तान्या और अंश पटेल ने विज्ञान के विभिन्न प्रयोग प्रस्तुत कर प्रभावित किया। एक्टिंग जोन में विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम विषय पर नाट्य मंचन कर सामाजिक संदेश दिया। इसमें जानवी, आर्यन पटेल, अन्वी छावला, गोपाल, अर्थ, यशराज, सोनाली, गार्गी और प्रवी सहित कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इक्कीसवीं सदी के कौशल विकास विषय पर विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषा में प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किए। वहीं रीक्रिएशन गेम्स के अंतर्गत इंडोर गेम्स के माध्यम से बच्चों में साइको-मोटर स्किल्स और व्यक्तित्व विकास पर कार्य किया गया। आईटी स्किल्स कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक्सेल, वर्ड फाइल, पेंट ब्रश, डिजाइनिंग, गेम डेवलपमेंट और क्यूआर कोड निर्माण का प्रदर्शन किया। आर्ट-प्रन्यौर थीम के अंतर्गत महक पटेल, पंखुड़ी, अगम, सचित, पार्थ, आराध्या, शिवांश, सना, रियांश और अन्य विद्यार्थियों ने पेबल स्टोन पर आकर्षक चित्रकारी और डिजाइन तैयार किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के टीचिंग, एडमिन और नॉन-टीचिंग स्टाफ के योगदान की सराहना की।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीप्रकाश निरंजन एवं प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार निरंजन ने भी सफल आयोजन के लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी।

## अवकाश के दिनों में घर पर पढ़ाई के साथ करें इंज्वाय, बच्चों को सिखाया गया गुर

● परमहंस पब्लिक स्कूल एवं पंडित विद्याधर इंटर कालेज कबरी में हुआ समर कैंप का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** परमहंस पब्लिक स्कूल एवं पंडित विद्याधर इंटर कॉलेज कबरी में प्रबंधक डॉक्टर धर्मवीर तिवारी के दिशा निर्देश पर मंगलवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को अवकाश के दिनों में पढ़ाई के साथ ही इंज्वाय करने का गुर सिखाया गया। मासिक टेस्ट के उपरांत इस भीषण गर्मी में जब बच्चे एक माह के लिए अवकाश पर घर जा रहे हैं, तब इस गर्मी को समर कैंप के माध्यम से विद्यालय में बच्चों को विविध कार्यक्रमों के जरिए इंज्वाय कराया गया। प्रातः ही छात्र-छात्राएं बड़े उत्साह के साथ विद्यालय पहुंचकर अपने कक्षा-कक्ष को गुब्बारे, हरे पेड़- पौधे एवं सुंदर चित्र के माध्यम से मनमोहक रूप से सजाया था। तदुपरांत बच्चे गीत एवं डांस कर आत्मविभोर हो रहे थे। विद्यालय की तरफ से बच्चों को पॉपकॉर्न, तरबूज, कोल्ड ड्रिंक चॉकलेट इत्यादि खाद्य पदार्थों को खिला-पिलाकर उन्हें एक माह के लिए विदा किया गया। पूरे विद्यालय में उत्सव का माहौल बना रहा। बच्चे और अध्यापक सभी खुश नजर आ रहे थे।

संरक्षक सुरेश तिवारी ने बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के दिशा- निर्देश दिए तो प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि 'इस अवकाश के दिनों को बेकार नहीं जाने देना है ,बल्कि घर पर रहकर शिक्षा ग्रहण करना है।' वरिष्ठ अध्यापक श्रवण कुमार पाण्डेय ने कहा कि 'हम इस धरा को पाकर धन्य हुए हैं, जहां गर्मी, वर्षा और जाड़ा बारी-बारी से आती रहती हैं। हमें इनमें भी उत्सव ढूंढना चाहिए। ' इस अवसर पर अनुराग त्रिपाठी, कृष्णदेव पाण्डेय, सगीर खान, राजू प्रसाद, पूजा सिंह, पूजा पाण्डेय, श्वेता सिंह, पूजा भारती, पायल सोनी, प्रीति, श्रेया पाण्डेय इत्यादि अध्यापक/ अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

## जनपद के प्रभारी मंत्री आज शाम करेंगे तीतरा में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

● माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करा रहे हैं विधायक मूलचंद्र निरंजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**कोंच(जालौन)-** विधानसभा क्षेत्र माधोगढ़ में विधायक खेल महोत्सव के तहत माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग भव्य उद्घाटन आज 20 मई दिन बुधवार को शाम 6 बजे जनपद के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार के कर कमलों द्वारा तीतरा स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में किया जाएगा। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों के समक्ष टूर्नामेंट की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दूधिया रोशनी में आयोजित इस नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी, जिनमें से 8 टीमें माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र की शामिल रहेंगी और शेष 8 टीमें जो विधानसभा क्षेत्र से बाहर की शामिल होंगी उनमें भी आधे खिलाड़ी विधानसभा क्षेत्र के ही खेलेंगे। टेनिस की बॉल से 10-10 सीमित ओवरों का प्रतिदिन एक लीग मैच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक ग्रुप में 4 टीमें शामिल की गई हैं और प्रत्येक टीम के 3 लीग मैच होंगे। जिसके बाद क्वाटर में 8, और सेमीफाइनल में 4 टीमों के बीच मैच होने के बाद जीतकर आने वाली 2 टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। विधायक ने बताया कि टूर्नामेंट की विजेता टीम को 1.51 लाख और उप विजेता टीम को 75 हजार रुपए का नकद पुरस्कार शील्ड सहित प्रदान किया जाएगा। मेन ऑफ द सीरीज के खिताब के तहत सम्बंधित खिलाड़ी को एक ई-स्कूटी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच के रूप में सम्बंधित खिलाड़ी को शील्ड और 500 रुपये, टूर्नामेंट के बेस्ट फील्डर को शील्ड और ट्रैकशूट, बेस्ट बैट्समेन को शील्ड और बैट, बेस्ट बॉलर को शील्ड और शूज प्रदान किए जाएंगे। सभी टीमों में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी को ड्रेस एवं टीम को बैट और बॉल भी आयोजन समिति द्वारा दी जाएगी। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 1 जून (संभावित तिथि) को खेला जाएगा। विधायक ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार खेलकूद के माध्यम से युवाओं को एक ओर जहां अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अवसर मुहैया करा रही है, साथ ही युवाओं को शारीरिक रूप से दक्ष बनाया जा रहा है। उनका खुद भी उद्देश्य है कि विधानसभा क्षेत्र की प्रतिभाएं भविष्य में बाहर भी क्षेत्र का नाम रोशन करें। वहीं, टूर्नामेंट के उद्घाटन की तैयारियों को लेकर उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री के साथ जनपद के अन्य सभी जनप्रतिनिधि, जिला एवं प्रदेश स्तरीय भाजपा नेता, कार्यकर्ता समेत हजारों की संख्या में खेल प्रेमी एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में उपस्थित होंगे। उधर, टूर्नामेंट के उद्घाटन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में विधायक पुत्र आशु निरंजन की अगुवाई में आयोजक टीम के सदस्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह शीलू पड़री, लालजी पटेल चांदनी, गौरी चबोर, विकास पटेल धनौरा, प्रधान प्रेमप्रकाश पटेल, अंकित पड़री, हरिमोहन पटेल कैलिया, जितेंद्र पटेल कैलिया, महेंद्र सोनी लला, नेहरू पटेल, आकाश छानी, हिमांशु तीतरा, राज पटेल, विवेक पटेल, जीतू पटेल, वेद पटेल भदारी, शशांक भदारी, अंशु डाढी, रामलला पटेल, अवधेश पटेल, अरविंद निरंजन मुनिया, शेखर इमलौरी, छोटेराजा, नारायण सिंह, प्रदीप पटेल मास्टर, अमित महतवानी, पप्पू पल्सर, ब्रजपाल तीतरा, रामबिहारी, रामराजा पटेल आदि सदस्य मैदान को सजाने संवारने के साथ ही अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को पूरा करने में लगे हुए हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## विशेष लोक अदालत में वादों को सुलह समझौते से निपटारा कराकर लाभ लें- सचिव

**प्रतापगढ़।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ श्रीमती शाम्भवी द्वितीय द्वारा बताया गया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 21.08.2026, 22.08.2026 एवं 23.08.2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जिसके लिए जनपद प्रतापगढ़ जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। साथ-साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ द्वारा यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 जिसका आयोजन उच्च न्यायालय के निर्देशन में किया जा रहा है, में अपने वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निपटारा कराया जा सकता है।सचिव द्वारा जनता से यह अपील की गई है कि जिनके वाद वर्षो से लम्बित है वे अपने वाद को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराकर लाभ प्राप्त करें। सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ में सम्पर्क कर सकते है।

## पटल प्रभारी द्वारा शिक्षकों की ड्यूटी दूर लगाने पर शिक्षकों ने तहसील का घेराव किया



**प्रतापगढ़।** प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों व शिक्षामित्रों तथा अनुदेशकों की ड्यूटी सुपर वाइजर और प्रगणक के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उनके कार्यालय व निवास स्थान के नजदीक लगायी गयी थी,परन्तु सबको मकान सूचीकरण भी आवंटित हो गयी थी लेकिन सोमवार शाम पटल प्रभारी द्वारा बड़ी संख्या में अवैध तरीके से शिक्षकों के ड्यूटी स्थल में परिवर्तन कर दिया गया। जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त हो गया और विद्यालय समय के पश्चात सभी शिक्षक तहसील परिसर पहुंचे। पटल प्रभारी द्वारा अभद्रता किये जाने पर शिक्षक आक्रोशित हो गये और शिक्षकों ने पटल प्रभारी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया।बाद में उप जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार ने शिक्षक प्रतिनिधियों से वार्ता की और समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।इस विरोध प्रदर्शन में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ पन्ना लाल यादव राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह यूटा अध्यक्ष संजय सिंह शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष अमित सिंह पुष्पा खरे, विजय लक्ष्मी सुषमा देवी, स्वाती गिरि, मिथिलेश यादव सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

## ईरिक्शा की टक्कर से मासूम की मौत, कोहराम मचा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित ईरिक्शा की टक्कर से दरवाजे पर खेल रहे मासूम की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मासूम के पिता की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार आमीशंकरपुर निवासी सूरज गुप्ता का तीन वर्षीय पुत्र मोनू मंगलवार को सड़क किनारे दरवाजे पर खेल रहा था। इसी बीच सांगीपुर की तरफ से आ रहे ईरिक्शा ने मासूम को टक्कर मार दिया। अचेतावस्था में परिजन मासूम को सांगीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। सीएचसी में चिकित्सकों ने मोनू को मृत घोषित कर दिया। मोनू की मौत से मां प्रभावती फूट फूट कर रोती बिलखती देखी गयी। वहीं परिजनों का भी विलाप देख लोगों की आंखे भर आयीं। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर ग्रामीणों ने ईरिक्शा को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना को लेकर मासूम के पिता की ओर से थाने में ईरिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर बेटे की मौत की बात कही है। तहरीर पर उदयपुर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाने का प्रभार देख रहे ट्रेनी आईपीएस आफताब आलम का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महानिदेशक स्कूल शिक्षा का आदेश नही मानते बस्ती के बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी

**» डी0सी0 अमित सोनी की लापरवाही से अटका अनुदेशकों का प्रशिक्षण मानदेय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण ऑनलाइन पूर्ण करने के पश्चात भी नही मिला अनुदेशकों/प्रशिक्षकों को उनका प्रशिक्षण भा**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत प्रदेश के परिषदीय जूनियर विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जाना था उसी क्रम में जनपद बस्ती में भी सभी जूनियर विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के लिए खेल अनुदेशकों /प्रशिक्षकों को विद्यालय आवंटित किए गए थे । परियोजना कार्यालय के आदेश में यह स्पष्ट निर्देश था कि जैसे जैसे ऑनलाइन प्रशिक्षण जिन विद्यालयों पर पूर्ण होता रहेगा उस विद्यालय का प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान वैसे - वैसे होता रहेगा। जनपद बस्ती में भी पहले चरण में जिन विद्यालयों में प्रशिक्षण पूरा हुआ उस विद्यालय का प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान कर दिया गया किन्तु दूसरे चरण में जो विद्यालय शेष थे उस पर खेल अनुदेशकों/प्रशिक्षकों ने अपना प्रशिक्षण ऑनलाइन समय से पूर्ण कर लिया किन्तु उसका भुगतान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा नही किया गया। जब खेल अनुदेशको/प्रशिक्षकों ने इसकी शिकायत डीसी बालिका अमित सोनी से की तो उनके द्वारा बताया गया कि भुगतान हेतु फ़ाइल बैंक भेजी गई है, उसके पश्चात जब खेल अनुदेशकों ने इसके संदर्भ में बैंक से जानकारी की तो पता चला कि जो पीपीए 102000 रुपये का भुगतान हेतु बैंक आया था वह फेल हो गया है क्योंकि वह 2 अप्रैल 2026 को भेजी गई जबकि किसी की भी वित्तीय वर्ष में भुगतान का अंतिम तारीख 30 मार्च होती है। डीसी बालिका अमित सोनी की लापरवाही से खेल अनुदेशकों/प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान समय से न करने के कारण मानदेय का भुगतान आज तक नही हो पाया। एक तरफ तो सरकार अनुदेशकों के सम्मान का ढिढोरा पीट रही है और दूसरी तरफ उनके ही अधिकारी अनुदेशकों को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भी उनका प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान नही करते और इतनी बड़ी घोर लापरवाही पर जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी के चुप्पी को लेकर जनपद में चर्चाओं का दौर जारी है।

## केन्द्रीय उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के अपलोड की जानकारी उपलब्ध करायें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय उम्मीद पोर्टल-2025 पर अपलोड की गई वक्फ संपत्तियों की सूचनाओं में त्रुटियां पाए जाने के बाद अब एक माह के भीतर सभी विवरणों को संशोधित एवं अद्यतन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विशेष रूप से 50 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र वाली वक्फ संपत्तियों के मामलों की गहन जांच और सत्यापन कराया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने बताया कि सर्वे कमिश्नर वक्फ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, पीएम विकास एवं वक्फ से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गई कई जानकारियां निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके बाद सभी जिलों को रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के निर्देश पर अब कलेक्ट्रेट स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां वक्फ संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन, संकलन और स्पष्टीकरण किया जाएगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जनपद प्रतापगढ़ के सभी मुतवल्ली, प्रबंध समितियों एवं प्रशासकों से अपील की गई है कि वे वक्फ संपत्तियों से संबंधित समस्त अभिलेख एवं दस्तावेज जल्द से जल्द जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ कार्यालय विकास भवन प्रतापगढ़ में उपलब्ध कराएं। समय से जानकारी उपलब्ध होने पर उम्मीद पोर्टल पर संशोधन कार्य निर्धारित अवधि में पूरा किया जा सकेगा।

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मत्स्य मंडी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।**जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निर्माणाधीन मत्स्य मंडी, मधवापुर, तहसील शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निर्माणाधीन कार्यालय भवन, टीन शेड आदि को देखा गया। मत्स्य मंडी में 20 दुकान का निर्माण हो रहा है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यो को निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही थर्ड पार्टी सत्यापन कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सवर्णो के अधिकारों के हनन के खिलाफ होगी लड़ाई तेज- अलंकार अग्निहोत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष एवं चर्चित निलंबित पीसीएस अफसर अलंकार अग्निहोत्री ने मंगलवार को यूजीसी को लेकर यहां सरकार पर तीखे हमले किये। अझारा स्थित पं0 रामकर्ण इण्टर कालेज में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि यूजीसी के जरिए सवर्णो के अधिकारों पर हमला बोला गया है। उन्होने कहा कि ब्राम्हणों पर इस समय सरकार के इशारे पर अत्याचार बढ़ा हुआ है। अग्निहोत्री ने प्रतापगढ़ को सवर्ण बाहुल्य जिला बताते हुए कहा कि उनकी पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में जिले की सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अग्निहोत्री ने इन सभी सात सीटों पर अपनी पार्टी की जीत का दावा भी ठोंका। उन्होने कहा कि एससीएसटी के जरिए सवर्णो का केंद्र में हिन्दू विरोधी भाजपा सरकार आर्थिक दोहन करा रही है। उन्होनें कहा कि समाज के सभी वर्गो का हित होना चाहिए पर किसी विशेष वर्ग का अहित कत्तई नहीं होना चाहिए। उन्होने कहा कि सवर्णो का अहित उनकी पार्टी बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होने कहा कि शिक्षा माफिया पाठ्यक्रम में परिवर्तन तथा फीस बढ़ोत्तरी व ड्रेस पुस्तक के नाम पर सवर्ण तबके के



बच्चों व अभिभावकों को लूट रहे हैं। इसके पहले यहां सर्वेश मिश्र के संयोजन में पार्टी के अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुशील शुक्ल, अभिषेक पाण्डेय, अंजनी अमोघ, अनिल शुक्ल राजा आदि रहे।

### गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर

**आजमगढ़।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर सोमवार की दोपहर 12 बजे के करीब भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग (पति, पत्नी और बेटे) की मौत हो गई। यह हादसा अतरौलिया थाना क्षेत्र के खीरीडीहा गांव के पास माइल स्टोन 68.9 पर उस समय पर हुआ, जब एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना भीषण था, बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनकट जगदीश कोइरीपुर निवासी 38 वर्षीय संतोष विश्वकर्मा अपनी पत्नी 38 ?वर्षीय पत्नी शशिकला उर्फ गुड़िया और दस वर्षीय पुत्र रेयांश के साथ गोरखपुर स्थित अपने रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। अतरौलिया के गदनपुर इंटरचेंज पर उतरना था, लेकिन रास्ता भटकने के कारण वे आगे निकल गए। खीरीडीहा गांव के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गोरक्षा यात्रा, बोले- गाय हमारी माता है, सरकार मान रही पशु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आजमगढ़।** गाय को माता का दर्जा दिलाने और गोहत्या बंद करने और हिंदू रक्षा के लिए जनजागरण यात्रा पर निकले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मंगलवार को अहरौला के फुलवरिया चौक पहुंचे। अंबेडकर नगर के जलालपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व सपा विधायक सुभाष राय के नेतृत्व में भक्तों ने माल्यार्पण, अंगवस्त्रम् स्वागत किया और फल दान किया। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मैं जिस उद्देश्य के साथ निकला हूं वह उद्देश्य आप लोगों को पूरा करना है। गाय को माता का दर्जा दिलाना है और हिंदू राष्ट्र की रक्षा करना है। यह तभी संभव है जब आप लोग आगे आएंगे और जिम्मेदारी लेंगे। मैं आप लोगों में से किसको जिम्मेदारी दी जाए जो प्रतिनिधि बन सके और गोरक्षा के लिए संकल्प के साथ कार्य कर सके। सभी लोगों ने एक स्वर में पूर्व विधायक सुभाष राय और जयप्रकाश यादव को जिम्मेदारी देने काअनुरोध किया। इसके बाद शंकराचार्य ने इन्हीं दोनों लोगों को गोरक्षा का संकल्प दिलाया। कहा कि आप लोगों को प्रतिनिधि के रूप में में नियुक्त करता हूं। इसके बाद उनका काफिला अंबेडकर नगर की तरफ निकल गया। इस मौके पर रामगढ़ के प्रधान शरद यादव, रविश पांडेय, ओम प्रकाश सिंह, बबलू शुक्ला आदि रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित कि माह जून तक हरहाल में कार्य को पूर्ण कर लिया जाय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिला अधिकारी द्वारा जिले में हो रहे को लगाई फटकार जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने विकास खण्ड सदर के अन्तर्गत बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर, महादेवा स्थित रामजानकी मंदिर, हरैया के अन्तर्गत ग्राम परिवारपुर परमहंस धाम मंदिर, दुबौलिया के अन्तर्गत ग्राम बेमहरी में स्थित बाबा परमहंस धाम मंदिर के पर्यटन विकास का औचक निरीक्षण किया। बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर के निरीक्षण के दौरान उन्होने पर्यटन अधिकारी विकास नारायण को निर्देशित किया कि आगामी कावड़ यात्रा के दृष्टिगत समस्त आवश्यक तैयारिया समय से पूर्ण कर लिया जाय।

महादेवा स्थित रामजानकी मंदिर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि लेबर, मिस्त्री द्वारा कार्य नही किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि सेटरिंग का कार्य कल से शुरू किया जायेंगा। हरैया के अन्तर्गत ग्राम परिवारपुर परमहंस धाम मंदिर यात्री हाल के निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्लास्टर का कार्य अभी शेष है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि माह जून तक हरहाल में इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाय। उन्होने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि रू. 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं को मीटिंग में अवश्य शामिल किया जाय।

दुबौलिया के अन्तर्गत ग्राम बेमहरी में स्थित बाबा परमहंस धाम मंदिर के निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पानी की टोटी, सीढियों की रेलिंग का कार्य अभी पूर्ण नही हो पाया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इस कार्य को शीघ्रअतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। निरीक्षण के दौरान पर्यटन अधिकारी ने जिलाधिकारी को घाट निर्माण के बारे में अवगत कराया कि सिंचाई विभाग के अनुमति हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है, जिसमें



स्थानीय लोगो की मांग के अनुसार घाट ड्राइंग को पुनरीक्षित कर पुनः सिंचाई विभाग को अनुमति हेतु दिया गया है, जिसमें कार्यवाही अपेक्षित है। निरीक्षण के दौरान पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, स्थानिक अधिशासी अभियन्ता सीएण्डडीएस जय प्रकाश यादव, जल निगम ईकाइ 34 आरसी शुक्ला, सहायक परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि. गौरव प्रताप सिंह, सहायक अभियन्ता उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम अभय गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मरीज को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हैलेट पहुंचाया



**कानपुर।** कल दिनांक 18.05.2026 को एंबुलेंस चालक द्वारा ग्रीन कॉरिडोर सेल के सीयूजी नंबर 9454402413 पर फ़ोन किया गया। एंबुलेंस चालक को हैलट हॉस्पिटल जाना था। सूचना प्राप्त होते ही ग्रीन कॉरीडोर सेल में उपस्थित यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए ग्रीन कोरिडोर बनाकर न्यूनतम समय में एंबुलेंस को उद्गम स्थल से हैलट हॉस्पिटल पहुँचाया गया। एंबुलेंस चालक व अभिभावकों द्वारा यातायात पुलिस कानपुर नगर के द्वारा चलाए जा रहे ग्रीन कॉरीडोर सेल की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई एवं आभार व्यक्त किया गया।

## कानपुर के जाम से निजात दिलाने के लिए डीसीपी यातायात रविन्द्र कुमार ने सम्हाला मोर्चा

**● कड़ी धूप में कई चौराहों का निरीक्षण, जाम लगाने वालों को चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 19.05.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थानों – रावतपुर तिराहा, गुटैय्या क्रासिंग, कार्डियोलॉजी, गोल चौराहा, हैलट हॉस्पिटल मार्ग , बड़ा चौराहा, परेड चौराहा का भौतिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने सड़क पर जाम लगाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप सभी अपने आप में सुधार करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान द्वारा यातायात व्यवस्था , सड़क पर वाहन दबाव , अवैध पार्किंग , ई-रिक्शा एवं ऑटो संचालन , सड़क किनारे अतिक्रमण तथा प्रमुख चौराहों पर यातायात



संचालन की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। डीसीपी यातायात रविन्द्र कुमार द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं यातायात कर्मियों को निर्देशित किया गया कि यातायात को सुगम , सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीसीपी यातायात द्वारा बताया गया कि ' Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme ' का उद्देश्य शहरवासियों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है।निरीक्षण के दौरान एडीसीपी यातायात कपिल देव सिंह ,सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, संबंधित जोन टीआई व थाना कोतवाली पुलिस बल मौजूद रहा।

## कामगारों के शोषण के खिलाफ हैदराबाद में आई एल ओ की बैठक में होगी नियम कानून बनाने पर चर्चा: राकेशमणि पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** हैदराबाद में आगामी 22 और 23 में को होने वाली आई एल ओ की बैठक में एनएफआईटीयू के प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय भी शामिल होंगे। आई एल ओ की यह महत्वपूर्ण बैठक प्लेट फार्म वर्कर गिंग, डिलवरी बॉय के रूप, ट्रेवल्स वर्कर जैसे कार्यो को करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं पर अन्तर्राष्ट्रीय कानून व नियमावली बनाये जाने से संबंधित है। यह जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि इन प्लेटफार्म वर्करों के लिए कार्य योजनाएं तैयार करने के लिए आईएलओ की पहल पर भारत सरकार के समस्त ट्रेड यूनियनों की सहभागिता से दिल्ली, हैदराबाद में पूर्व में भी दो बैठके हो चुकी है और तीसरी बैठक 22 व 23 मई को हैदराबाद में पुनः आयोजित की गयी है।

वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि कामगारों की हित में इस महत्वपूर्ण बैठक में पिछले 02 बैठको की कार्यवृत्ति पर चर्चा करने और आम सहमति के आधार पर कानूनी निर्माण के लिए एक प्रशस्त्र एक रास्ता तैयार किया जायेगा। अनेक श्रमिक आंदोलन के सफल अगुवाकार राकेश मणि पांडे ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ दुनिया के मजदूरों के लिए एक कार्य योजना तैयार करती है और इसके सदस्य संगठन देश इन कार्य योजनाओ को कानून बनाकर कर लागू करने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि हैदराबाद की बैठक में सभी पंजीकृत व मान्यता प्राप्त केन्द्रीय संगठन के पदाधिकारी भांग लेंगे जिसमें एनएफआईटीयू के सदस्य भी सम्मिलित होंगे। इसमें प्लेट फार्म वर्करों की कार्यदशा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक संरक्षण और भविष्य सुरक्षा व चिकित्सीय



सुविधा के लिए नियमावली बनाये जाने पर गहन विचार विमर्श किये जायेंगे और सदस्य देशो से इसे कानून को मूर्त रूप में लाकर इनके संरक्षण के लिए प्रयास करेगी। राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि भारत सहित सभी देशों में ऑन लाईन बाजार व्यवस्था होने के कारण प्लेट फार्म वर्करों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और करोड़ों युवा इसमें जुड़ चुके हैं।

## सेवा कार्यो से ही है एलायंस क्लब में पहचान- अशोक पुरी

**● नॉर्थ मल्टीप्ल की सेरेमनी में समाजसेवी रोशनलाल के कार्यो की हुई सराहना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के नॉर्थ मल्टीप्ल का वार्षिक इंस्टॉलेशन समारोह होटल महाराजा इन लखनऊ में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल वॉइस प्रेसिडेंट एमएल गुप्ता व अशोक पुरी रहे। समारोह में क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि भीषण गर्मी से बेजुबान जानवरों को बचाने के लिए पूरे देश में यह अभियान चलाया जाए।अपने-अपने घरों की छतों पर व खाली जगहों पर लोगों से अपील करें कि मिट्टी के बर्तनों आदि में पानी व चारे की व्यवस्था करने में क्लब के पदाधिकारी अपनी अहम भूमिका निभाएं। जिससे बेजुबान पशु पक्षियों को इस भीषण गर्मी से काल कवलित होने से बचाया जा सके।

इसी के साथ वृक्षारोपण भी करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। सभी पदाधिकारीयों से अनुरोध है कि अपने-अपने जिलों में वृद्धाश्रम में जाकर वृद्ध जनों



की सेवा कर उनके साथ खुशियां साझा करने की व्यवस्था करें। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट अशोक पुरी ने कहा कि इंटरनेशनल स्तर पर यह सेवा कार्य लागू करने का आश्वासन दिया और कहा कि ऐसे सेवा कार्यो से ही एलायंस क्लब ने इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान बना रखी है। उन्होंने रोशनलाल उमरवैश्य के सेवा कार्यो से सभी पदाधिकारियों को अमल में लाने की अपील किया। एलायंस क्लब की पहचान आज सेवा कार्यो से ही है। वाइस प्रेसिडेंट एम0एल0 गुप्ता ने कहा कि आज की सेरेमनी कार्यक्रम में देश से आए हुए सभी पदाधिकारियों से अपने बहुआयामी सेवा कार्यो के लिए रोशनलाल उमरवैश्य को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।एमसीसी नॉर्थ संजीव भटनागर ने भी इस तरह के सेवा कार्यो को गति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## तीसरे बड़ा मंगलवार पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन, भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया



**सिद्धार्थनगर।** बिस्कोहर नगर पंचायत में तीसरे बड़ा मंगलवार को वार्ड नंबर 15 विश्वनाथ नगर के बस स्टाप पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने हनुमान जयंती के अवसर पर सुन्दर कांड पाठ कार्यक्रम कराकर प्रसाद वितरण का कार्य शुरू किया गया। सुन्दर कांड पाठ की प्रस्तुति करने वाले रक्षाराम प्रजापति की टीम अपने साथियों के साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम किए। क्षेत्र से आए हुए सभी भाईयों और माताओं बहनों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता, रामनरेश पासवान, पिंकू मोदनवाल, बच्चाराम पाण्डेय, राम सूरत शर्मा, कुटूर पाण्डेय, मोनू गुप्ता, राज मणि दुबे, मिंटू मिश्रा, राज कुमार, अमन चौरसिया, गणेश वरुण, राहुल शर्मा, हर्षित श्रीवास्तव, सदानंद, आदि लोग मौजूद रहे।

## शिक्षा ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का आधार है- विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय, बर्डपुर में मंगलवार को मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 68 छात्र-छात्राओं को मेडल, सर्टिफिकेट एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्यामधनी राही व विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष मोहाना जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के




संचालक नितेश पाण्डेय ने की।

मुख्य अतिथि विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि शिक्षा ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का आधार है। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है। अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है।विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष मोहाना जितेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए। विद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान एक प्रेरणादायक पहल है। विद्यालय की प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरणा का माध्यम भी है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान शोभनाथ यादव, उमेश यादव, संतोष यादव, संदीप राव, रुचि उपाध्याय, श्वेता पटवा, रीता जायसवाल, पवन पाठक, अन्नू जायसवाल, संगीता मौर्य, शशि जायसवाल, अमित कुमार, सौरभ पाण्डेय, चंद्रावती देवी आदि उपस्थित रहे।

## करमा पुलिस की बड़ी सफलता, गैर इरादतन हत्या के प्रयास एवं मारपीट के संगीन प्रकरण में 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना करमा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए मारपीट के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।दिनांक 19.05.2026 को थाना करमा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 65/2026 धारा 191(2), 109(1), 115(2), 110 बीएनएस थाना करमा जनपद सोनभद्र से संबंधित नामजद एवं प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण विशाल यादव पुत्र जुगलेश यादव निवासी उचका छोटकापुर थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 20 वर्ष, विवेक हरिजन पुत्र रामप्रवेश निवासी सिद्धि थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 21 वर्ष, शिवम पटेल पुत्र छैवर पटेल निवासी चौहट्टा थाना करमा जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 19 वर्ष को इमलीपुर बाजार थाना करमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 जयशंकर यादव थाना करमा , उ0नि0 अश्वनी राय सहित अन्य पुलिस

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीभूमि जिले के विभिन्न स्थानों के साथ दुल्लभछड़ा में भी उत्साह और उमंग के साथ शहीद स्मरण



श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में 19 मई भाषा शहीद दिवस के अवसर पर श्रीभूमि जिले के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ दुल्लभछड़ा में भी प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष उत्साह और उमंग के साथ शहीदों का स्मरण किया गया। दुल्लभछड़ा जीपी रोड स्थित स्थायी शहीद वेदी पर इस अवसर पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण के माध्यम से भाषा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सरस्वती विद्यानीकेतन स्कूल के आचार्य-आचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विद्यानीकेतन की ओर से शहीदों के प्रति विशेष मंत्रोच्चारण के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दुल्लभछड़ा सीवीपी हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक प्रदीप दास भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी स्वरचित दो कविताओं का पाठ किया तथा भाषा शहीद दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संबोधन दिया। अपने संबोधन में उन्होंने नई पीढ़ी से मातृभाषा सहित सभी भाषाओं के प्रति सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया।

# 'रहमान' बनी 'राम' गली....आखिर पाकिस्तान क्यों बदल रहा लाहौर की सड़कों के नाम?

**● पाकिस्तान में 1947 के बाद पहली बार लाहौर की सड़कों के नाम इस्लामी पहचान से बदलकर पुराने हिंदू, सिख और औपनिवेशिक नामों पर रखे जा रहे हैं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि लाहौर की सड़कों की पहचान बदल दी गई है। पाकिस्तान में केवल इन सड़कों की पहचान ही नहीं बदली, बल्कि यहां की सड़कों का इस्लामी तमगा हटाकर पुराने हिंदू, सिख, जैन और औपनिवेशिक नामों की चादर उढ़ा दी गई है। पाकिस्तान में 'इस्लामपुरा' के आधिकारिक साइनबोर्ड पर 'कृष्णा नगर' लिख गया है। 'रहमान गली' को 'राम गली' कहा जाने लगा है और 'बाबरी मस्जिद चौक' का नाम बदलकर फिर से 'जैन मंदिर चौक' कर दिया गया है। पाकिस्तान में जगहों के नाम में इतने बड़े फेर-बदल के बाद अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस्लामाबाद में आजादी के इतने साल बाद ये फैसला क्यों लिया गया। आइए इसके पीछे की वजह जानते हैं।

**पाकिस्तान में क्यों बदले गए सड़कों के नाम?**

पाकिस्तान में पिछले दो महीनों में करीब नौ जगहों के नाम बदले जा चुके हैं और कई अन्य जगहें भी अपनी पुरानी शान वापस पाने के लिए तैयार हैं। लाहौर में नाम बदलने का यह अभियान पाकिस्तान की पंजाब सरकार के एक बहुत बड़े प्रोजेक्ट 'लाहौर हेरिटेज एरिया रिवाइवल' (LHAR) का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट का मकसद देश की सांस्कृतिक राजधानी को उसके बंटवारे से पहले वाली विरासत के रूप में फिर से जिंदा करना है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का यह एक महत्वाकांक्षी ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसकी लागत 50 अरब पाकिस्तानी रुपया है। इसका मकसद दशकों की अनदेखी, बेतरतीब शहरीकरण और वैचारिक रूप से इतिहास को बदलने की कोशिशों के बाद शहर की वास्तुकला और सांस्कृतिक ताने-बाने को फिर से संवारना है।

**नवाज शरीफ के कदमों पर चल रहीं मरियम**

पाकिस्तान पंजाब प्रांत की इस समय मुख्यमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज हैं। इन नामों को बदलने की शुरुआत वे 2025 से ही कर चुकी हैं। अपने पिता के ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मरियम सड़कों के नाम बदलकर ऐतिहासिक विरासत को वापस लाना चाहती हैं। पंजाब सरकार का तर्क है कि यूरोपीय देशों की तरह, पाकिस्तान को भी अपने शहरों की ऐतिहासिक विरासत को मिटाने के बजाय उसे सहेजकर रखना चाहिए। इस पहल का एक मुख्य मकसद विरासत पर्यटन को बढ़ावा देना है, जिससे सरकार के लिए राजस्व भी पैदा हो सके।

**नाम बदलने के पीछे का असली कारण**

भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद से ही पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं और सिखों की दुर्दशा एक गंभीर चिंता का विषय रही है। इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान से हिंदू और सिखों के साथ उत्पीड़न, जबरन धर्मांतरण, उनकी संपत्तियों पर कब्जा और ऐतिहासिक मंदिरों को ढहाने जैसी कई घटनाएं सामने आती रही हैं। वहीं अब मरियम नवाज के फैसले के बाद हैरानी की बात यह भी है कि दशकों से इस्लामीकरण की प्रक्रिया से बने इस देश में, नाम बदलने का यह अभियान बिना किसी विरोध के आगे बढ़ रहा है। इसके पीछे का कारण ये देखा जा सकता है कि पुराने नामों को बहाल करके पाकिस्तान वैश्विक समुदाय विशेष रूप से पश्चिमी देशों को यह दिखाना चाहता है कि वह अपनी 'कट्टरपंथी छवि' को छोड़कर एक सहिष्णु, समावेशी और बहुसांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में विकसित हो रहा है, जिससे उसे कूटनीतिक और आर्थिक सहायता प्राप्त करने में आसानी हो।

**पाकिस्तान कर रहा छवि बदलने की कोशिश**

आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपों को लेकर पाकिस्तान लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय



जांच के घेरे में रहा है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है। लाहौर जैसे प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र में औपनिवेशिक काल के नामों को बहाल करके, इन जगहों को पुराने हिंदू और सिख समुदाय से जुड़े नाम देकर पाकिस्तान अपनी एक अलग ऐसी छवि बनाना चाहता है जिससे यह लगे कि वह उग्रवाद को पीछे छोड़ रहा है। पाकिस्तान की पंजाब सरकार का यह कदम इनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) या अन्य वैश्विक संस्थानों को उस पर फिर से कड़े प्रतिबंध लगाने से रोकना भी माना जा सकता है। इस्लामाबाद अपने अस्तित्व के लिए पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के बेलआउट पैकेज पर भी निर्भर है। IMF न केवल आर्थिक आंकड़ों की जांच करता है, बल्कि किसी देश की राजनीतिक स्थिरता और सामाजिक माहौल पर भी पैनी नजर रखता है। पाकिस्तान में नाम बदलने का यह दिखावा विदेशी निवेशकों और ढ्रूम्स को भी यह भरोसा दिला सकता है कि यह देश निवेश के लिए एक सुरक्षित जगह है और ढ्रूम्स के लिए यहां निवेश करना कोई गलती नहीं होगी।

# मुश्किल में फंसी मुंबई इंडियंस की परेशानियों में हुआ इजाफा, दो खिलाड़ी अचानक हुए बाहर



**● आईपीएल-2026 में खराब प्रदर्शन कर प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली मुंबई इंडियंस को सीजन के अंत में दो झटके लगे हैं। उसके दो खिलाड़ी बाहर हो गए हैं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल-2026 अच्छा नहीं रहा है। टीम ने जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन बाद में लगातार हार ने उसका अभियान पटरी पर से उतार दिया। अब जब सीजन खत्म होने को है तो उसकी परेशानियों में इजाफा हुआ है। टीम के दो खिलाड़ी चोटिल होकर बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। मुंबई को अभी अपने दो मैच और खेलने हैं। उसकी कोशिश होगी कि वह इन दोनों मैचों को जीत सीजन का अंत जीत के साथ करे। मुंबई के 12 मैचों में चार जीत और आठ हार के बाद आठ अंक हैं।

**ये दो खिलाड़ी हुए बाहर**

मुंबई को अपना अगला मैच 20 मई को ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलना है। वहीं आखिरी मैच अपने घर वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैचों में मुंबई के क्विंटन डिकॉक और राज अंगद बावा उपलब्ध नहीं होंगे। दोनों चोट के कारण बाकी बचे सीजन से बाहर हो गए हैं। मुंबई ने बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी है। बयान में बताया गया है कि डिकॉक बाईं कलाई में चोट के कारण बाहर हो गए हैं। ये चोट उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच से पहले लगी थी। राज अंगद बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में दाएं अंगूठे में चोट लग गई थी और इसी कारण वह बाकी बचे मैच नहीं खेलेंगे।

**घर पर रहेंगे दोनों**

बयान में बताया गया है कि दोनों ही खिलाड़ी अपने घरों पर रहकर फिटनेस में सुधार करेंगे और इस दौरान मुंबई इंडियंस की टीम की निगरानी में रहेंगे। मुंबई ने बयान में कहा, 'डिकॉक और बावा दोनों दोनों अपने रिहैब अपने घर पर करेंगे। इस दौरान दोनों को मंबई इंडियंस की मेडिकल टीम का सपोर्ट मिलता रहेगा ताकि वह जल्द से जल्द फिट हो सकें। '

### दिल्ली पुलिस का ऐतिहासिक रिकॉर्ड, झपटमारी के मामले में महज 14 दिनों के भीतर आरोपी को सजा

**दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले की पुलिस ने झपटमारी के एक मामले में महज 14 दिनों के भीतर आरोपित को सजा दिलाकर नया रिकॉर्ड कायम किया है। पुलिस द्वारा चार दिन में जांच कर चार्जशीट दाखिल करने के बाद न्यायालय ने ट्रायल की कार्यवाही पूरी की और ट्रायल शुरू होने के 10वें दिन आरोपित को दोषी ठहराते हुए फैसला सुनाया। फास्ट ट्रैक ट्रायल के जरिए पुलिस ने यह साबित किया है कि नए आपराधिक कानूनों के तहत अब अपराध और सजा के बीच की दूरी तेजी से कम हो रही है। बाहरी उत्तरी जिले के उपायुक्त हरेश्वर स्वामी के मुताबिक, मामला शाहबाद डेरी थाना क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता नई दिल्ली के एक होटल में अकाउंटेंट के तौर पर कार्यरत है। एक मई की रात करीब 9:45 बजे वह शाहबाद डेरी बस स्टैंड पर खड़े थे। इसी दौरान उसने पानी खरीदने के लिए अपना पर्स निकाला। तभी पीछे से आए एक युवक ने उसका पर्स झपट लिया और भागने लगा। पीड़ित ने आरोपित का पीछा किया और करीब 100 मीटर दूर सेक्टर-28 रोहिणी के पास उसे पकड़ लिया। आरोपित ने पर्स लौटाने से इनकार कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पीसीआर को सूचना दी। सूचना मिलने पर आइओ एएसआइ दीपक मौके पर पहुंचे और आरोपित को चोरी किए गए पर्स समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान शाहदाब दौलतपुर के रविंदर के रूप में हुई। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) और 317(2) के तहत एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मात्र तीन दिनों में जांच पूरी कर ली और घटना के चौथे दिन यानी छह मई को अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी। रोहिणी कोर्ट में भारती बेनीवाल की अदालत ने मामले की सुनवाई रोजाना आधार पर की। ट्रायल शुरू होने के 10वें दिन अदालत ने आरोपित को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

### युवक को जिंदा जलाने के आरोप में पत्नी-सास गिरफ्तार

**दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीरपुरी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आ रहा है। यहां एक शख्स जिसे कथित तौर पर उसकी पत्नी और सास ने जिंदा जला दिया था, उसकी मौत हो गई है। वहीं इस मामले में उत्तर-पश्चिमी जिला की पुलिस ने आरोपी मां-बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उन्हें 18 मई को शाम 4.49 से 4.50 के बीच महेंद्रपार्क पुलिस स्टेशन पर एक पीसीआर कॉल मिली। जानकारी मिलते ही एसएचओ पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और दीपांश चौधरी नामक शख्स को झुलसी हुई अवस्था में पाया। फिर तत्काल उसे बीजेआरएम अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक और उसकी पत्नी के बीच विवाद होते रहते थे। इसे लेकर सीएडब्ल्यू सेल में शिकायत भी कराई जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि हादसे वाले दिन एक बहस के बाद दीपांश ने खुदकुशी की धमकी दी थी और बाद में पत्नी के घर के बाहर खुद को आग लगा लगी। मामले में जांच चारी है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### उमर खालिद को बड़ा झटका, दिल्ली कोर्ट ने खारिज की अंतरिम जमानत याचिका

**दिल्ली।** साल 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों की साजिश रचने के आरोप में यूएपीए के तहत बीते 6 साल से अधिक समय से जेल में बंद उमर खालिद को आज दिल्ली की एक अदालत से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने उमर की अंतरिम जमानत याचिका खारिज करते हुए उसे राहत देने से इनकार कर दिया है। उमर ने अपने अंकल के चेहल्लुम के लिए और मां की सर्जरी के लिए 15 दिन की अंतरिम जमानत मांगी थी। एएसजे समीर बाजपेयी ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, उमर खालिद और अन्य आरोपियों को पहले कई मामलों में अंतरिम जमानत मिली है और उन्होंने नियमों का उल्लंघन भी नहीं किया है। लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि जब भी ये लोग जमानत मांगें हर मौके पर इन्हें बेल दी ही जाए। खालिद ने 15 दिन की बेल अपने अंकल के चेहल्लुम और मां की प्री और पोस्ट मेडिकल सर्जरी के वक्त देखभाल के लिए मांगा है, जो 2 जून को होनी है।

अदालत ने कहा, अंकल के चेहल्लुम में शामिल होना इतना जरूरी नहीं है और अगर उनका रिश्ता बहुत पास का और खास होता तो शायद उमर ने उनके मौत के वक्त ही जमानत मांगी होती न कि इतने दिन बाद। मां की सर्जरी पर अदालत ने कहा, खालिद की अन्य बहने और पिता भी हैं जो उनकी मां का ख्याल रख सकते हैं।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के 9 किमी खंड का जून में PM मोदी करेंगे उद्घाटन, डेढ़ घंटे का सफर 25 मिनट में होगा पूरा

**● केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के डीएनडी महारानी बाग से जैतपुर पुश्ता रोड तक 9 किलोमीटर बचे हिस्से का काम पूरा हो गया है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** डीएनडी महारानी बाग से जैतपुर पुश्ता रोड तक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के नौ किलोमीटर बचे हिस्से का भी काम पूरा हो गया है। अगले 20 दिनों में भार परीक्षण का भी काम कर लिया जाएगा। यह दावा मंगलवार को एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करने के बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की। उन्होंने बताया कि इसके लोकार्पण के लिए पीएमओ को प्रपोजल भेजा जाएगा। उम्मीद है कि जून के दूसरे सप्ताह में इसे जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

**एक साल में जुड़ जाएंगे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और जेवर एयरपोर्ट**

वर्ष 2015 में जब मोदी जी की सरकार आई, तब दिल्ली को जाम मुक्त करने का प्लान बनाया। ईज आफ मोबिलिटी और पॉल्यूशन फ्री करने का उद्देश्य था। इस दिशा में तेजी से काम चल रहा है। कई योजनाएं पूरी हो गई, कई परियोजनाओं पर इस वर्ष अंत तक काम शुरू हो जाएगा। कुछ के डीपीआर जल्द फाइनल होने वाले हैं। एक



साल में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे जेवर एयरपोर्ट से स्पर के जरिये जुड़ जाएगा।

**25 मिनट में पूरी होगी नोएडा से फरीदाबाद की दूरी**

निर्माणाधीन फरीदाबाद-जेवर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की लंबाई 32 किमी है। यह फरीदाबाद को सीधे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ेगा। इसका नौ किमी उत्तर प्रदेश की सीमा में है और 23 किमी हरियाणा की सीमा में है। सेक्टर-65 की तरफ से इसे आठ किमी एलिवेटेड बनाया जा रहा है, ताकि शहर का मास्टर प्लान प्रभावित न हो। यूपी की सीमा में इसे एयरपोर्ट से लेकर हरियाणा में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे तक सितंबर, 2026 और इसके आगे फरीदाबाद सेक्टर-65 तक के हिस्से का निर्माण कार्य जनवरी, 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। अभी फरीदाबाद से जेवर जाने के लिए करीब 40 किमी का सफर करना पड़ता है, इसमें करीब सवा से डेढ़ घंटा का समय लगता है। यह रास्ता यमुना नदी पर बने मोहना पुल से होकर जाता है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनने के बाद नोएडा एयरपोर्ट पहुंचने में सिर्फ 25 मिनट लगेंगे।

## बर्थडे पर रेड प्रिंसेस बनीं टीवी की नायरा, शिवांगी जोशी ने शेयर की खूबसूरत तस्वीरे

**● टेलिविजन एक्ट्रेस शिवांगी जोशी को उनके फैंस ये रिश्ता क्या कहलाता है की नायरा के नाम से जानते हैं. उनके फैंस उन्हें बहुत पसंद करते हैं और उनकी एक झलक के लिए बेकरार रहते हैं. हालही में एक्ट्रेस का बर्थडे था और उन्होंने कुछ तस्वीरे शेयर की हैं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

एक्ट्रेस शिवांगी जोशी टीवी इंडस्ट्री के सबसे जाने माने नामों में से एक हैं. एक्ट्रेस ने अपने करियर में वैसे तो कई शोज में काम किया है, लेकिन सबसे ज्यादा उनको ये रिश्ता क्या कहलाता है कि नायरा के रोल के लिए जाना जाता है। शिवांगी न सिर्फ एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, बल्कि वो एक कमाल की डांसर भी हैं. एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर कई वीडियोज भी पोस्ट करती हैं. इसी बीच, एक्ट्रेस ने अपने बर्थडे की





कुछ झलकियां फैंस के लिए शेयर कीं। शिवांगी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की. एक्ट्रेस ने धूमधाम से अपना बर्थडे मनाया. शिवांगी ने बर्थडे पर एक क्यूट सी चेरी रेड कलर की हॉल्टर नेक ड्रेस पहनी है।

उनके बालों को पीछे की तरफ एक सिंपल और क्लीन जूड़े या पोनीटेल में बांधा गया है, जिससे उनका चेहरा और ड्रेस का हाल्टर-नेक डिजाइन पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है. शिवांगी इस लुक में किसी प्रिंसेस जैसी लग रही हैं। डायमंड स्टड्स के साथ शिवांगी ने अपना ये बर्थडे गर्ल लुक पूरा करा है. साथ ही शिवांगी ने एक हैप्पी बर्थडे वाला टियारा भी पहना है. उनका मेकअप काफी नेचुरल और ग्लोइंग है. इसमें न्यूड लिपस्टिक, हल्का ब्लश और डिफाइन की हुई आइब्रो शामिल हैं। शिवांगी इंडस्ट्री की सबसे बड़ी और हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं. शिवांगी 18 मई 1998 में दहरादून में हुआ था. शिवांगी एक ट्रेंड डांसर और ताइक्वांडो में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने साल 2013 में 'खेलती है जिंदगी आंख मिचोली' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद वो 'बेगूसराय' सीरियल में पूनम ठाकुर के किरदार में नजर आई, जहां उनके काम को काफी सराहा गया था।

### दिल्ली में तीन दिन हड़ताल पर रहेंगे ऑटोवाले, टैक्सी और ट्रांसपोर्टर

**दिल्ली।** ईंधन के साथ-साथ दूध-ब्रेड जैसी जरूरत की चीजों की मूल्य वृद्धि के बीच अब दिल्ली के लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल दिल्ली के ट्रांसपोर्टरों और ऑटो चालकों ने विभिन्न मांगों के साथ किराया वृद्धि की मांग को लेकर 21 से 23 तक हड़ताल की चेतावनी दी है। ट्रांसपोर्टर जहां व्यावसायिक वाहनों से हरित शुल्क वसूलने, प्रदूषण का हवाला देकर दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध जैसे मामलों का हवाला देकर तीन दिनों तक चक्काजाम की चेतावनी दी है। वहीं, ऑटो चालक सीएनजी दाम में बढ़ोतरी के बाद किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट संगठन का यह आह्वान हैं। जिसमें कई व्यावसायिक वाहन, सवारी वाहन, ऑटो, टैक्सी समेत अन्य संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। बताया जा रहा है कि इस हड़ताल में ओला-उबर जैसे कैब बेस्ड सर्विस का भी एक धड़ा हड़ताल पर रहेगा।

## असम विश्वविद्यालय में 'भाषा शहीद दिवस' पर 11 शहीदों को श्रद्धांजलि

**● सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गूंजा परिसर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





असम विश्वविद्यालय, सिलचर में 19 मई को 'भाषा शहीद दिवस' के अवसर पर 1961 के भाषा आंदोलन के 11 शहीदों को गहरी श्रद्धा के साथ याद किया गया। इस अवसर पर पूरे दिन विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए और शहीद मीनार सहित स्मारक स्थलों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सुबह से ही परिसर का वातावरण भावुक और श्रद्धामय बना रहा। मुख्य पुष्पांजलि कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंथ, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदोष किरण नाथ, डीन अकादमिक्स प्रो. चिररंजन भट्टाचार्य, आयोजन समिति के संयोजक प्रो. देवाशीष भट्टाचार्य, डीएसडब्ल्यू प्रो. बरुणज्योति चौधरी, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप्त दास सहित विभिन्न स्कूलों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके बाद बंगला विभाग के सामने स्थित शहीद वेदी पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। विश्वविद्यालय के स्वप्ना देवी स्मृति सदन में आयोजित मुख्य परिचर्चा सभा की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंथ ने की। स्वागत भाषण में प्रो. देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा कि 19 मई का आंदोलन केवल भाषा रक्षा का नहीं, बल्कि बहुसांस्कृतिकता और बहुभाषिकता की स्थापना का भी संघर्ष था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसी आंदोलन की चेतना से बराक घाटी में केंद्रीय विश्वविद्यालय की मांग एक जनआंदोलन के रूप में विकसित हुई। सभा में शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार दास, अनटिया प्रतिनिधि बॉबी डिमासा तथा प्रो. शांति पोखरेल ने भी अपने विचार रखे। प्रो. शांति पोखरेल ने नेपाली समुदाय की पहचान से जुड़े मुद्दों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि भाषा एवं संस्कृति के लिए संघर्ष की परंपरा आज भी नई पीढ़ी को प्रेरित करती है। मुख्य वक्तव्य में समाजशास्त्री प्रो. जयदीप विश्वास ने 19 मई के भाषा आंदोलन के ऐतिहासिक संदर्भों और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस चेतना को केवल स्मरण सभाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे लोककथाओं, सांस्कृतिक अभ्यासों और सामूहिक स्मृतियों के माध्यम से जीवित रखना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इतिहास का मूल्यांकन भावनाओं के बजाय सही ऐतिहासिक संदर्भों में किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि असम विश्वविद्यालय तथाकथित 'असम आंदोलन' का परिणाम नहीं है, बल्कि बराक घाटी में दशकों तक चले शैक्षिक और जनआंदोलनों तथा संगठनों की सतत मांगों का परिणाम है।

साथ ही उन्होंने वर्तमान समय में भाषायी और धार्मिक पहचान के बीच बढ़ते तनाव और सामाजिक निष्क्रियता पर भी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. बरुणज्योति चौधरी ने किया, जबकि डॉ. जयश्री डे ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। छात्रसंघ के महासचिव ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का सांस्कृतिक भाग विशेष आकर्षण रहा, जिसमें परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों, सुरसंगम संगीत विद्यालय और नटराज नृत्य एवं संगीत विद्यालय के कलाकारों ने रवींद्र संगीत, वायलिन वादन और नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## बेटी पैदा होने से नाराज पिता ने डेढ़ माह बाद दिल्ली के रिठाला नाले में मरने के लिए फेंका

**● रोहिणी पुलिस ने एक डेढ़ महीने की बच्ची को उसके पिता के चंगुल से बचाया, जिसने बेटी के जन्म से नाराज होकर उसे रिठाला नाले में फेंक दिया था।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी पुलिस ने एक डेढ़ महीने की बच्ची को उसका दुश्मन बन चुके पिता के चंगुल से छुड़ाया है। सबको हैरान कर देने वाला यह मामला बेटी के पैदा होने के बाद मन में आई नाराजगी से उपजा है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बेटी का अपहरण कर पिता ने उस अबोध को रिठाला नाले में फेंक दिया था। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के रोहिणी इलाके में पिता द्वारा नाली में फेंक दी गई डेढ़ महीने की नवजात बालिका को पुलिस ने बचाया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि शिकायत मिलने के मात्र तीन घंटे के अंदर बच्ची का पता लगा लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी सज्जन कुमार (20 वर्ष) को बेटी के जन्म से नाराजगी थी और उसने बच्ची को मारने का फैसला कर लिया। पुलिस ने आरोपी सज्जन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 17 मई को बुद्ध विहार पुलिस स्टेशन में एक नन्ही बच्ची के अपहरण की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए मिली थी। बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि उसका पति सुबह-सुबह बच्ची को लेकर चला गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पति को बेटी के जन्म से नाराजगी थी। इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी गई। पूछताछ के दौरान सज्जन कुमार ने कबूल किया कि उसने रिठाला इलाके की नाली में बच्ची को फेंक दिया था। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही नाली और आसपास के इलाके में तलाश अभियान चलाया गया और रिपोर्ट मिलने के तीन घंटे के अंदर ही बच्ची को बरामद कर लिया गया। बच्ची को तुरंत डॉ. बीएसए अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बाद में उसे उसकी मां के हवाले कर दिया गया।

### मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर भीषण टक्कर; बारातियों से भरे ट्रक और कंटेनर का एक्सीडेंट

**पालघर-** ANCH पालघर जिले के धानीवारी इलाके में मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। साखरपुड़े के कार्यक्रम में जा रहे बारातियों से भरे आयशर ट्रक की कंटेनर से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आयशर ट्रक और कंटेनर दोनों सड़क पर पलट गए। बताया जा रहा है कि ट्रक में 100 से ज्यादा बाराती सवार थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। अब तक चार से पांच लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है, जबकि 20 से 25 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। सभी घायलों को इलाज के लिए कासा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

## न्यू अशोक नगर थाने के मालखाने में भीषण आग, 84 वाहन जलकर खाक

**● पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाने के मालखाने में भीषण आग लग गई, जिसमें करीब 84 वाहन जलकर खाक हो गए। दमकल की पांच गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** राजधानी में पारा चढ़ता जा रहा है। इस भीषण गर्मी में वाहनों में आग लगने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मंगलवार को पारा 44 डिग्री पार था। मंगलवार दोपहर को न्यू अशोक नगर थाने के आवासीय परिसर में बने मालखाने में खड़े वाहनों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरा मालखाने को आग ने अपने आगोश में ले लिया। थाने से चंद कदमों की दूरी पर ही पेट्रोलपंप बना हुआ है। आग का धुंआ काफी दूर से आसमान में नजर आ रहा था। थाने के पुलिसकर्मियों ने अग्निशामक यंत्र और परिसर में लगे ओवरहेड पानी के टैंक के पानी का इस्तेमाल किया। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में करीब 84 वाहन जलकर खाक हो गए। इसमें अधिकतर क्रेस प्रापर्टी वाहन थे। पुलिस व दमकल के आग के सही कारणों के बारे में बता नहीं सकी है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे थाने के मालखाने में आग लगी थी। पुलिस ने बताया कि मालखाने के पास ही आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारी भी अपने वाहन खड़े करते हैं। मालखाने में खड़े कुछ वाहनों से धुंआ उठते हुए पुलिसकर्मियों ने देखा। वह उस आग को



बुझा पाते इतने में वाहनों से आग की लपटे निकलने लगी। आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों ने आनन फानन अपने वाहनों को हटाने में लगे। इसके बाद भी परिसर में रहने वाले वाले कर्मचारियों की चार कार आग की चपेट में आ गई। मालखाने में करीब 80 वाहन जलकर राख हो गए। आग इतनी भीषण थी कि आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया। गनीमत रही आग पेट्रोलपंप तक नहीं पहुंची। वहां आग पहुंचने पर अधिक नुकसान हो सकता था।